दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — मेरा संकल्प शहर का स्मार्ट विकास...
4 अभिव्यक्ति — बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की बलि चढ़ते...
9 मनोरंजन/व्यापार — दीपिका संग रोमांस पर सिद्धांत को मिली...
11 खेल — मार्च में चार दिवसीय टेस्ट के प्रस्ताव...

www.navpradesh.com
रायपुर, मंगलवार 7 जनवरी, 2020, पौष शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-323 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ननकाना साहिब गुरूद्वारे पर कायराना हमला करके पाकिस्तानियों ने अपनी ताबूत में एक और कील ठोंक ली है। पापीस्तान के पापों का घड़ा भरता जा रहा है। बहुत जल्द यह फूटेगा सब्र का बांध चाहे जितना मजबूत हो एक दिन टूटता ही है। आतंकिस्तान का अंत तय है। बर्बादिस्तान तो वह पहले ही बन चुका है। बस उसका टुकड़ीस्तान बनना बाकी है। भारतीय फौज उसकी तिक्का बोटी एक करने के लिए तैयार बैठी है। पूरा देश चाहता है कि हिन्दु और सिखों पर अत्याचार करने वाले नापाकिस्तान को नेस्तनाबूद किया जाए और इस नेक काम में देर न की जाए।

राजधानी में एजाज, दुर्ग में धीरज, धमतरी में विजय देवांगन, चिरमिरी में कंचन महापौर बने

राज्य भर की शहरी सत्ता भी कांग्रेस के हवाले

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आखिरकार राजधानी रायपुर समेत 10 में से 8 निगमों में कांग्रेस का राज हो गया है। रायपुर के महापौर पद में कांग्रेस से सिंगल नाम एजाज ढेबर का था। तभी से उनका मेयर बनना तय माना जा रहा था। सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करने वाले पार्षद, फिर मुख्यमंत्री के सबसे पसंदीदा होने के साथ ही निर्दलीय पार्षदों को साधना उनके लिए तुरुप का ईक्का साबित हुआ। उन्होंने भाजपा के महापौर प्रत्याशी मृत्यूंजय दुबे को करारी शिकस्त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- **रायपुर :** एजाज ढेबर को 41 तो मृत्युंजय को 29 वोट मिले
- **दुर्ग :** धीरज बाकलीवाल 40, नरेंद्र बंजारे को मिले 20 वोट
- **चिरमिरी :** कंचन जायसवाल निर्विरोध मेयर बनीं
- **रायगढ़ :** जानकी काटजू और **धमतरी** में विजय देवांगन महापौर चुने गए

इनके सर शहरी ताज

एजाज बोले-जीत का इनको श्रेय, ये होगी प्राथमिकता

महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि जीत का श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा को जाता है। उन्होंने कहा कि रायपुर में नाली, पानी, बिजली और सड़कों में दौड़ती भागती जानवर जैसे अन्य समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता होगी। कांग्रेस से नहीं बीजेपी से क्रॉस वोटिंग हुई है, तभी 41 से विजयी हुआ। बीजेपी वाले बताएं जो कांग्रेस पर सवाल उठा रहे थे कि उनके पक्ष से अब क्रॉस वोटिंग हुई है। दरअसल सभी 7 निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस को समर्थन दे दिया था। जिसके बाद कांग्रेस के पास 41 पार्षद हो गए थे।

इन निकायों में कांग्रेस का कब्जा

सोमवार 6 जनवरी को 5 निगम के हुए चुनाव में से 3 निगम में कांग्रेस का परचम रायपुर में तीसरी बार लगातार, रायगढ़ के अलावा पहली बार धमतरी में लहराया। धमतरी नगर निगम में भाजपा के लगातार जीत का कीर्तिमान टूट गया है। दशकों बाद कांग्रेस ने धमतरी निगम पर अपना कब्जा जमाया है। वहीं दुर्ग निगम में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस के धीरज बकीलवाल महापौर चुन लिये गये हैं। धीरज को 40 वोट मिले हैं। धमतरी नगर निगम में विजय देवांगन को नया महापौर चुना गया है। वहीं अनुराग मसीह को नया सभापति चुना गया है। कांग्रेस के लिए सोमवार का दिन खास रहा है। चिरमिरी, के अलावे दुर्ग, धमतरी में भी कांग्रेस ने महापौर पद पर कब्जा जमा लिया है। वहीं रायपुर में भी कांग्रेस के एजाज ढेबर महापौर बन गए हैं। चिरमिरी में कंचन जायसवाल, दुर्ग में धीरज बकीलवाल, धमतरी में विजय देवांगन कांग्रेस के महापौर चुने गये हैं।

कांग्रेस से सभापति भी सिंगल नाम

निवर्तमान महापौर प्रमोद दुबे अब रायपुर नगर निगम के नये सभापति बन गए हैं। कांग्रेस ने प्रमोद दुबे को सभापति प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस ने तय किया था कि सभापति पद के लिए एक ही प्रत्याशी का नामांकन दाखिल होगा। इससे पहले एजाज ढेबर को पार्टी ने महापौर प्रत्याशी बनाया था। प्रमोद दुबे काफी अनुभवी हैं और संगठन के पसंदीदा चेहरे रहे हैं। प्रमोद दुबे के समन्वय बनाकर चलने की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इधर कांग्रेस जीत का जश्न मना रही थी तो उधर भाजपाई दिग्गज धरने पर बैठे

निर्वाचन आयोग पर सत्ताधारी दल के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल तथा राजेश मूणत समर्थकों संग धरने पर बैठ गए। भाजपा द्वारा सरकार पर मनमानी का आरोप भी लगाया। भारतीय जनता पार्टी का आरोप हैं कि नगरीय निकाय चुनाव में निर्वाचन आयोग सत्ताधारी दल कांग्रेस के दबाव में काम कर रहा है। बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, सहित प्रतिनिधि मंडल आयोग के दफ्तर पहुंचकर आयुक्त को

ज्ञापन सौंपा और आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी भी पार्षदों को प्रलोभन व भय दिखाकर अपने पक्ष में करने का षड्यंत्र रच है। परंतु बार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपाई दिग्गजों को इन खाटी कांग्रेसियों ने दी पटखनी

नगर निगम रायपुर में महापौर पद को लेकर काफी उठापटक देखने को मिला। बहुमत का आंकड़ा नहीं होने की वजह से दोनों ही पार्टियों को निर्दलियों की जरुरत थी, लेकिन कांग्रेसी नेता निर्दलियों को साधने में सफल हुए। पिछले कई दिनों से चल रहे बैठकों के दौर में कई कांग्रेसी नेता ने इसमें अहम भूमिका निभाई जिसमें विधायक सत्यनारायण शर्मा और गुरुचरण सिंह होरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विकास उपाध्याय ने भी कांग्रेस के लिए बेहतर फिल्डिंग की थी। बताते हैं कि निर्दलीय पार्षदों के चुनाव जीतने के साथ ही गुरुचरण सिंह होरा और सत्यनारायण शर्मा ने उन्हें छेक लिया था। पहले ही श्री होरा ने निर्दलीय पार्षदों का कांग्रेस को समर्थन दिये जाने की बात कह चुके थे।

खास खबर

सोनिया गांधी की याचिका पर 17 मार्च तक सुनवाई टली

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय यंग इंडियन मामले में 2011-12 के आयकर का फिर से आकलन कराने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर 17 मार्च को अंतिम निपटारा करेगा। न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के आगामी 28 फरवरी के परिणाम का इंतज़ार करेगा।

कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल टीएन चतुर्वेदी का निधन

बेंगलुरु, (वार्ता)। कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल टी एन चतुर्वेदी का रविवार देर रात उत्तर प्रदेश के नोएडा में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। श्री चतुर्वेदी 1984 से 1989 तक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भी रह चुके थे और 1991 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे श्री चतुर्वेदी ने सेवानिवृत्त होने के बाद कर्नाटक और केरल के राज्यपाल रहे। वह 2002 से 2007 तक कर्नाटक के राज्यपाल रहे और केरल के राज्यपाल सिकंदर बख्त की निधन के बाद फरवरी 2004 से जून 2004 तक उन्होंने केरल के राज्यपाल का भी कार्यभार संभाला था।

पेट्रोल डालकर एक ही परिवार के चार लोगों को जलाया

सागर (वार्ता)। मध्यप्रदेश के सागर जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र में आज सुबह एक विवाद के दौरान एक ही परिवार के चार सदस्यों को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। इस घटनाक्रम में एक बच्चा सहित परिवार के चार लोग झुलस गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव का ऐलान

8 फरवरी को वोटिंग और 11 को आएंगे नतीजे

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। 8 फरवरी को मतदान होगा और 11 फरवरी को नतीजे आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बताया कि चुनाव सिंगल फेज में होगा। इसके लिए 14 जनवरी को नोटिफिक्रेशन जारी होगा। नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 21 जनवरी होगी। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 24 जनवरी रखी गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी, जिसके लिए 2689 जगहों पर वोटिंग होगी। इसके लिए कुल 13757 पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि दिल्ली में करीब 1 करोड़ 47 लाख वोटर हैं। चुनावी व्यवस्था में 90 हजार कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 22 फरवरी को समाप्त होगा। नियमानुसार उससे पहले ही चुनाव संपन्न कराकर नई विधानसभा का गठन करना होगा।

पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल फोन लॉकर की सुविधा

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल फोन के लिए लॉकर की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वरिष्ठ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की है जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। अरोड़ा ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में विभिन्न कानून अनुपालन एजेंसियों के साथ व्यापक चर्चा की गई है जिसमें सुरक्षा से जुड़े आयाम भी शामिल हैं।

जेएनयू हिंसा: सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर

नयी दिल्ली (वार्ता)। राजधानी के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में हुई हिंसा को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ सोमवार को अदालत की अवमानना याचिका दायर की। याचिकाकर्ता ने कहा है कि शीर्ष अदालत ने 17 जुलाई 2018 को मॉब लिंचिंग मामले में जरूरी दिशानिर्देश जारी किये गये थे और इन घटनााओं की रोकथा के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया था, लेकिन जेएनयू में दिल्ली पुलिस ने जानबूझकर शीर्ष अदालत के आदेशों का उल्लंघन किया है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि जेएनयू परिसर में जिस तरह की घटना हुई है, उससे देखकर स्पष्ट है कि पुलिस ने जानबूझकर शीर्ष अदालत के आदेशों का पालन नहीं किया। इसलिए केंद्र सरकार, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदर्शन...

नई दिल्ली। दिल्ली में जेएनयू में हुई मारपीट के खिलाफ प्रदर्शन करते छात्र

51 कंपनियों ने हॉन्ग कॉन्ग भेजा 1,038 करोड़ रु. का कालाधन

नई दिल्ली ए.। कालेधन के खिलाफ सरकार की मुहिम को एक बड़ी सफलता मिली है। सीबीआई ने वर्ष 2014-15 में 1,038 करोड़ रुपये का कालाधन हॉन्ग कॉन्ग भेजने के आरोप में 51 इकाइयों को नामजद किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि इन 51 इकाइयों ने तीन सरकारी बैंकों- बैंक ऑफइंडिया, भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नैशनल बैंक के अज्ञात अधिकारियों की मिलीभगत से 1,038 करोड़ रुपये का बेहिसाबी कालाधन हॉन्गकॉन्ग भेजा।

अधिकतर कंपनियों के मालिक चेन्नै के: इन इकाइयों में से अधिकतर के मालिक चेन्नै निवासी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो को सूचना मिली थी कि 51 इकाइयों में से 48 के चालू खाते 1,038.34 करोड़ रुपये की राशि बाहर भेजने के लिए ही इन बैंकों की चार शाखाओं में खोले गए थे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

असम एनआरसी कोऑर्डिनेटर आपत्तिजनक पोस्ट हटाएं: सुको

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को असम सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एनआरसी के कोऑर्डिनेटर हितेश देव शर्मा अपने कुछ आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट वापस लें। मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने असम सरकार से कहा कि वह नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर के आपत्तिजनक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रंप ने दी इराक पर कठोरतम प्रतिबंध लगाने की धमकी

वाशिंगटन (वार्ता)। इराक की संसद में देश से विदेशी सेनाओं को वापस भेजने के आग्रह से संबंधित प्रस्ताव पारित किये जाने से नाराज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इराक के विरूद्ध कठोरतम प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। श्री ट्रंप ने अपने विशेष विमान एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से कहा, अगर इराक ने अमेरिकी सेनाओं को वापस जाने के लिए बाध्य किया तो हम उसके खिलाफइतने कठोर प्रतिबंध लगाएंगे जिसका उसने अब तक कभी सामना नहीं किया होगा। खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुए तनाव के मद्देनजर इराक में रविवार को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था। इस दौरान प्रस्ताव पारित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

प्रतिक्रिया — शेयर बाजार पर भारी पड़ा अमेरिका-ईरान के बीच तनाव

सेंसेक्स लुढ़का, 3 लाख करोड़ स्वाहा

मुंबई (वार्ता)। कारोबारी सत्र के पहले दिन सोमवार को अमेरिका तथा ईरान के बीच तनाव बाजार पर भारी पड़ा, जिसकी वजह से शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स 787.98 अंकों (1.90%) की गिरावट के साथ 40,676.63 पर बंद हुआ। वहीं, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 233.60 अंक (1.91%) लुढ़ककर 11,993.05 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में सेंसेक्स ने 41,378.34 का ऊपरी स्तर तथा 40,613.96 का निचला स्तर छुआ। वहीं, निफ्टी ने 12,179.10 का उच्च स्तर और 11,974.20 का निम्न स्तर छुआ।

3 घंटे में 3 लाख करोड़ स्वाहा

ट्रंप द्वारा ईरान को चेतावनी देने के बाद महज तीन घंटे में शेयर बाजार में निवेशकों के 3 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सेंसेक्स 787.98 अंकों की गिरावट के साथ 40,676.63 पर बंद हुआ

निफ्टी 233.60 अंक लुढ़ककर 11,993.05 पर बंद हुआ

तेल में उछाल

पश्चिमी एशिया में तनाव में बढ़ोतरी की वजह से घरेलू बाजार में कच्चे तेल की कीमत में 3.53 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर का स्तर पार कर गई। क्रूड ऑइल का मूल्य 2.76 फीसदी की तेजी के साथ प्रति बैरल 70.49 डॉलर पर पहुंच गया।

72 के स्तर पर पहुंचा रुपया

डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट बरकरार है और यह 72 के स्तर से भी नीचे पहुंच गया। सुबह 9.53 बजे डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे की गिरावट के साथ 72.08 के स्तर पर पहुंच गया।

परमाणु समझौते का अब पालन नहीं करेगा ईरान

तेहरान (वार्ता)। ईरान ने कहा कि जब तक उस पर प्रतिबंध हटा नहीं लिये जाते तबतक वह वर्ष 2015 के परमाणु समझौते का पालन नहीं करेगा। इराना संवाद समिति ने सरकारी बयान के हवाले से बताया कि ईरानी सरकार ने कहा कि जब तक उस पर प्रतिबंध पूरीतरह हटा नहीं लिये जाते वह 2015 के परमाणु समझौते का पालन नहीं करेगा।

हिंसा पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, पहचाने गए नकाबपोश?

प्रदर्शन कारियों के निशाने पर दिल्ली पुलिस, छात्रों ने पुलिस पर लगाया आरोप, एफआईआर दर्ज हो चुकी है

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में रविवार रात छात्रों पर नकाबपोशों के हमले के बाद घिरी दिल्ली पुलिस अब ऐक्शन में है।पुलिस ने सोमवार सुबह अज्ञात लोगों के खिलाफ दंगा भड़काने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक उसे मारपीट को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। पुलिस कुछ नकाबपोशों को पहचान लिए जाने का भी दावा कर रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात कर हिंसा पर तत्काल रिपोर्ट मांगी है। इसी बीच हमले घायल होने के बाद एम्स में भर्ती किए छात्र-छात्राओं को डिस्चार्ज कर दिया गया है। बता दें कि इस हमले में 25 से ज्यादा घायल हुए थे। बता दें कि जेएनयू में पिछले कई दिनों से फीस बढ़ोतरी का मुद्दा गर्माया हुआ है। रविवार रात कुछ नकाबपोश बदमाशों ने छात्रों और शिक्षकों को बुरी तरह पीट दिया था और कैंपस में तोड़फोड़ की थी। इस मामले में जेएनयू के वामपंथी छात्र संगठन और आरएसएस समर्थित एबीवीपी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। दोनों ही गुट खुद को पीड़ित बता रहे हैं। हालांकि किसी भी एक गुट के हत्थे, कोई ऐसा नकाबपोश नहीं चढ़ा है, जो हिंसा में शामिल रहा है। नेताओं का कहना है कि वह पिटाई के बीच भागने में शामिल थे और उन्होंने आरोपी को पकड़ने के बजाए खुद को बचाने में तेजी दिखाई।

इसलिए भड़का विवाद

जेएनयू प्रशासन ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी और 5 जनवरी को उसकी आखिरी तारीख थी। हालांकि शनिवार को प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी इंटरनेट और सर्वर के तार काट दिए, जिससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ठप हो गई। जब कुछ छात्रों ने इस काम का विरोध किया तो कथित तौर पर उनके साथ मारपीट हुई और फिर फीस बढ़ोतरी के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन एबीवीपी बनाम लेफ्ट में बदल गया। प्रदर्शन उग्र हो गया और नकाबपोश बदमाशों के आने के बाद भीड़ हिंसक हो गई। इस दौरान छात्र, टीचर सबकी पिटाई हुई।

फर्जी वॉट्सटेप ग्रुप भी कर रहे करामात

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद से ही कई वॉट्सऐप चैट्स के स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं, लेकिन वह स्क्रीनशॉट सच नहीं हैं। उनकी सत्यता पर अभी सवाल उठे हैं, क्योंकि जो भी इसे वायरल कर रहा है, वह छात्र संगठनों के नेताओं की तरफसे किए जा रहे हैं और अपने विरोधियों पर आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पहचाने गए मारपीट करने वाले नकाबपोश?

ये नकाबपोश आखिर थे कौन, पुलिस इसकी अब इसकी जांच में जुट गई है। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने सोमवार सुबह पूरे मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और उन नकाबपोशों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

डीसीपी देवेंद्र आर्य ने बताया कि पुलिस ने रात में इलाके में फ्लैग मार्च करके हालात को काबू करने की कोशिश की, वहीं वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस के पास कई शिकायतें मिली हैं, जिसकी जांच की जा रही है। सुबह तक पुलिस कैंपस में शांति स्थापित करने में जुटी हुई थी, जिसके बाद जांच की जा रही है। वहीं हिंसा की पूरी जांच जॉइंट सीपी वेस्टर्न रेंज शालिनी सिंह को सौंप दी गई है, जिससे जांच की निष्पक्षता बनी रहे। पुलिस का कहना है कि सोमवार सुबह पुलिस ने दंगे की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है, हालांकि अभी आरोपी को नहीं पकड़ा गया है। पुलिस का यह भी कहना है कि कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है, लेकिन अभी उनके बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा सकती। जेएनयू टीचर संघ ने विश्वविद्यालय में हिंसा की कड़ी निंदा की है। छात्रों के उकसावे से दूर रहने की अपील की है। संघ ने जेएनयू समुदाय से लोकतांत्रिक तरीके से असहमति दिखाने और शांति की अपील की है।

पुलिस पर लगाया देरी से पहुंचने का आरोप

छात्र पुलिस पर कैंपस में देरी से पहुंचने का आरोप लगा रहे हैं। रजिस्ट्रार की सलाह पर स्टूडेंट्स ने कई बार 100 नंबर डायल किया। पीसीआर को 90 से ज्यादा कॉल मिलीं लेकिन स्टूडेंट्स का आरोप है कि कई कॉल करने के बावजूद पुलिस देरी से पहुंची और हिंसा रोकने के बजाय चुप रही। पुलिस ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन के कहने पर हम अंदर आए। कुछ नकाबपोश देखे गए हैं, जिनकी पहचान की जाएगी। जेएनयू प्रशासन ने कहा कि रात में भी नकाबपोश कैंपस में लोगों पर हमले करते रहे।

पुलिस की छात्रों के साथ बैठक

दिल्ली पुलिस को छात्रों के साथ बात करने और सामांजस्य बैठाने निर्देश। प्रदर्शन कर रहे छात्रों से दिल्ली पुलिस ने देर रात बात की है। छात्रों ने पुलिस के सामने कई मांगें रखीं। छात्रों ने घायल लोगों के लिए तुरंत मेडिकल सहायता की मांग की है। इसके अलावा इस हमले में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने की भी की गई है।

न्यायिक जांच की मांग

बीएसपी चीफ मायावती ने जेएनयू हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए इसकी न्यायिक जांच की मांग की है। मायावती ने ट्वीट कर कहा, 'जेएनयू में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ हुई हिंसा अति-निंदनीय एवं शर्मनाक। केन्द्र सरकार को इस घटना को अति-गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही इस घटना की न्यायिक जांच हो जाए तो यह बेहतर होगा।'

माल्या के खिलाफ दिवालिया कार्रवाई रोकने से सुको का इंकार

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने भगोड़ा शराब कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ चल रही दिवालिया कार्रवाई रोकने से फिलहाल इन्कार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा कि माल्या अपनी याचिका लंबित होने का आधार बनाकर अन्य न्यायाधिकार क्षेत्रों में अपने खिलाफ शुरू की गई दिवालिया कार्रवाई पर रोक का अनुरोध नहीं कर सकते। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि माल्या ने ब्रिटेन की अदालत में दिवालिया कार्रवाई में फैसला सुनाने से रोकने के लिए अपनी लंबित याचिका का इस्तेमाल किया था जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश पारित किया। याचिका लंबित होने के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ब्रिटेन में शुरू की गई इन्सॉल्वेंसी प्रक्रिया रोक नहीं सकते। न्यायालय इस मामले में अब शुक्रवार को सुनवाई करेगा। भगोड़े आर्थिक अपराधी विजय माल्या द्वारा उसके और उसके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाली संपत्तियों को जब्त करने को चुनौती के लिए याचिका दायर की गई है।

दिल्ली चुनाव से पहले अमित शाह की हुंकार

कांग्रेस-आप ने दिल्ली को दंगे में झुलसाया : शाह

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह लगातार केजरीवाल सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। साइकल ट्रैक के शिलान्यास मौके पर आज उन्होंने फिर एक बार केजरीवाल पर झूठ बोलने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। शाह ने सीएए पर हो रहे विरोध को लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर अल्पसंख्यकों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

माइनॉरिटी को गुमराह किया कांग्रेस ने

सीएए पर हो रहे प्रदर्शनों को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर शाह ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'सीएए के नाम पर पूरे देश के माइनॉरिटी को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने गुमराह किया है। दिल्ली को दंगों की आग में झोंकने का काम किया है। दिल्ली के युवाओं को गुमराह किया है। दिल्ली की दंगा को आग में झुलसाने का काम कांग्रेस और आप पार्टी ने किया है। दिल्ली में दंगे के लिए

कांग्रेस और आप जिम्मेदार। जिन्होंने दंगा कराया है, उसको हम कानूनी मदद देंगे, घर जाएँगे, देखभाल करेंगे। राहुल बाबा आपकी हर हरकत को देश दूरबीन की नजर से देख रहा है। देश के अंदर अशांति फैलाने वाले संगठन के साथ आप अपने आपको पहचान बना रहे हो।'

केजरीवाल और आप पार्टी पर साधा निशाना

गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर भी खूब तंज चलाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी ने कहा था कि बंगला नहीं लूंगा, गाड़ी नहीं लूंगा और फिर सब ले लिया। सीसीटीवी कैमरा प्रॉजेक्ट पर उन्होंने कहा, 'दिल्ली में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का वादा किया था। कहां है सीसीटीवी कैमरा? मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर दिल्ली के लोगों की आंखों में धूल झोंका जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं करने दिया गया।'

'टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ हैं केजरीवाल-राहुल गांधी'

राम मंदिर और आर्टिकल 370 को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि किसी में हिम्मत नहीं हुई कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने की, हमारी सरकार ने कर दिखाया। शाह ने एक बार फिर राष्ट्रवाद कार्ड चलाते हुए कहा, 'दिल्ली में जिन लोगों ने भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे लगाए, राहुल बाबा और केजरीवाल उनके साथ हैं। जो भाषा पाकिस्तान बोलता है वही भाषा राहुल बाबा बोलते हैं। कांग्रेस और आप पार्टी दोनों ने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा था। इनको दिल्ली की जनता सजा देगी।

राष्ट्रपति पद के लिए शिवसेना ने शरद पवार का बढ़ाया नाम, बढ़ी हलचल

-राउत ने कहा कि 2022 राष्ट्रपति पद के लिए सभी दलों को शरद पवार के नाम पर विचार करना चाहिए

मुंबई (ए.)।महाराष्ट्र में एनसीपी-कांग्रेस-शिवसेना सरकार बनाने में अहम रोल निभाने वाले शरद पवार को बड़ी जिम्मेदारी देने की पहल शुरू हो गई है। इसकी सबसे पहले कवायद शिवसेना ने की है। शिवसेना नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि 2022 के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों को एनसीपी प्रमुख शरद पवार के नाम पर विचार करना चाहिए। राउत ने यह भी दावा किया कि 2022 तक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का फैसला करने के लिए 'हमारी तरफ' पर्याप्त संख्या होगी। उनका कहना है कि जल्द ही इस पर योजना बनाई जाएगी। गौरतलब है कि पवार ने हाल ही में महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए शिवसेना, एनसीपी और

कांग्रेस को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राउत ने कहा, 'शरद पवार देश के वरिष्ठ नेता हैं। मुझे लगता है कि 2022 में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए सभी राजनीतिक दलों को उनके नाम पर विचार करना चाहिए।'

पवार की वजह से बनी सरकार

राउत ने बताया, 'पवार साहेब देश के सबसे सीनियर नेता हैं और उनका बहुत सम्मान होगा। उनके प्रशासनिक अनुभव और राजनीतिक कुशाग्रता को देखते हुए उन्हें भारत के संवैधानिक मुखिया बनाया जाना चाहिए।' जानकारों का कहना है कि शिवसेना की सरकार बनवाने में पवार का बड़ा हाथ है। ऐसे में पवार के प्रति राउत की इतनी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

'गैर-बीजेपी राज्यों में जाएंगे'

राउत जल्द ही पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और केरल के मुख्यमंत्रियों से मिलकर पवार की उम्मीदवारी पर बात करेंगे। इसके लिए वह जल्द ही गैर-बीजेपी राज्यों का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया है कि पवार से बात करके इसकी विस्तृत योजना बनाई जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इसमें कोई रुकावट नहीं आएगी।

दिल्ली में 50 लाख चलेंगे साइकिल से, प्रदूषण होगा 20 % कम

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजधानी दिल्ली में साइकिलों के लिए अलग से मार्ग बनाने की 'दिल्ली साइकिल वॉक' परियोजना की आज आधारशिला रखी और कहा कि इस परियोजना से साइकिल चलाने का फैशन बढ़ेगा और शहर में प्रदूषण 20 फीसदी कम होगा। श्री शाह ने दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में केन्द्रीय शहरी विकास एवं गरीबी उन्मूलन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप पुरी और दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल भी उपस्थित थे। गृह मंत्री ने शिलान्यास के बाद कहा कि उन्हें विश्वास है कि योजना के अनुरूप साइकिल ट्रैक बनने के बाद दिल्ली के प्रदूषण स्तर में करीब 20 प्रतिशत की कमी आएगी। जब 50 लाख से ज्यादा यात्री साईकिल पर चलने लगेंगे तो यह फैशन बनने वाला है। दिल्ली की आम आदमी सरकार पर जनविरोधी होने का आरोप लगाते हुए श्री शाह ने कहा कि आप सरकार ने दिल्ली के गरीब और गांवों का सबसे ज्यादा नुकसान किया है।

मोदी-शाह के इशारे पर छात्रों में पैदा किया जा रहा है डर

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में रविवार रात हुई हिंसा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराया तथा आरोप लगाया कि इस तरह से सरकार प्रायोजित हिंसा कर विश्वविद्यालयों में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा,दुनिया में भारत की छवि एक उदार लोकतांत्रिक देश की है। मोदी-शाह के गुंडे विश्वविद्यालयों में

तोड़फोड़ कर रहे है और अपने उज्ज्वल भविष्य की तैयारियों में जुटे छात्रों में भय पैदा किया जा रहा है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि एम्स में भर्ती जेएनयू के घायल छात्रों ने उन्हें बताया कि डंडों तथा हथियारों से लैस गुंडों ने परिसर में घुसकर उपद्रव मचाया जिसमें कई छात्रों को गहरी चोटें आयी है। एक छात्र ने यह तक कहा कि पुलिस ने उसे कई किक मारी है।

बाद में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सुरजेवाला ने पत्रकारों से कहा कि जेएनयू में कल रात सरकार प्रायोजित हिंसा हुई जो मोदी-शाह के इशारे पर हुई है। उन्होंने कहा कि इस हमले में छात्रों को ही नहीं बल्कि अध्यापकों को भी पीटा गया जिसमें प्रोफेसर सावंत शुक्ल, प्रो सुचित्रा सेन, प्रो अतुल सूद, प्रो एस मजूमदार सहित कई लोग घायल हो गये।

कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि उन्होंने तीन घंटे तक चले हिंसा के इस मंज़र को नजदीक से देखा है। उन्होंने कहा कि हमलावर 'वामपंथियो को मारो' जैसी बातें कर रहे थे। श्री राज ने दावा किया कि उनके पास घटना का वीडियो भी है।

शादी के लिए 16 साल की किशोरी की बोली लगाने को जुटी भीड़

80 हजार तक लगाई गई मासूम की कीमत

बुलंदशहर (ए.)। 7 साल पहले आई फिल्म 'अग्निपथ' तो याद होगी। मूवी में राउफ लाला बीच चौराहे पर एक किशोरी को खड़ा कर बोली लगाता है। ठीक यही सीन यूपी में बुलंदशहर के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में दोहराया गया। 20 साल से 80 साल की उम्र तक के लोग जुटे थे। 50 हजार रुपये से 16 साल की लड़की की बोली शुरू हुई। बोली लगाने वालों का नंबर आता तो बिल्कुल अग्निपथ के उस सीन की तरह किशोरी को छूते। रोने से किशोरी की आंखें लाल हो चुकी थीं, लेकिन किसी की आंखों में न तो शर्म थी और न ही मानवता। इसी बीच एक सूचना पर पुलिस पहुंची। भगदड़ मची और कई खरीदार भाग गए। 2 महिलाओं समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। महिला सेल की सुरक्षा में किशोरी अपने परिवारवालों का इंतजार कर रही है।

बोली लगाने वालों की लाइन में बुजुर्ग भी

अहमदगढ़ थाना इंचार्ज धनेंद्र यादव ने बताया कि रांची (झारखंड) की 16 वर्षीय लड़की की मां का करीब एक साल पहले देहांत हो गया था। उसकी सौतेली मां ने रांची के गांव पिसका नगरी नारो बस्ती की रहने वाली कलावती को 50 हजार रुपये में बेच दिया। कलावती किशोरी को लेकर नौरंगाबाद गांव में पहुंची। पूरे गांव में किशोरी के बिकने की खबर फैलाई गई। भीड़ जमा हुई तो बोली लगने लगी। बोली लगाने वालों की लाइन में 20 साल से 80 साल तक के लोग थे। एक व्यक्ति ने 80 हजार रुपये की अधिकतम कीमत लगाई थी, तभी पुलिस पहुंच गई। मौके से कलावती, खुर्जा निवासी राजेश देवी, धीरेंद्र, औरंगाबाद के गांव गंगाहारी निवासी जितेंद्र, इंद्र सिंह, अहमदगढ़ के नौरंगाबाद निवासी महेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

दरोगा की तहरीर पर हुआ केस दर्ज

नौरंगाबाद के महेंद्र के घर लड़की लेकर कलावती पहुंची तो आसपास खबर भेजी गई। लड़की देखने और खरीदने वालों की कुछ ही देर में भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने लाइन लगवाई। जिसका नंबर आता वह रुपये बोलता और लड़की से बातचीत करता। पहले तो लड़की को पता नहीं था, लेकिन कुछ देर बाद ही उसे बेचे जाने की जानकारी हो गई। लोगों के छूने से वह परेशान होकर रोने लगी इसी बीच पुलिस पहुंची तो सारे खरीदार भाग गए। पुलिस को देखकर किशोरी के चेहरे पर मुस्कान आ गई। सौदेबाजी के लिए लगाए गए 12 हजार रुपये भी जब्त हुए हैं। दरोगा रामगोपाल की तहरीर पर इनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

हड़कंप | कोटा के बदहाल अस्पताल, जेके लोन अस्पताल में बढ़ी नवजातों की मौतों की संख्या

गहलोत सरकार के मंत्रियों में 'जिम्मेदारी' पर जंग

- राजस्थान के उपमुख्यमंत्री पायलट के बयान पर स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा ने किया पलटवार
- एक बेड पर तीन बच्चों का हो रहा इलाज
- बच्चों की मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शिशु रोग विभाग के हेड अमृतलाल बैरवा को हटाया

जयपुर (ए.)। राजस्थान में कोटा स्थित जेके लोन अस्पताल में तीन और नवजातों की मौत के साथ पिछले 36 घंटे तक मौतों की संख्या बढ़कर 110 पहुंच गई। नवजातों की मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शिशु रोग विभाग के हेड अमृतलाल बैरवा को हटा दिया गया है। बैरवा के स्थान पर कोटा मेडिकल कॉलेज के डॉ. जगजीत सिंह को नया विभागाध्यक्ष बनाया गया है। उधर, बच्चों की मौत के बाद राजस्थान की गहलोत सरकार दो हिस्सों में बंटी हुई नजर आ रही है। राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बयान कि अब पुरानी सरकारों को दोष देने से काम नहीं चलेगा। इस पर स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा ने पलटवार किया है।

महज दो साल पहले डेप्युटी सीएम सचिन पायलट ने अपनी राजनीतिक वर्चस्व वाली अजमेर लोकसभा सीट उस समय अपने करीबी रहे रघु शर्मा को सौंप दी थी। रघु शर्मा ने आननफानन सचिन पायलट के पैर छुए और उन्हें राजनीतिक भविष्य बचाने के लिए धन्यवाद कहा। हालांकि, अब पायलट के बयान के बाद स्थितियां एकदम विपरीत हो चुकी हैं। रघु शर्मा ने सचिन पायलट के बयान को लेकर कहा है कि पीडब्ल्यूडी की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए क्योंकि पूरे राज्य में अस्पतालों के निर्माण कार्य में सुस्ती देखने को मिल रही है। बता दें कि सचिन पायलट के पास पीडब्ल्यूडी का कार्यभार है।

हॉस्पिटल को है 300 बेड की जरूरत

कोटा के जेके लोन अस्पताल में फिलहाल एक बेड पर तीन बच्चों को देखना सामान्य बात है। पिछले 6 वर्षों में अस्पताल में एक लाख से ज्यादा बच्चों को लाया गया, यहां पर बच्चों और नवजातों के लिए 157 बेड हैं। अस्पताल के शिशु रोग विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कोटा, बरन, बूंदी और झालावाड़ में बच्चों की संख्या के अनुसार तकरीबन 300 बेड की और आवश्यकता है।

एनआईसीयू और पीआईसीयू में अभी 63 बेड

हालांकि, अस्पताल के एनआईसीयू और पीआईसीयू में 63 बेड हैं। सरकार ने नवजातों के लिए नौ बेड वाला आईसीयू बनाने की घोषणा की है। वहीं, अन्य पहलू पर गौर करें तो यह अस्पताल 40 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्र में बना हुआ है। इसमें जमीन का काफी हिस्सा खाली है, जहां पर निर्माण कार्य कराया जा सकता है।

'...तो इनकी भी जिम्मेदारी तय हो'

शर्मा ने कहा, 'स्वास्थ्य विभाग के हमारे अधिकारियों ने लगातार पीडब्ल्यूडी के अफसरों को अस्पतालों की मरम्मत के लिए पत्र लिखा। अस्पतालों के निर्माण कार्य में देरी के लिए पीडब्ल्यूडी की भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।'

न्यूज गैलरी

सीएम ने डीकेएस के संचालन व्यवस्था का फिर मांगा प्रस्ताव

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डीकेएस अस्पताल के संचालन व्यवस्था के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति से तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री को भी विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा डीकेएस अस्पताल की संचालन व्यवस्था के संबंध में अध्ययन कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा अभी तक कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नही किया गया है।

भाजपा असहमति का प्रत्येक स्वर मिटाना चाहती है: मरकाम

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि जेएनयु में छात्रों एवं शिक्षकों के ऊपर हमला यह बताता है कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस हर हाल में असहमति की प्रत्येक स्वर मिटा देना चाहती है। विश्व के इतिहास में यह प्रवृत्ति तानाशाही और ऐसे शासको को तानाशाह कहा गया है। लेकिन उस तानाशाही का अंत हुआ है।

अनुसूचित जाति और जनजाति के त्रुटि और उच्चारण विभेद का होगा निराकरण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मात्रात्मक त्रुटि वाले 22 अनुसूचित जनजाति तथा पांच अनुसूचित जाति के उच्चारण विभेद को मान्य करने के संबंध में शीघ्र संयुक्त बैठक कर इसका निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस संबंध में मुख्य सचिव को सामान्य प्रशासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के साथ यथाशीघ्र संयुक्त बैठक कर निर्णय लेने के निर्देश दिए है।

मंत्री सिंहदेव आज जांजगीर में लेंगे विभागीय बैठक

रायपुर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव 7 जनवरी को जांजगीर जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेंगे। वे 7 जनवरी को सवेरे साढ़े पांच बजे अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस से अंबिकापुर से उसलापुर पहुंचेंगे। वे सवेरे साढ़े नौ बजे सड़क मार्ग से बिलासपुर से जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा पहुंचेंगे। श्री सिंहदेव मालखरौदा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर एक बजे जांजगीर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर दो बजे जांजगीर पहुंचेंगे। श्री सिंहदेव वहां दोपहर ढाई बजे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे।

मेरा संकल्प शहर का स्मार्ट विकास : एजाज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे किसी भी कीमत पर टूटने नहीं दूंगा। रायपुर शहर स्वच्छता की रैंकिंग में निश्चित रूप से नंबर वन की पोजिशन पर आएगा और शहरवासियों को एक नया रायपुर देखने को मिलेगा।

यह कहना है कि रायपुर के नवनिर्वाचित महापौर एजाज ढेबर का। आज जैसे ही महापौर पद के लिए मतगणना पूर्ण हुआ, एजाज ढेबर को विजयी घोषित किया गया। नगर निगम के कुल 70 पार्षदों में से 41 ने एजाज ऐबर के नाम पर अपने समर्थन का मुहर लगाकर उन्हें महापौर बना दिया है। विजयी घोषित होने के तत्काल बाद चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि मुझ पर जो भरोसा जताया गया है उसे किसी भी कीमत पर टूटने नहीं दूंगा। आने वाले एक साल में शहर को और सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए वे दिन-रात काम करेंगे। उनहोंने कहा कि स्वच्छता की रैंकिंग में भी रायपुर शहर आने वाले समय में नंबर वन की पोजिशन में आएगा, इसके लिए वे विशेष प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आज 41 पार्षदों ने अपना समर्थन देकर महापौर बनाया है। लेकिन वे नगर निगम के सभी 70 पार्षदों को साथ में लेकर शहर विकास के लिए काम करेंगे और यही उनकी प्राथमिकता भी होगी। उन्होंने कहा कि रायपुर शहर को और बेहतर और व्यवस्थित बनाने के लिए वे विशेष रूप से ध्यान देंगे।

नवनिर्वाचित 70 पार्षदों ने ली शपथ

नगर निगम रायपुर के नवनिर्वाचित 70 पार्षदों ने आज निगम मुख्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। निगम मुख्यालय के सभा हॉल में आज नगर निगम के नवनिर्वाचित 70 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। पीठासीन अधिकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर डॉ. एस. भारतीदासन ने सभी पार्षदों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में 34 कांग्रेस के, 29 भाजपा के एवं 7 निर्दलीय पार्षद है। शपथ ग्रहण के बाद दोपहर 12.30 बजे से नगर निगम के महापौर, सभापति एवं अपील समिति के सदस्यों के चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

भावुक होकर किया पिता को याद

मीडिया से चर्चा के दौरान एजाज ऐबर थोड़ी देर के लिए भावुक हो गए। विजयी घोषित होने के बाद वे सीधे वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा के पास पहुंचे और उनका आशीर्वाद लेकर भावुक हो गए। श्री शर्मा ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए अपना आशीर्वाद दिया। श्री ढेबर ने कहा कि आज उन्हें अपने पिता जी की याद आ गई। सत्यनारायण शर्मा को वे अपने पितातुल्य मानते हैं, इसीलिए वे सबसे पहले उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी पार्षदों को साथ में लेकर शहर विकास के लिए काम करने की होगी।

युवा महोत्सवः बस्तर के दो सौ से ज्यादा युवा दिखाएंगे अपनी प्रतिभा का जौहर

रायपुर। राजधानी रायपुर में पिछले महीने आयोजित नेशनल ट्राईबल डांस फेस्टिवल में अपना जौहर दिखाने के बाद बस्तर के युवा अब एक बार फिर राज्य युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। राज्य युवा महोत्सव राजधानी में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित है। युवा महोत्सव में इस बार बस्तर के कलाकारों को केवल नृत्य ही नहीं बल्कि एकल कला और खेल प्रतिभा को भी राज्य स्तर पर दिखाने का अवसर मिलेगा। इस महोत्सव में बस्तर जिले के लगभग दो सौ युवा भाग ले रहे हैं।

राज्य युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए युवाओं और कलाकारों का चयन 21 नवम्बर को जगदलपुर के कुम्हरावण्ड में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में किया जा चुका है। दरअसल रायपुर में 27 से 29 दिसम्बर तक आयोजित नेशनल ट्राईबल डांस फेस्टिवल में बस्तर के कलाकारों को मान और सम्मान के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच से किलेपाल के गौर मांडिया नृत्य में पहला स्थान मिलाए इससे से भी बस्तर के युवा ज्यादा उत्साहित हैं। युवा महोत्सव में लोक नृत्य श्रेणी में जिले के दरभा के 15 से 40 और 40 से अधिक आयु वर्ग में दो दलों के 84 कलाकार भाग लेंगे। बस्तर का सुआ नृत्यए बास्तानार का बस्तहरिया नाचाए बकावण्ड का नाटक दल और बस्तर का लोकगीत की प्रस्तुति राजधानी में होगी। इसके साथ एकल प्रस्तुतियों में जगदलपुर की निधि रावल का कत्थकए प्रभा दुबे का हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायनए दरभा के कोया का बांसुरी वादनए जगदलपुर के विजय पटेल का तबला वादनए दरभा के देवेन्द्र सिंह का हारमोनियम वादनए बस्तर के प्रियांशु का गिटार वादनए लोहण्डीगुड़ा के याकुब बघेल का भरतनाट्यमए जगदलपुर के स्तर बघेल का पारम्परिक वेशभूषाए बस्तर की आंचल वर्मा की चित्रकला की प्रस्तुति होगी। निबंध में करण बघेलए वाद.विवाद में करण सिंह और मनप्रीत सिंह संधु तथा क्विज प्रतियोगिता में जगदलपुर के बेनू बघेल और सावन नेताम भाग लेंगे। इसके साथ ही खेल श्रेणी में लोहाण्डीगुड़ा और तोकापाल की कब्बड़ी और खो.खो की टीम राज्य युवा महोत्सव में भाग लेंगे।

उपभोक्ता हित में बेहतर वर्ष होगा 2020 : शैलेन्द्र शुक्ला

पॉवर कंपनी के ''प्लानर 2020'' का विमोचन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी द्वारा वर्ष 2020 के 'एनवल प्लानर' का प्रकाशन किया गया। नवप्रकाशित प्लानर का विमोचन कम्पनी अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के 56 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 विद्युत विकास की दृष्टि से अभूतपूर्व रहा है। नववर्ष 2020 में उपभोक्ता हित में और बेहतर सेवा देने पॉवर कंपनी प्रबंधन संकल्पित है। प्लानर विमोचन हेतु महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एचके पाण्डेय ने प्रस्तुत किया।

नव प्लानर विमोचन समारोह में प्रबंध निदेषक (वितरण) मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, प्रबंध निदेशक (जनरेशन) राजेश वर्मा, डायरेक्टर जी.सी.मुखर्जी, आदर्शिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला ने भी अपनी मंगलकामनाओं की अभिव्यक्ति दी।

आफिसर्स क्लब डंगनिया परिसर में आयोजित समरोह में एमडी अब्दुल हक सहित कम्पनी के अधिकारियों कार्यपालक निदेषक एमएस चैहान, डॉ. केएस छाबड़ एवं परिवारजनों ने गीत-संगीत एवं हाऊजी की रोचक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समय की पाबन्दी को बढ़ावा देने वाले प्रतिभागी श्रीमती वीणा ओक, श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य एवं शषांक ढाबरे को चेयरमेन श्री शुक्ला ने पुरस्कृत किया।

कांग्रेस के जीतने पर मूणत के पेट में क्यों दर्द : शैलेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजेश मूणत के बयान पर तीखा पलटवार करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री निवास में जाकर नवनिर्वाचित महापौर बड़ी संख्या में राज्य की नवनिर्वाचित महापौर और सभापति यदि राज्य सरकार के मुखिया से मिल रहे है, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष से मिल रहे है, कांग्रेस को नगरीय निकाय चुनावों में अच्छा सफलता मिल रही है तो इससे मूणत जी के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद मुख्यमंत्री निवास में तीजा, पोला, हरेली, गोवर्धन पूजा जैसे पुनीत काम हो रहे है, प्रजातंत्र में जीते हुये जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन हो रहा है। कम से कम मुख्यमंत्री निवास का दुरूपयोग पहले की तरह अंतागढ़ जैसे कांड में प्रजातंत्र की हत्या के लिये तो नहीं हो रहा है, जीरम जैसी घटनाओं के लिये तो नहीं हो रहा है, सीडी कांड की सीडी बनवाने और अश्लील सीडी बटवाने के लिये नहीं हो रहा है।

निष्ठा का उद्देश्य कक्षा पहली से आठवीं तक के शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों के बीच दक्षता का निर्माण करना: ऋषिकेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक ऋषिकेश सेनापति ने निष्ठा एवं शिक्षक दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि निष्ठा का उद्देश्य प्रारंभिक स्तर पर कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों के बीच दक्षता का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत देश में 42 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। निष्ठा संभवतः शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी पहल है।

श्री ऋषिकेश सेनापति ने प्रतिभागियों से कहा कि बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य है। वर्तमान में किताबी ज्ञान लेकर अच्छे अंक प्राप्त होने पर हम खुश हो जाते हैं। आवश्यकता इस बात कि है कि समाज में दूसरों से कैसे बात करें और जिंदगी में कैसे सफलता हासिल करें। यही क्षमता विकसित करने के लिए निष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए देशव्यापी निष्ठा एवं शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यक्रम का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण चार जनवरी से 10 जनवरी तक रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण नई दिल्ली के विशेषज्ञों के दो नेशनल रिसोर्स ग्रुफ द्वारा आठ प्रशिक्षण कक्षों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में राज्य के लगभग 600 मुख्य स्त्रोत व्यक्ति एवं राज्य स्त्रोत व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री गौरव द्विवेदी, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद श्री पी. दयानंद के मार्ग-निर्देशन में प्रशिक्षण में विद्यालय में स्वास्थ्य शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, गणित शिक्षण, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विद्यालयी शिक्षा में नई पहल, विद्यालय आधारित आंकलन, कला समेकित शिक्षा, व्यक्ति एवं सामाजिक गुणों का विकास सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

विचार -राज्यपाल 'उच्च शिक्षा में नई पहल' विषय पर आयोजित सम्मेलन में हुई शामिल

उच्च शिक्षा में नई पहल आज की जरूरत : उइके

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके सोमवार को श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में 'उच्च शिक्षा में नई पहल' विषय पर आयोजित सम्मेलन में शामिल हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उच्च शिक्षा में नई पहल आज की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए समय के अनुरूप उच्च शिक्षा में परिवर्तन की सदैव जरूरत रहती है। छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही नैक में अच्छी ग्रेडिंग के लिए कार्य योजना बनाने और विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों को भरने के लिए कहा गया है। राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं सभी विश्वविद्यालय में निरीक्षण के लिए जाएंगी और यह देखेंगी कि वहां किस प्रकार की कमियां है, उसे पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस सेमिनार से निकले निष्कर्ष प्रदेश ही नहीं पूरे देश में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने में उपयोगी सिद्ध होंगे।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा– विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए समय के अनुरूप उच्च शिक्षा में परिवर्तन की जरूरत

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण कार्य उच्च शिक्षण संस्थाओं का प्रमुख मौलिक कार्य है। यह पाया जाता है कि अधिकांश विश्वविद्यालय में परम्परागत पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। प्रयास करें कि पाठ्यक्रम वर्तमान समय के अनुसार हो, उसमें रचनात्मकता हो। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को निरंतर अपडेट किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में होने वाले शोध को सामयिक बनाने पर भी जोर दिया। सुश्री उइके ने विश्वविद्यालयों को रोजगारोन्मुख होने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। विश्वविद्यालय परिसर में सिंगल प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध और फिट इंडिया, जल संरक्षण जैसे अभियान चलाएं। यह प्रयास करें कि विश्वविद्यालय सिर्फ शिक्षण कार्यों तक सीमित न रहकर समाज उन्मुखी बनें। सुश्री उइके ने यह भी कहा कि गुरू और शिष्य का संबंध महान होता है। शिष्य कभी भी कितने बड़े पद पर पहुंच जाए, तो भी गुरू हमेशा पुज्यनीय और सर्वोपरि होता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष धीरेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय-महाविद्यालयों को बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए। यह हमेशा प्रयास करें कि बच्चों को ऐसी शिक्षा दें, जो उनको बौद्धिक विकास, भावनात्मक विकास के साथ उनके आध्यात्मिक विकास पर भी केन्द्रित हो। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी जैसे समस्त मनीषियों ने विद्यार्थियों के अन्तर्निहित विकास पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा का निरंतर विस्तार हो रहा है। हमें यह कोशिश करना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में सकल नामांकन अनुपात में बढ़ोत्तरी हो।

सूर्य की गति परिवर्तन से संक्रांति की तिथि में परिवर्तनः डीपी शास्त्री

अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में जातकों के कल्याण के लिए अनेक विषयों पर हुई चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के ननिहाल में मां कौशल्या की धरा है छत्तीसगढ़। सूर्य सिद्धांत के उपर पृथ्वी, सूर्य एवं नौ ग्रहों की गति से ज्योतिष गणना के जरिए जातकों का भविष्य बताया जाता है। लगातार कुछ वर्षो से मकर संक्रांति 14 जनवरी के बजाए 15 जनवरी को मनाई जा रही है, इसका मूल कारण सूर्य की गति में परिवर्तन है। वर्तमान समय में लोगों की ज्योतिष भ्रांति दूर करने के लिए ज्योतिष की सही जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। उक्ताशय के विचार नक्षत्र ज्योतिष संस्थान द्वारा निरंजन धर्मशाला में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में दिल्ली से आए आचार्य डीपी शास्त्री ज्योतिषाचार्य ज्योतिष विभूषण एवं मेडिकल एस्ट्रोलाजिस्ट ने व्यक्त किए। सम्मेलन में देश-विदेश के ज्योतिषी आए हुए हैं। संचालक एवं आयोजक डॉ. अजय भांभी, डॉ. चन्द्रमणि उपाध्याय एवं अन्य ज्योतिषियों ने राष्ट्रनीति व्यापार से लाभ विद्या के लिए ग्रहों से मार्गदर्शन उपस्थितजनों को दिया। जानकारी देते हुए शास्त्री ने बताया कि ज्योतिषियों द्वारा सम्मेलन में नारद संहिता, भृगु संहिता, पराशर शास्त्र के लिखित मंत्रों से जीवन में उन्नति, लाभ का मार्ग, राष्ट्र का कल्याण के मार्ग प्रशस्त होने पर विशेष चर्चा की गई। शास्त्री ने बताया कि ज्योतिष में नक्षत्र एवं लग्न का विशेष योगदान है। सर्व ज्योतिषियों को सही काल की गणना करके जातक का भविष्य बताना चाहिए। समाज के अच्छे कार्य करने चाहिए। सूर्य सिद्धांत से राशि की गणना करना चाहिए। सर्व ज्योतिषी सर्वसम्मत प्रणाली से गणना करें। भविष्य में ज्योतिषियों की एक राय हो और पंचांग का नवनिर्माणकर्ता एक साथ हों। वृत त्यौहार के जरिए धर्म का मार्ग प्रशस्त हो। सनातन धर्म में अच्छी बातों को ग्रहण कर भ्रांति से लोगों को बचाने पर भी सम्मेलन विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ज्योतिष साफ्टवेयर का निर्माण करने वाले लोग शास्त्र सम्मत विचार करके वेदों द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का पालन करें। आम लोगों के मनमें ज्योतिष को लेकर जो भ्रांति है उसे दूर करने पर भी सम्मेलन में विचार किया गया। सम्मेलन में ज्योतिषियों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र के नव निर्माण में धर्म के अनुकुल कार्य करने का संकल्प लिये हैं। ऋषियों की बनाई परंपरा का सबको पालन करना चाहिए। सामाजिक स्तर पर शोषण करने वाले लोगों का कड़ा विरोध किया जाए। शास्त्री ने कहा कि भारत भूमि देवताओं और ऋषियों की भूमि है।

संपादकीय

पाक फिर हुआ बेनकाब

सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल ननकाना साहिब गुरूद्वारे में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हमला किया। पत्थर बरसाए, और वहां रह रहे सिखों को धमकी दी कि वे पाकिस्तान छोड़कर चले जाएं। इन कट्टरपंथियों ने ननकाना साहिब का नाम बदल कर गुलाम अली मुस्तफा करने का एलान भी किया। इास घटना के दुसरे ही दिन पाकिस्तान के पेशावर में अज्ञात लोगों ने एक सिख युवक रविंदर सिंह की हत्या भी कर दी। इन घटनाओं से एक बार फिर पाक का चेहरा बेनकाब हो गया है जो भारत पर तो यह आरोप लगाता है कि भारत में अल्पसंख्यों पर अत्याचार हो रहा है। जबकि हकीकत यह है कि भारत में अल्पसंख्यक जिनते सुरक्षित उतने दुनिया के किसी भी देश में सुरक्षित नहीं है। ननकाना साहिब पर हुए हमले के बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने अभी तक इस हमले की निंदा नहीं की है। इसी से स्पष्ट है कि ननकाना साहिब में हमला एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है और इसमें न सिर्फ कट्टपंथी शामिल है बल्कि पाकिस्तानी सेना और वहां के हुक्मरानों की शह भी कट्टरपंथियों को हासिल है। भारत ने इस घटना की कड़े शब्दों की निंदा की है और सिख समुदाय ने भी इस घटना के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया है। भारत ने हमलावारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है और पाकिस्तान में रहने वाले हिन्दुओं और सिखों को सुरक्षा देने की भी आवाज बुलंद की है किन्तु पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आएगा। वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं और सिखों पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। यह कोई आज की बात नहीं है जब से भारत और पाकिस्तान अलग हुए है तभी से पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर तरह तरह के जुल्म ढाए जा रहे है। जिसकी वजह से वे पाकिस्तान छोड़ने पर मजबूर हो गए है। वर्तमान में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की संख्या घट कर मात्र एक प्रतिशत रह गई है।

विचार

नफरत का हमला

पाकिस्तान में बीते शुक्रवार को सिखों के पवित्र तीर्थ ननकाना साहिब की घेरेबंदी और पथराव की घटना ने न केवल पाकिस्तान और भारत बल्कि पूरी दुनिया के सिखों का ध्यान खींचा। पथराव के पीछे एक सिख लड़की के कथित अपहरण और जबरन धर्मांतरण के बाद शादी का मामला है, जिसमें एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद संबंधित परिवार ने ननकाना साहिब पर धरना दिया। भीड़ द्वारा पथराव की घटना वहां इसी दौरान हुई। इस प्रकरण ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को एक बार फिर रेखांकित किया है। पाकिस्तान सरकार अन्य देशों, खासकर भारत में अल्पसंख्यकों की असुरक्षा को लेकर जितनी चिंता आजकल दिखा रही है, उसे ध्यान में रखते हुए यह घटना और महत्वपूर्ण हो जाती है। पाक प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को ही उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समाज के लोगों की स्थिति पर चिंता जताते हुए एक विडियो ट्वीट किया, जो बांग्लादेश का था। बहरहाल, ननकाना साहिब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का एक छोटा सा शहर है जिसकी आबादी करीब 80,000 है। जिला मुख्यालय भी यह 2005 में बना है। संख्या और आर्थिक व सामाजिक हैसियत के लिहाज से सिख पाकिस्तान में हाशिये पर हैं। जाहिर है, सिखों के इस धर्मस्थान की यहां के ज्यादातर स्थानीय निवासियों की नजर में कोई खास अहमियत नहीं है। ऐसे में पिछले साल पाकिस्तान सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर के जरिए भारतीय सिख श्रद्धालुओं को वहां आने की इजाजत देकर अचानक इस शहर का दर्जा काफी ऊंचा कर दिया। इसके पीछे इमरान सरकार की सोच चाहे जो भी रही हो, इलाके के आम लोग इस बात को पॉजिटिव ढंग से लें, यह सुनिश्चित करने की कोई ठोस कोशिश वहां शायद ही हो पाई है। पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरपंथ की मजबूत स्थिति को देखते हुए यह संभावना कम है कि किसी भी क्षेत्र की ज्यादातर आबादी किसी अल्पसंख्यक समुदाय की सामाजिक स्थिति में अचानक आई बेहतरी को सहजता से ले सकेगी। ननकाना साहिब जैसे दूर-दराज इलाके का तो कहना ही क्या। ऐसे में बहुसंख्यक प्रतिक्रिया का इलाज क्या है, सिवाय इसके कि वहां लोगों को अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णु बनाया जाए, उन्हें धार्मिक कट्टरता के जाल से मुक्त करने का प्रयास किया जाए।

टेक ज्ञान

सैमसंग लाया खास सेरो टीवी

नई दिल्ली। पिछले कुछ सालों में स्मार्ट टीवी में काफी बदलाव हुए हैं। इन टीवी के बढ़ते क्रेज को देखते हुए कंपनियां भी आए दिन नए फीचर, डिजाइन और लुक वाले टीवी पेश कर रही हैं। इसी कड़ी में दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने एक खास टीवी पेश किया है। यह दिखने में किसी भी आम टीवी से बिल्कुल अलग और यूनीक है। स्ढ़ह्म्श ञ्जङ्क नाम से लॉन्च हुए इस टीवी को नॉर्मल टीवी सेट्स की तरह केवल हॉरिजॉन्टल ही नहीं बल्कि वर्टिकल डिजाइन में भी देखा जा सकता है। 43 इंच का यह टीवी 4द्म रेजॉलूशन के साथ आता है।

अभिव्यक्ति

बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की बलि चढ़ते नौनिहाल

डॉ. संजय शुक्ला

> स्वास्थ्य सेवा के केन्द्र में डॉक्टर ही होता है परंतु भारत में विशेषज्ञ डॉक्टरों की 50 फीसदी कमी है, ग्रामीण भारत में यह न्यूनता 82 फीसदी है। मानक के अनुसार प्रति 10 हजार की आबादी पर एक शिशुरोग विशेषज्ञ जरूरी है इस लिहाज से देश में 2 लाख से ज्यादा शिशुरोग विशेषज्ञ उपलब्ध होना चाहिए लेकिन यह ऑकड़ा महज 25 हजार का है इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में नवजात आई.सी.यू. में बिस्तर तथा वेंटीलेटर का अभाव, जरूरी दवाओं की कमी के चलते बच्चों एवं नवजातों की मौतें हो रही है। गौरतलब है कि आधारभूत जरूरतों की कमी के कारण सरकार जितना पैसा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी खर्च कर रही है इस लिहाज से इसका अपेक्षित परिणाम आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं लेकिन भारत में यह भविष्य लचर स्वास्थ्य सेवाओं की बलि चढ़ने लगा है। हालिया मामला राजस्थान और गुजरात का है जहां बीते दिसंबर से अब तक सरकारी अस्पतालों में भर्ती सैंकड़ों बच्चों तथा नवजातों की मौत हो चुकी है। ऑकड़ों के मुताबिक राजस्थान के कोटा स्थित जे.के. लोन सरकारी अस्पताल में 110, जोधपुर में 146, बीकानेर में 162, बाडमेर में 200 तथा गुजरात के राजकोट में 111 व अहमदाबाद में 85 बच्चों एवं नवजातों की मौतें हुयी है। बहरहाल देश में बच्चों के मौत का ऑकड़ा नया नहीं है इसके पहले पिछले वर्ष बिहार के मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार यानि एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (ए.ई.एस.) से 133 बच्चों की मौत हुयी थी। वहीं पिछले साल ही उत्तरप्रदेश के गोरखपुर के बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज में जापानी बुखार यानि इंसेफेलाइटिस से पीड़ित 30 मासूम बच्चों की मौत कथित तौर पर ऑक्सीजन की सप्लाई न होने के कारण हुई थी, इस दौरान लगभग 67 मासूम बच्चों की मौत इस बीमारी से हुई थी। विडंबना यह है कि इन मौतों के बाद देश के सियासी दलों के पास राजनीतिक घमासान का एक मुद्दा मिल जाता है लेकिन इस घमासान से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि सरकारी अस्पतालों की बद्इंतजामी और समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण देश में लाखों बच्चों की मौत हर साल हो रही है। बच्चों और नवजातों की होने वाले मौतों के पीछे एक प्रमुख कारण महंगी उपचार व्यवस्था तथा दवाईयां, जनजागरूकता का अभाव, अप्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा उपचार, अंधविश्वास एवं सफाई में न्यूनता भी है। एक शोध के मुताबिक हमारे देश में सालाना 14 लाख बच्चों एवं नवजातों की मौत हो जाती है, इन मौतों का प्रमुख कारण निमोनिया, कुपोषण, डायरिया एवं प्रसवजन्य संक्रमण है। ऑकड़ों के मुताबिक देश में बच्चों एवं नवजातों की होने वाली कुल मौतों में से 25 फीसदी मौत निमोनिया और डायरिया से होती है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2.6 लाख से अधिक 5 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों की मौत डायरिया और निमोनिया जैसे रोगों से हो रही है। मेडिकल जनरल लांसेट के ''लांसेट इन्फेक्सियस डिजिजेज'' के अनुसार भारत में हर साल 1 लाख बच्चों की मौत डायरिया से होती है तथा दुनिया भर में निमोनिया से होने वाली मौतों में करीब 70 फीसदी मौत भारत में होती है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में मरने वाला हर छठवॉं बच्चा भारत का है जहां औसतन दो मिनट में तीन नवजातों की मौत होती है। इस रिपोर्ट के अनुसार निमोयिा के कारण बच्चों की मौत के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पहले पायदान पर नाईजीरिया है वहीं कुपोषण के कारण भारत में औसतन हर साल सात लाख से ज्यादा बच्चों की मौतें देश में होती है। भारत में आमतौर पर राजस्थान, बिहार, उत्तरप्रदेश, गुजरात एवं मध्यप्रदेश में बच्चों की सबसे ज्यादा मौतें होती है।

> ग्रामीण आबादी का 50 फीसदी हिस्सा उपचार हासिल करने के लिए 100 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करता है। शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति ज्यादा बदतर है। तेज और अनियोजित शहरीकरण के कारण झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली शहरी निर्धन आबादी सरकारी अस्पतालों की जगह निजी अस्पतालों पर ही निर्भर है। झुग्गी-झोपड़ियॉं संक्रामक बीमारियों का सबसे बड़ा अड्डा बने हुए हैं इस लिहाज से यह जरूरी है कि देश के सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की सेहत में सुधार के लिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाया जावे क्योंकि इसकी पहॅुच देश के ग्रामीण आबादी तक है। बहरहाल सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा शोध को प्रोत्साहित किये जाने पर ही देश के मासूमों की जान बचायी जा सकेगी और तभी भारत आयुष्मान हो सकेगा।

बहरहाल यह पहला मौका नहीं है जब देश की सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली की तस्वीर देश के सामने आयी है। अहम प्रश्न यह कि अधोसंरचना और संसाधनों में अरबों रूपये खर्च करने के बावजूद देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की हालात अभी तक दयनीय क्यों बनी हुई है? सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों तथा अन्य संसाधनों की कमी लगातार बनी हुयी है। स्वास्थ्य सेवा के केन्द्र में डॉक्टर ही होता है परंतु भारत में विशेषज्ञ डॉक्टरों की 50 फीसदी कमी है, ग्रामीण भारत में यह न्यूनता 82 फीसदी है। मानक के अनुसार प्रति 10 हजार की आबादी पर एक शिशुरोग विशेषज्ञ जरूरी है इस लिहाज से देश में 2 लाख से ज्यादा शिशुरोग विशेषज्ञ उपलब्ध होना चाहिए लेकिन यह ऑकड़ा महज 25 हजार का है इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में नवजात आई.सी.यू. में बिस्तर तथा वेंटीलेटर का अभाव, जरूरी दवाओं की कमी के चलते बच्चों एवं नवजातों की मौतें हो रही है।

गौरतलब है कि आधारभूत जरूरतों की कमी के कारण सरकार जितना पैसा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी खर्च कर रही है इस लिहाज से इसका अपेक्षित परिणाम आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बीते अठ्ठारह बरस में केन्द्र सरकार का स्वास्थ्य बजट 2,472 करोड़ से बढ़कर 52 हजार 8 सौ करोड़ पहुॅंच गया इसके अलावा राज्य सरकारों के द्वारा मुहैया कराया जाने वाला भारी-भरकम राशि अलग है परंतु सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जस की तस बनी हुई है। विचारणीय है कि आजादी के सात दशक के दौरान देश व प्रदेश की सरकारों द्वारा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की दिशा में अनेक योजनाएं और कार्यक्रम लागू किया गया है इसके बावजूद नतीजा सिफर है। दरअसल स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में विभागीय भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय लापरवाही व उदासीनता भी अहम कारण है। दूसरी ओर सरकारी अस्पताल में मरीजों को सामान्य रोगों के उपचार के लिए डॉक्टर, जरूरी दवाईयॉं तथा अन्य जांच की सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं, इन अस्पतालों के लिए खरीदे गए करोड़ों के मशीन व उपकरण धूल खाते पड़े हैं परिणामस्वरूप मरीजों को जरूरी जांच निजी लैबों से कराना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों का मानना है कि भारत को स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितना खर्च करना चाहिए उस अनुपात में सरकार इस क्षेत्र को रकम मुहैया कराने में नाकाम रही है। लेकिन इस राय का उलट यह भी है कि सरकार जितना पैसा अभी खर्च कर रही है उसका भी कोई अपेक्षित परिणाम आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। विचारणीय है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला वाला हमारा देश स्वास्थ्य के कई मानकों में हमसे गरीब देशों के पीछे खड़ा है। नवजात शिशु दर व टी.बी. रोकथाम में हमारा देश सोमालिया, आफगानिस्तान, पाकिस्तान और कांगो से पीछे है। कुपोषण, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर सहित अनेक संक्रामक व कुपोषण जनित रोगों के स्वास्थ्य सूचकांकों में भारत सोमालिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका जैसे देशों से काफी पीछे है। बहरहाल देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता में विषमता का मुद्दा काफी गंभीर है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का 70 फीसदी बुनियादी ढ़ांचा देश के शीर्ष 20 शहरों में लगा है।

फ़ैज को हथियार मत बनाइए

योगेश मिश्र

> भारत दुनिया का सबसे पुराना और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इसलिए यह अप्रासंगिक है। तभी तो इस नज़्म को गाने वाले फ़ैज़ की अहमियत कम कर रहे हैं। उनके खिलाफचलाई जा रही साजिश का हिस्सा बन रहे हैं। फ़ैज़ के साथ जावेद अख्तर का आना लोगों को अखर रहा है। जावेद संसद के ऊपरी सदन के सदस्य रहे हैं। सियासत से उनका करीबी और गहरा रिश्ता है। तभी तो उनके वीडियो को कांग्रेस नेता शशि थारूर शेयर करने से नहीं चूकते हैं। इस समय देश में जो सरकार है उसकी विचारधारा के ठीक विपरीत उनकी शायरी और उनकी ज़िन्दगी है।

फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ की एक नज़्म- 'हम देखेंगे...।' यह इन दिनों बेहद चर्चा में है। इस नज़्म ने फ़ैज़ को न केवल एक बार फिर कब्र से निकल कर लोगों से बात करने का मौका दिया है, बल्कि फ़ैज़ को एक नई कसौटी पर लाकर खड़ा कर दिया है। एक बार फिर फ़ैज़ इस नज़्म के मार्फत खराद पर हैं। कहा जा रहा है उनकी नज़्म हिन्दू हितों पर कुठाराघात करती हैं? उनकी नज़्म का इस्तेमाल सरकार विरोधी आंदोलन के लिए किया जा रहा है? फ़ैज़ की जिस नज़्म को लेकर हंगामा बरपा है। उसकी तहकीकात कानपुर आईआईटी कर रही है। यह फ़ैज़ के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके साहित्य का मूल्यांकन टेक्नोलॉजी की दुनिया के लोग कर रहे हैं। साहित्य का दिल से रिश्ता है। जबकि टेक्नोलॉजी का दिमाग से।यह दुखद पहलू है कि फ़ैज़ की इस नज़्म को सरकार के खिलाफ इस्तेमाल करने वाले फ़ैज़ के यश में इज़ाफ़ा करने की जगह उन पर और उनके समूचे साहित्य पर सवाल की तरह तनते जा रहे हैं।

हकीकत यह है कि फ़ैज़ को लेकर जो भी भ्रम और संशय इन दिनों उठे हैं, उठाए जा रहे हैं, उसकी वजह उनके समर्थन में खड़े लोग ही हैं। उनका साहित्य, उनकी नज़्म, उनकी गज़लें नहीं। फ़ैज़ को उर्दू और हिन्दी दोनों ज़ुबान के लोगों से बहुत मोहब्बत मिली है। उनके कहे में जितना इंकलाब है, उतनी ही रूमानियत भी है। यही वजह है कि फ़ैज़ की कलम लिखती है- '' और भी दुख हैं ज़माने में मोहब्बत के सिवा। राहतें और भी हैं वस्ल की राहत के सिवा...। वो बात सारे फ़साने में जिसका ज़िक्र न था। वो बात उनको बहुत नागवार गुज़री है...। गुलों में रंग भरे बादे-नौबहार चले। चले भी आओ कि गुलशन का कारोबार चले...। ये दाग़ दाग़ उजाला, ये शबगज़ीदा सहर। वो इन्तज़ार था जिस का, ये वो सहर तो नहीं...। मुझ से पहली सी मोहब्बत मेरे महबूब न माँग।'' ये लाइनें भी फ़ैज़ की ही हैं। फ़ैज़ की पत्नी एलिज जार्ज एक अंग्रेज समाजवादी महिला थीं। दोनों ने लंबे इश्क के बाद शादी की थी। दौर-ए-इश्क फ़ैज़ ने जो उन्हें ख़त लिखे और एलिस ने जो उन ख़तों का जवाब दिया है। उसे रेडियो ऑर्टिस्ट सलीमा रज़ा और दानिश इकबाल ने बहुत ही रोचक ढंग से पेश करके खूब शोहरत बटोरी है। फ़ैज़ की रूमानियत में भी इंक़लाबी तेवर हैं। उनकी रचनाओं में उदासी , दर्द और कराह के साथ साथ उम्मीद की एक अदम्य आस भी छिपी है। वे एक नर्म मिज़ाज और नाज़ुक ख़ूयाल के व्यक्ति थे। किसी ने भी उन्हें ऊँची आवाज़ में बात करते या बहस करते नहीं सुना था। उर्दू साहित्य में फ़ैज़ को हम ग़ालिब और इक़बाल के स्तर पर रख कर देख सकते हैं। साहिर, कैफी और फ़िराक़ के समकालीन शायरों में फ़ैज़ का नाम शुमार होता है। फ़ैज़ सुर्ख कम्युनिस्ट और रूमानी, क्रांतिकारी शायर थे। उन्होंने मानव प्रेम पर कई ग़ज़लें और नज़्म लिखें हैं। 'फ़ैज़' को एक विद्रोही शायर के रंग में देखा जाता है जिनकी लेखनी में सामाजिक सरोकार और मजबूरियों का लेखा-जोखा है। वे एक ऐसे रचनाकार हैं जिन्होंने कलम ही नहीं बंदूक भी पकड़ी। वह 1942 से 47 तक ब्रिटिश भारतीय सेना में कर्नल के पद तक पहुंचे। उनके पिता उन्हें इस्लाम का विद्वान बनाना चाहते थे। पर फ़ैज़ को यह पसंद नहीं था। फ़ैज़ उस तबके के थे जो भारत की आज़ादी का यह स्वरुप नहीं चाहते थे। वह नहीं चाहते थे कि देश आज़ाद हो और बँट भी जाए। वह धर्म आधारित राज्य की अवधारणा के खिलाफ थे। यहां यह इक़बाल से अलग थे। हालांकि फैज़ की सोच ब्रिटिश साम्राज्यवाद का पतन थी। लियाकत अली खां की सरकार के तख्ता पलट की साज़िश रचने के जुर्म में 1951-55 तक वह कैद में रहे। हम देखेंगे नज़्म उन्होंने 1979 में तब लिखी थी जब पाकिस्तान में तानाशाह जनरल जियाउल हक़ का शासन था। उस काल में पाकिस्तान में महिलाओं के लिए साड़ी पहनना गैर इस्लामिक था, लेकिन गज़ल गायिका इकबाल बानो ने सफेद साड़ी पहनकर इस नज़्म को गा अमर कर दिया। नेपाल में राजशाही के खिलाफ लोकतंत्र की लड़ाई में यह नज़्म गाई गई थी। आज जो लोग इस नज़्म को गा रहे हैं उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में आरूढ़ सरकार बकायदा लोकतंत्र से चुनी हुई है।

> *गुलजार कहते हैं, ''फ़ैज़ प्रगतिशील लेखन के फांउडर थे। उस कद के आदमी को धार्मिक मामलों से जोड़ना मुनासिब नहीं हैं। जियाउल हक़ के जमाने में लिखी नज़्म को अब बिना संदर्भ के पेश कर रहे हैं। जो भी तब लिखा गया था। उसे उस संदर्भ में देखने की जरूरत है।'' तवलीन सिंह ने इस नज़्म के संदर्भ में ज़िक्र किया है कि फ़ैज़ की बेटी सलीमा हाशमी ने इस नज़्म की रिकार्डिंग उन्हें दी थी। जिसे भाजपा नेता जसवंत सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी ने सुनी और पसंद की। यही नहीं, अटल बिहारी वाजपेयी के साथ फ़ैज़ की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। 13 फरवरी 1911 को सियालकोट में जनमें फ़ैज़ बटवारे के बाद भले ही पाकिस्तान में रह गये हों। लेकिन कई मौकों पर वह भारत आते रहे हैं।*

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिनकी राजनीति

जिनकी राजनीति खुद मजबूरियों का सहारा लेकर चलती है, वे मजबूर लोगों के लिये क्या कर पाएंगे .. कभी अकेले में सोचना कि तुमने चुनाव में क्या किया। यदि ग्लानि हो तो चिंता करना और यदि ग्लानि न हो तो बहुत चिंता करना..

\- **निश्चय वाजपेई**

स्त्री शीश के दो पाटों से

स्त्री .... शीश के दो पाटों के बीच से निकलती हुई लाल नैनों में पहुंचते ही पारदर्शी फिर आँचल में सफ़ेद होकर भुजाओं और उंगलियों में उतरकर गहरी नीली अंत में.... बची हुई देह में फिर रक्तवर्णा होती हुई गहरी नदी है। स्त्री गंगा है क्या ? या देह नामक स्थल शायद कुम्भ है, हर मायने का। - **कल्पना पाण्डेय**

खास पाती | आँसुओं ने आँखों से कहा बस

आँसुओं ने आँखों से कहा बस.... और नहीं भिगोना इन्हें किसी की बेरुखी के कारण समंदर नहीं बनाना इन्हें...... यूँ तो होता है इश्क़ में अक्सर किसी की आँखों में खुशी तो कहीं आँखों में पानी है फिर भी रहना है मुस्कान के साथ यही तो जिन्दगी की रवानी है कहती है ÷अर्चना÷ यूँ आँखों से कीमती मोती न लुटा गर जीतना है जग तो....... छोड़ सब रस्मे वफा और............ खूब हँस खूब खिलखिला.... सुन........ खूब हँस खूब खिलखिला पर अपनी.. आँखों को समंदर न बना.....!!!!!!

\- **अर्चना खण्डेलवाल**

रंगे-खूं अब बदल गया शायद हिन्दू-मुस्लिम

रंगे-खूं अब बदल गया शायद हिन्दू-मुस्लिम में ढल गया शायद। राख सी उड़ रही फ़ज़ाओं में प्यार का वर्क जल गया शायद। ये उदासी ये सूना-सूना मन दर्द सीने में पल गया शायद। उसको अबतक तो लौट आना था मय का जादू सा चल गया शायद। आज वश में नही है दिल मेरा ये किसी पर मचल गया शायद। रोते-रोते वो हो गया चुप सा मौत से दिल बहल गया शायद। दिन पुराने वो याद करता÷दिनेश÷ वक्त अच्छा निकल गया शायद।

\- **दिनेश भोपाली**

वो पूछते हैं मुहब्बत क्यूँ लिखा करती हूँ

वो पूछते हैं मुहब्बत क्यूँ लिखा करती हूँ मैं सोचती हूँ इबादत क्यूँ किया करती हूँ तमाम रात ख़यालों में गुज़र होती हैं मैं नींद को भी ख़यालों में दिखा करती हूँ फ़क़त तेरे ही तसव्वुर में नहीं हूँ मसरूफ़कभी कभार मैं खुद से भी मिला करती हूँ।

\- ममता लड़ीवाल

जज्बात लिखने का वक्त क्या

जज्बात लिखने का वक्त क्या होता है सुबह हो या रात हर वक्त ही होता है कुछ बात है जो केवल तुझमे ही होता है जनवरी की मीठी सर्द जनवरी में होता है जिंदगी को थोड़ा आराम भी देना होता है ये बच्चे के समान मासूम जिद्दी भी होता है हथेली की रेखाओं में किस्मत कब लिखा होता है अपने ही हाथों से लिखा जिंदगी का मुकद्दर होता है।

-प्रीति श्रीवास्तव

ईरान अमीरिका लड़ाई में सबसे दिक्कत

ईरान अमीरिका लड़ाई में सबसे दिक्कत पाकिस्तान को है अब पाकिस्तान सोच में है ईरान का साथ दे या अमेरिका का अगर ईरान का साथ देता है तो अमेरिका ब्लैक लिस्ट में डाल देता है और अमेरिका का साथ देता है तेल के लिए तरस जाएगा करो या मरो की स्थित। - **ओम प्रकाश जायसवाल**

जीवन बहुत छोटा है, उसे जियो

जीवन बहुत छोटा है, उसे जियो. प्रेम दुर्लभ है, उसे पकड़ कर रखो. क्रोध बहुत खराब है, उसे दबा कर रखो. भय बहुत भयानक है, उसका सामना करो. स्मृतियां बहुत सुखद हैं, उन्हें संजो कर रखो. अगर आपके पास मन की शांति है तो....समझ लेना आपसे अधिक भाग्यशाली कोई नहीं है.!! - **पितांबर श्रीवास्तव**

इशूक ए बाजार के आसार कुछ ऐसे

इशूक ए बाजार के आसार कुछ ऐसे हैं, दर्द के सौदागर ही दवाओं की दुकान सजाए बैठे हैं। जुल्मों की इन्तहा तो तब हुई ÷कुमुद÷जब देखा कि आज़दार्ह ही दुआओं की व्यापार करने बैठे हैं।

\- **कुमुद रंजन झा**

लघु कथा- सच्चा प्यार

अरे यार ये बुढऊ भी 65 साल में सठिया गया है ये देख पेन ड्राइव के जमाने मे ङ्कष्टक्रमांग रहा है अब कहां से लाऊं अभी के अभी कहता हुआ म्यूजिक स्टोर का मालिक झल्ला उठा .जा रे महेश देख जरा पुराने कबाड़ में पड़ा है धूल झाड़ कर ले आ पता नही साला कोई पुरानी अंग्रेजी फिल्म देखेगा महेश -सर .VCR मिल गया और चालू भी है कहता हुआ ले आया पैंसठ वर्षिय रमाकांत जी की आंखों में चमक आ गई सर जी ..महेश को बोलो ना मेरे घर आ कर सेट कर दे जा रे महेश लगा आ म्यूजिक स्टोर का मालिक रमाकांत जी के जुडे हाथ देखकर बोला जोकि विनती करते खडे थे. घर का मंजर गमगीन था बिस्तर पर एक औरत जिसके सारे बाल झड़ चुके थे कीमो थेरेपी से काया जीर्ण हो चुकी थी रमाकांत जी की पत्नी मरणासन्न अवस्था में. महेश बोला, लाओ सेठ जी कौन सी कैसेट चलाऊं रमाकांतजी बोले -ये मेरी पत्नी है सरिता है . डाक्टर ने कहा अब घर ले जाओ अब अस्पताल मे कम से कम तीन चार घंटे और ज्यादा से ज्यादा तीन दिन का वक्त बचा है अब आखरी वक्त अपने आप को लाल चुनरी में देखना चाहती है कहते हुये चश्मा उतार कर आँख मसलते हुये एक पुरानी विडीयो कैसेट आगे कर दी जिस पर लिखा था – सरिता वेड्स रमाकांत. बुजुर्ग दपंति एकदूसरे की आँखों मे देखकर जहां अपनी खुशियों को याद कर रहे थे वही महेश की आँखें इस उम्र मे भी सच्चे प्यार को देखकर गीली हो रही थी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1714- इंग्लैंड के हेनरी मिल ने टाइपराइटर का इजाद किया। 1761- पानीपत की तीसरी लड़ाई में अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली ने मराठों को हराया। 1782- पहला अमेरिकी वाणिज्यिक बैंक (बैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिका) खुला। 1789-अमेरिकी जनता ने जॉर्ज वाशिंगटन को देश का पहला राष्ट्रपति चुने जाने के लिए मतदान किया। 1793-स्वीडन में ईबेल दंगा शुरू। 1890-विलियम बी. परविस को फाउंटेन पेन के आविष्कार का पेटेंट मिला। 1927-पहली ट्रांस-एटलांटिक व्यावसायिक टेलीफोन सेवा न्यूयॉर्क से लंदन के बीच शुरू हुई। 1929-मदर टेरेसा ने कलकत्ता (अब कोलकाता) पुहंचकर गरीब और रोगग्रस्त लोगों के बीच काम शुरु किया।

नगर निगम के महापौर बने धीरज व राजेश बने सभापति

20 साल बाद दुर्ग निगम में कांग्रेस का कब्जा

नेताओं की कुशल रणनीति से जीता चुनाव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के महापौर और सभापति चुनाव को लेकर एक हफ्ते से जबर्दस्त उठापटक चल रही थी। कांग्रेस में बगावत के सुर गूंजने लगे थे। दिल्ली तक लाबिंग की गई लेकिन अंतिम दो दिनों में कांग्रेस ने न सिर्फ जबर्दस्त रणनीति बनाते हुए संभावित नुकसान से बचने की सभी तैयारियां कर ली। कल रायपुर में केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, महासचिव गिरीश देवांगन, दुर्ग नगर निगम के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक धनेंद्र साहू सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने लाबिंग करने वाले नेताओं को समझाईश दी। कांग्रेस हाईकमान समेत मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी को ही विजयी बनाने की अपील की। आज सुबह 10 बजे सभी कांग्रेस पार्षद रायपुर से दुर्ग लौटे। कुशाभाऊ ठाकरे भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें कांग्रेस ने जबर्दस्त जीत दर्ज की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कांग्रेस विधायक अरूण वोरा, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे, एआईसीसी मेंबर शानू वोरा, सीजू एंथोनी, बृजमोहन सिंह, अलताफ अहमद, राधेश्याम शर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेता डटे रहे। नतीजे घोषित होने के बाद जश्न का माहौल शुरू हो गया। दुर्ग नगर निगम के महापौर चुनाव में कांग्रेस के धीरज बाकलीवाल ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा के महापौर प्रत्याशी नरेंद्र बंजारे को 20 वोट से हरा दिया। नगर निगम में 60 में से 30 कांग्रेस पार्षदों के अलावा 1 निर्दलीय पार्षद ने पहले से ही समर्थन की घोषणा कर दी थी। कांग्रेस ने जबर्दस्त लाबिंग करते हुए 9 निर्दलीय पार्षदों का समर्थन जुटा लिया। नरेंद्र बंजारे को सिर्फ 20 वोट ही मिले। सभापति चुनाव में सिर्फ एक निर्दलीय पार्षद समेत कांग्रेस पार्षदों के वोट से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश यादव को 31 मत मिले। उनके खिलाफ भाजपा पार्षद अजय वर्मा और निर्दलीय पार्षद मीना सिंह ने नामांकन दाखिल किया था। अजय वर्मा ने नामांकन वापस ले लिया। भाजपा और निर्दलीय पार्षदों की एकजुटता से उन्हें 29 वोट मिले। इस तरह राजेश यादव ने 2 वोट से जीत हासिल की।

निगम के नौवे महापौर बने बाकलीवाल

एक जून 1975 को जन्मे शहर की प्रतिष्ठित फर्म घीसूलाल मदनलाल बाकलीवाल के परिवार के जितेन्द्र व निर्मला बाकलीवाल के पुत्र धीरज बाकलीवाल की प्राथमिक शिक्षा विश्वदीप स्कूल में हुई। इसके बाद कल्याण महाविद्यालय में उन्होने उच्च शिक्षा हासिल की। पूर्व सांसद मोहन लाल बाकलीवाल की प्रेरणा एवं राज्यसभा सदस्य मोतीलाल वोरा के आर्शीवाद से जनसेवा की भावना के साथ उन्होने राजनीति में प्रवेश किया और दुर्ग विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हुए सक्रिय सदस्यता हासिल की और 1995 में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष बने। 1999 तक कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद श्री बाकलीवाल वर्तमान में कांग्रेस संगठन में जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। श्री बाकलीवाल विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के साथ भी जुड़े हुए है। स्वाभाव से सरल सहज मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री बाकलीवाल राइस मिल व्यवसाय से जुडे हुए है। उन्होने विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं दुर्ग राइस मिल एसोसिएशन छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडिस्ट्रीज सहित विभिन्न पदो पर रहते हुए अपनी कार्यकुशलता को सिद्ध किया है। शहर में उनकी लोकप्रियता का पैमाना भी काफी बड़ा है। इसी कारण उन्होने भाजपा के सबसे मजबूत वार्ड ब्राम्हण पारा में जीत हासिल कर वहां कांग्रेस का परचम लहराया है। उनकी योग्यता व कार्य क्षमता का मूल्यांकन करने के बाद ही कांग्रेस ने श्री बाकलीवाल को प्रत्याशी बनाया और उन्होने शानदार जीत हासिल की। श्री बाकलीवाल नगर निगम के नौवे महापौर बने है।

नपा में कॉग्रेस का कब्जा, राजेश्वर बने अध्यक्ष

कुम्हारी (नवप्रदेश)। नगर पालिका परिषद में कॉग्रेस के राजेश्वर सोनकर अध्यक्ष एवं के रविकुमार को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। प्रातः 11.45 बजे प्राथमिक शाला प्रांगण बाजार चैक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सर्वप्रथम धमधा एसडीएम बीबी पंचभोई ने सभी निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ प्रत्येक 5- 5 पार्षदों को दिलाई गई। इसके पश्चात शाम 3 बजे अध्यक्ष पद हेतु नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें अध्यक्ष पद हेतु कॉग्रेस की तरफ से राजेश्वर सोनकर एवं उपाध्यक्ष पद हेतु के. रवि कुमार ने नामांकन भरा वहीं भाजपा की तरफ से लोकेश साहू अध्यक्ष एवं ओकार मारकंडे ने उपाध्यक्ष के लिए अपना नाम आगे किया। वोटिंग पश्चात कॉग्रेस के राजेश्वर सोनकर को 18 वोट मिले वही भाजपा के लोकेश साहू 6 पर ही सिमट कर रह गए उसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए कॉग्रेस के उम्मीदवार के. रवि कुमार को जहां 17 वोट मिले वही भाजपा के ओंकर मारकंडे को सिर्फ 7 वोट ही मिल पाए। इस तरह कॉग्रेस ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद पर अपना कब्जा बनाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जीत बताया साथ ही जिन्होने पूरे चुनाव में मार्गदर्शन एव ंजी तोड मेहनत के लिए प्रेरित किया और जो दिनरात एक कर इस सफ्लता के प्रेरक बने ऐसे वरिष्ठो में मनीष बंछोर, राजेन्द्र साहू एवं जोगी साहू सहित समस्त कॉग्रेस के कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया। अपील समिति के लिए कॉग्रेस के ही प्रमोद चन्द्राकर एवं लता खैरवार को चुना गया।

न्यूज गैलरी

भागवत 14 तक

भिलाई 3। उत्तर वसुंधरा नगर भिलाई तीन में 6 से 14 जनवरी तक सप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रवर्चन कर्ता पं. राजेश कुमार तिवारी राधाकृष्ण सेवा संस्थान लोधी खपरी साजा द्वारा संगीतमय ज्ञान कथा संपन्न होगी। 6 जनवरी को जलशा पोथी स्थापना, कलश यात्रा, गोकरण कथा, 7 को शुकदेव जी का जन्मदिन, वाराह अवतार, 8 को कपिलो उपख्यान, जड़ भरत, 9 को अजामिल, नरसिंह अवतार, 10 को गजेन्द्र मोक्ष, कृष्ण जन्म, 11 को नंद उत्सव, श्री रुखमणी विवाह, 12 को सुदामा चरित्रए राजसुय यज्ञ, 13 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, उपसंहार, शोभायात्रा एवं 14 को गीता, हवन, कपिला तर्पण स्नान, पूर्णाहुति, भण्डारा रहेगा।

जीपीएस सिस्टम से लैस होंगे निगम के वाहन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य, विद्युत कार्य, मरम्मत कार्य, जल कार्य इत्यादि के लिए वाहनों का उपयोग किया जाता है। अब निगम के इन सभी वाहनों में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी कि अभिनव बहुत से जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है जिससे यह पता चलेगा कि कौन सा वाहन कहां पर है, किस ओर जा रहा है, कितनी देर से वाहन किस स्थान पर खड़ी है। मोबाइल के माध्यम से इन वाहनों पर नजर रखी जा सकेगी। लगभग 20 वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा चुका है। निगम के 100 से अधिक वाहनों में भी इस सिस्टम को लगाया जाना है जिसका कार्य नैन लक्ष्मी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है 2 से 3 दिनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य पूर्ण किए जाने की संभावना है।

पालतू जानवर फैलाएंगे गंदगी तो मालिक को देना पड़ेगा जुर्माना

निगम प्रशासन अब शहर में गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने लगा है, निगम की टीम प्रतिदिन निगम क्षेत्र का दौरा कर रहवासी क्षेत्र, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों पर कार्यवाही कर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हर संभव प्रयासरत है। निगम प्रशासन गली मोहल्लों व सार्वजनिक स्थलों पर कुत्ते व अन्य पालतू जानवरों द्वारा मल त्याग कराने पर जानवर मालिकों पर जुर्माना लगा रही है। इसी के तहत उड़नदस्ता की टीम ने जोन 02 वैशालीनगर निगम कार्यालय के समीप एक व्यक्ति द्वारा अपने कुत्ते को मल त्याग करवाने पर मालिक से जुर्माना लिया।

प्रश्नोत्तरी का वार्डों में प्रचार, फीडबैक पर अंक है निर्धारित

निगम के विभिन्न जोन क्षेत्रों के वार्डों में कचरा परिवहन एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए वाहन लगाए गए हैं। सफाई कार्य के लिए लगाए एप्पे मे स्वच्छता के प्रचार-प्रसार के लिए साउंड सिस्टम लगाया है। जिसके माध्यम से वार्डों में गली मोहल्लों में एवं अन्य स्थलों पर जहां से भी सफाई वाहन गुजरते हुए स्वच्छता का प्रचार करती है। इसके अतिरिक्त रिक्शा के माध्यम से भी स्वच्छता का प्रचार निगम के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। फीडबैक लेने के लिए महिला स्व सहायता समूह के सीओ को भी नियुक्त किया गया है।

विद्युत दुर्घटना से बचाव को लेकर सेफ्टी परेड

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के तहत रिसाली जोन के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु आज दिनांक 06 जनवरी 2020 को सेफ्टी परेड का आयोजन किया गया। जिसमें विद्युत वितरण कंपनी दुर्ग क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता विकास कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एसआर बांधे एवं कार्यपालन अभियंता आरके चन्द्राकर के द्वारा तकनीकी एवं ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के विशय में जानकारी दी गयी।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मै (पुराना नाम) खामकर अनिता विश्वनाथ (KHAMKAR ANITA VISHWANATH) पिता विश्वनाथ गंगाराम खामकर (VISHWANATH GANGARAM KHAMKAR) अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम अनिता राजेश पवार (ANITA RAJESH PAWAR) पति राजेश बालासाहेब पवार (RAJESH BALASAHEB PAWAR) निवासी 63/13 नेहरू नगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन- 490020. रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अनिता राजेश पवार (ANITA RAJESH PAWAR) पति राजेश बालासाहेब पवार (RAJESH BALASAHEB PAWAR) से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथकर्ता
अनिता राजेश पवार
(ANITA RAJESH PAWAR)
नोटरी

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./7/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना उर्फ कुमारी पति गंगाराम निवासी ग्राम उरला तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुगदा प.ह.न 59 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 264/1, 344/3, 364/3 रकबा 0.134, 0.296, 0.209 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकके द्वारा मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

व्यक्तिगत उपस्थिति समन

रा.प्र.क्र./118/ब-121/वर्ष 2018-19

प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक, शाखा-कोहका, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ------------ वादी

विरुद्ध--

1. श्री धीरज कुमार उमरे आ0 श्री प्रहलाद राव उमरे
2. श्रीमती शिप्रा उमरे पति श्री धीरज कुमार उमरे

दोनों का पता म.नं.-01, वार्ड नं.-11, पुराना शिव मंदिर कालोनी, शांति नगर, सुपेला तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ------------------------ अनावेदक

[illegible]

आज दिनांक 31/12/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./77/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारद निषाद पिता बुधारु निषाद निवासी ग्राम भाठागांव तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम भाठागांव प.ह.न 10 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 123/2 रकबा 0.08 हे. भूमि कुल खसरा कुल रकबा हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/आवेदिका के द्वारा ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 31.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./78/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवप्रसाद देशलहरे पिता चंदूलाल निवासी ग्राम अमलीडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अमलीडीह प.ह.न 10 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 692 रकबा 0.47 हे. भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.47 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/आवेदिका के द्वारा ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 31.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./10/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगतूराम पिता खोरबाहरा निवासी ग्राम अमलीडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अमलीडीह प.ह.न 10 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 4 रकबा 1.15 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 31.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./135/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एम रंजनी पिल्ले वगै. पति स्व. मनी पिल्ले निवासी ग्राम मरोदा सेक्टर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 48/43 रकबा 0.013 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती तिजिया बाई पति स्व. बोधन लाल यादव निवासी ग्राम सिरसाखुर्द तह. व जिला दुर्ग द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 के वाद क्रं. 55/2015 में पारित तिथि दिनांक 25.07.2019 के अनुसार ग्राम परसदा स्थित पैतृक संपत्ति की भूमि ख.न. 43, 220, 293, 641, 661 रकबा 1.47, 0.38, 0.60, 0.17 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसे माननीय न्यायालय के द्वारा आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य आवेदकगण के पक्ष में कुल भूमि खसरा कुल 05 रकबा कुल 2.81 हे. भूमि को 1/9 भाग में विभाजन किए जाने का आदेश पारित की गई है। उक्त आदेश के परिपालन में खाता विभाजन किया जाना है। जिस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 22.01.2020 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात इस पर कोई विचार नहीं जावेगा।

अतः आज दिनांक 31.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं शील मोहर से जारी किया गया।

मुहर — न्यायालय तहसीलदार, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रुखमणी सिंह पति आर.बी. सिंह निवासी ग्राम नेहरु नगर ईस्ट तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम दादर प.ह.न. 62 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 125/1, 1272 रकबा 0.1200, 0.1100 हे. लगान 0.06 की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर उपरोक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी किए दाने पर दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 20.01.2020 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मंजूला कर पति श्री रंजीत कुमार कर साकिन राउरकेला के द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 822/5 रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती आरती त्रिपाठी पति श्री दिलीप कुमार त्रिपाठी सा. ब्लाक 64 खारुन से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.11.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 17.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवदयाल मैथिल पिता भूषणलाल मैथिल निवासी बघेरा मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 26/1, 26/2, 69/3, 122/3, 122/5, 179/3, 261/1, 261/2, 261/3, 261/4, 261/8, 261/9 व 335/1 रकबा 0.231, 0.231, 0.656, 0.810, 0.615, 0.060, 0.101, 0.174, 0.097, 0.065, 0.037 हे. भूमि को बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.01.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda — क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

वाहन की बिक्री हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं द्वारा कब्जा किये गये वाहनों का "जो है जहां है जैसा है" के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

क्र.	शाखा का नाम/फोन	उधारकर्ताओं का नाम	वाहन का विवरण	खरीदी का वर्ष	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी 10 प्रतिशत
01	तेलीबांधा शाखा 9109994002	श्री राहुल सिंह चौहान	टाटा सफारी स्टोर्म ई एक्स रजि.नं. सीजी 04 एल एक्स 1010	2017	रू. 8.66 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 6.60 लाख	रू. 0.66
02	सुन्दर नगर शाखा पूर्ववर्ती देना बैंक 9109993992	श्री लक्ष्मी नारायण निषाद	थ्री व्हीलर पैसेंजर रजि.नं. सीजी 04 एल जेड 0932	2017	रू. 0.72 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.40 लाख	रू. 0.04
03	सुन्दर नगर शाखा पूर्ववर्ती देना बैंक 9109993992	श्री नरेंद्र महानंद	थ्री व्हीलर पैसेंजर रजि.नं. सीजी 04 एल जेड 0306	2017	रू. 0.79 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.40 लाख	रू. 0.04
04	सुन्दर नगर शाखा पूर्ववर्ती देना बैंक 9109993992	श्रीमती विजेता सोनवानी	थ्री व्हीलर पैसेंजर रजि.नं. सीजी 04 एल जेड 0310	2017	रू. 0.77 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.40 लाख	रू. 0.04
05	सुन्दर नगर शाखा पूर्ववर्ती देना बैंक 9109993992	श्री अमित कुमार भण्डारी	थ्री व्हीलर पैसेंजर रजि.नं. सीजी 04 एम बी 0355	2018	रू. 0.77 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.50 लाख	रू. 0.05
06	सुन्दर नगर शाखा पूर्ववर्ती देना बैंक 9109993992	श्रीमती मंगला रखाडे	थ्री व्हीलर पैसेंजर रजि.नं. सीजी 04 एम ई 4340	2018	रू. 0.93 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.50 लाख	रू. 0.05
07	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री महेश साहू	पियाग्गियो पोर्टर 600 बीएस III रजि.नं. सी जी 04 एल जी 2488	2016	रू. 1.91 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.60 लाख	रू. 0.06
08	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री सलीम खान	पियाग्गियो पोर्टर 600 बीएस III रजि.नं. सी जी 04 एल जी 3086	2016	रू. 3.15 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.60 लाख	रू. 0.06
09	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री वेद राम नागर्ची	थ्री व्हीलर पिकअप ऑटो एप रजि.नं. सी जी 04 एल एच 3639	2016	रू. 2.03 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.50 लाख	रू. 0.05
10	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री संतोष नागर्ची	थ्री व्हीलर गुड्स व्हीकल एप रजि.नं. सी जी 04 एल जी 3462	2016	रू. 1.86 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.50 लाख	रू. 0.05
11	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री सियाराम जगत	पियाग्गियो पोर्टर 600 बीएस III रजि.नं. सी जी 04 एच एक्स 6520	2015	रू. 1.92 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.50 लाख	रू. 0.05
12	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री दिग्विजय नारायण सिंह ठाकुर	पियाग्गियो पोर्टर 600 बीएस III रजि.नं. सी जी 04 एच जेड 9885	2015	रू. 1.05 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.50 लाख	रू. 0.05
13	दुर्गा कॉलेज शाखा, रायपुर 9826514672	श्री राजेश साहू	पियाग्गियो पोर्टर 600 बीएस III रजि.नं. सी जी 04 एच जेड 9423	2015	रू. 1.24 लाख + ब्याज + अन्य प्रभार	रू. 0.60 लाख	रू. 0.06

धरोहर राशि को बैंकर्स चेक / डीडी के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा की संबंधित शाखा के पक्ष में निविदा फॉर्म के साथ बंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30.01.2020 दोपहर 12.00 बजे तक है। इच्छुक व्यक्ति निविदा के नियम शर्तों एवं वाहन निरीक्षण संबंधी जानकारी हेतु हमारी संबंधित शाखा में उक्त दिनांक तक सम्पर्क कर सकते हैं। निविदा खोलने की तिथि 30.01.2020 दोपहर 03.00 बजे तक व स्थान संबंधित शाखा है। निविदा प्राप्तकर्ता को धरोहर राशि समेत बिक्री राशि का 25 प्रतिशत उसी दिन एवं 75 प्रतिशत अगले 15 दिनों के अंदर जमा कराना होगा। सफल निविदाकर्ता, टेंडर / ई-ऑक्शन के शर्तों के अधीन, यदि निर्धारित अवधि तक शेष राशि जमा करने में चूक करता है, तथा एकमात्र निविदाकर्ता द्वारा नीलामी मे भाग नही लिया जाता है तो ऐसी स्थिति में धरोहर राशि या 25 प्रतिशत (जैसा भी प्रकरण हो) जब्त कर ली जाएगी एवं वाहन को पुनः बिक्री की जायेगी।

दिनांक: 06.01.2020, रायपुर, छत्तीसगढ़ — शाखा प्रबंधक / प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

न्यूज गैलरी

सीएम बघेल कल राजिम में

गरियाबंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 07 जनवरी मंगलवार को राजिम आएंगे। श्री बघेल राजिम में आयोजित भक्तमाता राजिम जंयती महोत्सव एवं वृहद स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगे। प्रोटोकाल से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 2:20 बजे जिला मुंगेली के ग्राम मोतिमपुर (सरगांव) से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे राजिम पहुंचेगे। वे यहां भक्तमाता राजिम जंयती महोत्सव एवं वृहद स्वास्थ्य शिविर शामिल होने के पश्चात 4 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

पार्रीखुर्द में 17 से भागवत कथा

राजनांदगांव। डोंगरगांव समीपस्थ ग्राम पार्रीखुर्द में भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 17 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित किया गया है। इस भागवत कथा की कथावाचक उज्जैन नलखेड़ा की संत साध्वी वर्षा नागर होंगी। श्रीमद् भागवत कथा के पावन अवसर पर 17 जनवरी को शोभायात्रा निकाली जायेगी. जिसके बाद अगले दिवस 18 जनवरी को कपिलोपाख्यान, ध्रुव चरित्र, 19 जनवरी को जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 20 जनवरी को बालीवामन प्रसंग, श्रीराम चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 21 जनवरी को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, 22 जनवरी को रुखमणी विवाह, उद्धव चरित्र, 23 जनवरी को सुदामा चरित्र, सुखदेव विदाई, परीक्षित मोक्ष पश्चात विश्राम होगा। उक्त जानकारी बुद्धेश्वर साहू ने अधिक से अधिक संख्या में धर्मलाभ लेने अनुरोध किया है।

पंचायत निर्वाचन के लिये नियुक्त प्रेक्षक गरियाबंद पहुंचे

गरियाबंद। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 अंतर्गत जिले में पंचायत निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिये छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा भारतीय वन सेवा बैच-1996 के एस.एस.डी. बड़गैय्या को गरियाबंद जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री बड़गैय्या आज गरियाबंद पहुंच गये हैं। प्रेक्षक श्री बड़गैय्या नवीन विश्राम गृह गरियाबंद के कक्ष क्रमांक-01 में ठहरे हुये हैं। प्रेक्षक से प्रतिदिन पंचायत निर्वाचन के संबंध में दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक मुलाकात किया जा सकता है। उनका मोबाईल नम्बर-9425250270 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रेक्षक के लाईजनिंग ऑफिसर वनमण्डल गरियाबंद के अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सलमा फारूकी को नियुक्त किया गया है। उनका मोबाईल नम्बर-7725824646 एवं 7354731951 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रक्षेक ने लिया नामांकन प्रक्रिया का जायजा

गरियाबंद। प्रेक्षक एस.एस.डी. बड़गैय्या द्वारा आज जिला कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में पहुंच कर नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। उनके मौजूदगी में अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम धावड़े भी मौजूद थे।

मध्यान्ह भोजन कुकिंग प्रतियोगिता 7-8 को

गरियाबंद। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 7-8 जनवरी को जे.आर दानी शासकीय उ.मा. कन्या शाला रायपुर में आयोजित होगा। जिसमें जिला स्तरीय पुरस्कृत महिला स्व-सहायता समूहों के रसोईये भाग लेकर अपनी पाककला का प्रदर्शन करेंगे। गरियाबंद जिले से जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रसोइया श्रीमती सरिता बाई एवं सोहद्रा बाई प्राथमिक शाला गोना विकासखण्ड मैनपुर द्वितीय स्थान श्रीमती फेकन बाई एवं रेखा बाई प्राथमिक शाला बरभाठा भाग लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एल.एल देवांगन ने बताया कि इस हेतु जिला नोडल मध्यान्ह भोजन के लिए मोहनीश चंदनिहा होंगे।

1009 बोरा अवैध धान जब्त

गरियाबंद। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। वहीं प्रशासनिक अमले द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध धान जब्त किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देश के परिपालन में एस.डी.एम देवभोग भुपेन्द्र साहू के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस अमला द्वारा देवभोग विकासखंड के ग्राम डुमरपीटा में महेन्द्र पिता बालीराम के मकान से 734 बोरा और कांशीराम पिता मधुवा के घर/कोठार से 275 बोरा धान संदेह के आधार पर जब्त किया गया है। जब्त धान पर मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

गरियाबंद का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता: गफ्फु मेमन

गरियाबंद। नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अपने जीत को भाजपा की नीतियो और जनता की जीत बताते हुए कहा कि गरियाबंद के विकास के लिए मुझे जो दायित्व मिला है उसका मै सम्मान करते हुए नगर के विकास के लिए तटीबध्द रहूँगा। मै वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद होने के साथ साथ पूरे नगर का अध्यक्ष बनने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है मेरा प्रयास रहेगा कि गरियाबंद के पूरे वार्डो में विकास के लिए समान दृष्टिकोण अपना जनता की सेवा करूंगा। उन्होने कहा कि गरियाबंद की हर मूलभूत समस्याओ से वाकिफ हूँ और गरियाबंद की विकास के लिए आपसी प्रेम सहयोग और सबको साथ लेकर नगर के विकास के लिए काम करूंगा।

नवीन पंचायत भालूकोना में पंच-सरपंच निर्विरोध चुने गए

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत भालूकोना के ग्रामीणों ने एक अनोखा मिसाल कायम करते हुए पुराने जमाने में चले आ रहे परंपरा को जीवित रखते हुए पूरे 10 वार्डों के पंचों का निर्वाचन एवं सरपंच के निर्वाचन को निर्विरोध संपन्न कराया गया।

महात्मा गांधी के द्वारा देखे गए स्वपन को चरितार्थ करते हुए उदाहरण पेश किए हैं, भालू कोना के ग्रामीणों ने डोंगरीडीह सेक्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भालूकोना जो नवीन ग्राम पंचायत का गठन किया गया है। यहां 10 वार्डों के 905 मतदाताओं ने अंतिम दिन 6 जनवरी को एक मत होकर अपने ग्राम में निर्विरोध पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधि चुनने का संकल्प लेते हुए सभी सरपंच एवं पंचों को गांव में बैठक बुलाकर निर्विरोध चुनाव करते हुए आदर्श पंचायत का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

यंहा सरपंच के लिए चंद्रिका बाई मानाराम पटेल, वार्ड क्रमांक 1 मालिक राम पटेल, वार्ड क्रमांक 2 पांचो बाई पटेल, वार्ड क्रमांक 3 बला बाई पटेल, वार्ड क्रमांक 4 अन्नपूर्णा साहू, वार्ड क्रमांक 5 ओम प्रकाश पटेल, वार्ड क्रमांक 6 पांडव राम पटेल, वार्ड क्रमांक 7 अमृत बाई पटेल, वार्ड क्रमांक 8 साधेलाल पटेल, वार्ड 09 संतोषी बाई पटेल, वार्ड क्रमांक 10 अगहन बाई पटेल सहित सभी वार्डों में निर्विरोध चुनाव कराने में पंचायत सचिव प्रह्लाद श्रीवास का विशेष योगदान रहा।

सभी सरपंच एवं पंचों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया में केंद्र के प्रभारी डिगेश्वर साहू, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, देवनारायण वर्मा, मनोहर लाल साहू, द्वारपाल सेन, अमृत लाल पटेल, तीरथ बंजारे, शिव कुमार निराला का सराहनीय कार्य देखने को मिला इस प्रकार संपूर्ण ग्राम पंचायत में सरपंच एवं पंचों का निर्विरोध चुनाव जनपद पंचायत बलौदाबाजार का पहला उदाहरण होगा।

कांग्रेस की नीलू चन्दन साहू अध्यक्ष और ऋत्विक मिश्रा बने उपाध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। कसडोल नगर पंचायत में अन्ततः कांग्रेस के नीलू चन्दन साहू अध्यक्ष एवं ऋत्विक मिश्रा को उपाध्यक्ष चुना गया ।कांग्रेस के नीलू चन्दन साहू ने 6 के मुकाबले 9 वोट हासिल कर भाजपा के चंद्रिका वैष्णव को 3 वोटों से हराया तो उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के ऋत्विक मिश्रा निर्विरोध चुने गए। नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव में रणनीति के अभाव में भाजपा को कांग्रेसी गोलबंदी के सामने मुँह की खानी पड़ी ।

नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए शासन द्वारा आज 6 जनवरी को प्रातः 11 :00 बजे का समय नियत किया गया था । शासन द्वारा निर्धारित समय में सर्वप्रथम कांग्रेस के नव निर्वाचित पार्षद विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, युकां जिलाध्यक्ष मानस पाण्डेय तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक यादव के साथ नगर पंचायत प्रांगण में पहुंचे उसके बाद भाजपा के नव निर्वाचित पार्षदगण मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ पहुंचे । विहित प्राधिकारी एस डी एम टी सी अग्रवाल ने सर्वप्रथम नव निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई , उसके तुरंत बाद सभी नव निर्वाचित पार्षदों को लेकर नगर पंचायत के सभागार में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई । सर्वप्रथम अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कराई गई जिसमें कांग्रेस की ओर से नीलू चन्दन साहू तथा भाजपा की ओर से चंद्रिका वैष्णव ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया । नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के बाद विहित प्राधिकारी एस डी एम टी सी अग्रवाल ने सभी पार्षदों को आपसी चर्चा के लिए अवसर दिया लेकिन इस बीच उनके बीच आम सहमति नहीं बन पाने के कारण मतदान कराया गया ।अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस के नीलू चन्दन साहू को 9 मत प्राप्त हुए तथा भाजपा के चन्द्रिका वैष्णव को मात्र 6 वोट प्राप्त हुए इस तरह नीलू चन्दन साहू को 3 मत से निर्वाचित घोषित किया गया ।

अध्यक्ष पद में मात खाने के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की ओर से ऋत्विक मिश्रा ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जबकि भाजपा की ओर से कोई भी नाम निर्देशन पेश नहीं किया गया इस तरह एक मात्र नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने पर विहित प्राधिकारी टी सी अग्रवाल ने कांग्रेस के ऋत्विक मिश्रा को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया ।

गरियाबंद में भाजपा का कब्जा, 9-6 से फैसला

■ बृजमोहन अग्रवाल के खास समर्थक गफ्फु मेमन बने नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद नगर पालिका में भाजपा ने लगातार दूसरी बार अपना कब्जा बरकरार रखा है। प्रदेश के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल के खास समर्थक गफ्फु मेमन नगर पालिका के नए अध्यक्ष चुने गए है। इसके साथ ही सुरेन्द्र सोनटेके नगर पालिका के उपाध्यक्ष चुने गए।

इसके पहले सुबह से ही पालिका अध्यक्ष के चुनाव को लेकर गहमागहमी रही। जिले की एक मात्र और जिला मुख्यालय में नगर पालिका होने के नाते के लोगो को संभावित परिणाम को लेकर काफी उत्सुकता बनी थी। जैसे ही भाजपा प्रत्याशी गफ्फु मेमन एवं उपाध्यक्ष प्रत्याशी सुरेन्द्र सोनटेके के चुने जाने की घोषणा पीठासीन अधिकारी द्वारा की गई तो भाजपा कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू उपस्थिति में भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओ ने जीत की खुशी मे जमकर नारेबाजी और आतिशबाजी की। जैसे ही गफ्फु मेमन सहित अन्य पार्षद बाहर निकले सभी का भाजपा कार्यकर्ताओ ने फुलमाला से जोशीला स्वागत किया। इसके साथ नगर वालिसो ने भी नए अध्यक्ष उपाध्यक्ष से मिलकर उन्हे जीत की बधाई दी। कुछ देर में ही चुनाव स्थल में बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ जुट गई। सभी बधाई देने वाले शुभचिंतको का नवनिर्वाचित अध्यक्ष गफ्फुमेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके और सभी पार्षदो ने साथ मिलकर अभिवादन किया और फिर अपने वार्ड के लोगो का आभार व्यक्त करने निकल गए।

अध्यक्ष आत्माराम यादव तो उपाध्यक्ष दिलप्रीत खनूजा बने

पिथौरा। नगरपंचायत के लिए कांग्रेस के आत्माराम यादव अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए और कांग्रेस के दिलप्रीत खनूजा उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किये गए इससे पहले सभी पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया दिलचस्प बात यह रही दो दशकों के अध्यक्ष देवसिंग निषाद अध्यक्ष आत्माराम यादव के प्रस्तावक बने।आत्मा यादव खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के अनुज हैं। दो दशकों से कांग्रेस का कब्जा रहा पिथौरा नगर पंचायत आगामी पांच वर्षो के लिए भी कांग्रेस के पास रहेगा वैसे तो चुनाव मे कांग्रेस पार्षदों की जीत का आंकड़ा बहुमत के पार हो जाने से कांग्रेस का अध्यक्ष सुनिश्चित हो चुका था आज औपचारिकता पूरी कर दी गई और आत्माराम यादव अध्यक्ष बने।

जनपद सदस्य नामांकन फॉर्म

पिथौरा। किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव किसान नेता संजय सिन्हा पिथौरा ने आज छेत्र क्र.15 सागुनडाप जनपद पंचायत के सदस्य के लिए आज नामांकन फार्म खरीदते हुए व जमा करते हुवे साथ में युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव जितेंद्र सिन्हा एडवोकेट पूर्व पार्षद राकेश दीक्षित, उतेकल के सरपंच चंद्रमणि प्राधान,पुनीत टड़न,नेता प्रेमलाल सिन्हा,गोपाल पांडेय,अंकित शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आम बैठक कर तय किए जा रहे जिला पंचायत के प्रत्याशी

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राज करही मजदूर किसान अभियान से प्रेरित होकर जगह-जगह आम बैठक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जनता का प्रत्याशी तय किया जा रहा है। क्षेत्र क्रमांक 10 सिंघोला से जनता का प्रत्याशी तय करने सुरगी में आम बठैक रखी गई, जिसमें जनता द्वारा प्रत्याशी देने के विचार से सहमत सैकड़ों किसान मजदूर एकत्रित हुए और सर्व सम्मति से बीडी साहू को जनता का प्रत्याशी चयनित किया गया। वहीं क्षेत्र क्रमांक 22 मोहला से कुमार कोरेटी को गोड़वाना भवन में आयोजित आम बैठक में क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने जनता का प्रत्याशी चयनित किया। अन्य क्षेत्रों में भी यही प्रक्रिया अपनायी जा रही है।

जिला पंचायत की जिले की 24 सीटों पर जनता के प्रत्याशी उतारे जाऐंगें। समयाभाव के कारण नामांकन पूर्व सभी क्षेत्रों में आम बैठक आयोजित नही हो सकने के कारण इच्छुक प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने अपील की जा रही है। जिन्हें नामांकन पश्चात अनुमोदन सभा आयोजित कर जनता का प्रत्याशी घोषित किया जावेगा।

बैंगलोर में छाये रहे छग के बॉडी बिल्डर

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 67वीं राष्ट्रीय फिटनेश शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता 2019 का आयोजन 28, 29 दिसम्बर 2019 को नगर भैरवी रोड, बैंगलोर में दो दिवसीय स्पर्धा संपन्न हुई।

उक्त स्पर्धा के संबंध में छ.ग. प्रदेश शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष व जय भवानी व्यायाम शाला के संरक्षक पुरूषोत्तम आजमानी ने जानकारी देते हुये बताया कि स्पर्धा में पूरे भारत के चुने हुए 200 बॉडी बिल्डरों ने उक्त स्पर्धा में पूरे भारत के चुने हुए 200 बॉडी बिल्डरों ने उक्त स्पर्धा में भाग लेकर अपनी अपनी राज्यों के लिये पदक व खिताब हासिल किया।

छग प्रदेश की ओर से 10 सदस्यीय दल ने संजय शर्मा (मैनेजर) एवं तामेश्वर बंजारे (कोच) के नेतृत्व में भाग लिया। राजनांदगांव की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैंगलोर के के.एल.इ. ऑडिटोरियम के भव्य रंगमंच पर तौफिक्र शेख (ट्रेनर बॉडी टेकनिक) ने मि. इंडिया फिटनेश व भारत कुमार में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए भारत के सर्वोच्च खिताब मि. इंडिया फिटनेश का 2019 खिताब अपने कब्जे में करते हुए सफलता हासिल की। वही शुभम सोनी को

अपने समूह वर्ग में कास्यपदक प्राप्त की। मनीष कपूर अपने समूह वर्ग में 6वां स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा नगद राशि, पट्टा मेडल एवं आकर्षक ट्राफी प्रदान किये गये।

लाटमेटा में रासेयो का शिविर संपन्न

राजनांदगांव। भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना कुमरदा का सात दिवसीय विशेष शिविर 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक ग्राम लाटमेटा में आयोजित हुआ। शिवर में संस्था के 45 तथा 5 स्थानीय युवकों ने हिस्सा लिया। शिविर प्रभारी बसंत कुमार यादव ने बताया कि प्रतिदिन छात्रों ने शिविर के विभिन्न गतिविधियों में स्वस्पुर्त भाग लिया। प्रातः पीटी, योग, प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत ग्राम की गलियां, सार्वजनिक स्थल, नाली, बोरिंग, तालाब के आसपास स्वच्छता तथा सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य, स्थानी पर्यटन स्थल भैरव पहाड़ में पर्वतारोहण कर छात्रों ने स्वच्छता कार्य किया।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक-बालिका वर्ग ने जीता स्वर्ण

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। सीबीएसई डब्लूएसओ के मार्गदर्शनर में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा 65वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 29 दिसंबर 2019 से 2 जनवरी 2020 तक किया गया था, जिसमें 26 राज्यों एवं संस्थानों की बालक-बालिकाओं की टीम भाग लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका खिलाड़ियों स्वर्ण पदक, दिल्ली ने रजत पदक एवं राजस्थान ने कास्य पदक प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का समापन 2 जनवरी 2020 को किया गया। समापन समारोह श्रीमती करूणा शुक्ला के मुख्य आतिथ्य, श्रीकिशन खंडेलवाल की अध्यक्षता एवं अभिषेक शुक्ला, निर्मल झा, मेहुल मारू, विकास अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक बीएस हुड्डा, के. राजेश्वर राव एवं श्रीमति राधा राव भी उपस्थित थी, जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल की और से ललित भंसाली चेयरमेन, रामदेव राठी सहित अन्य संचालकगण उपस्थित रहे। समापन समारोह का स्वगत भाषण के. राजेष्वर राव द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप् में अभिषेक शुक्ला ने बताया कि राजनांदगांव में बास्केटबॉल का स्तर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त किये है।

बैठक | कृषि आधारित ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करना योजनाओं का उद्देश्य

छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में यहां पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरवा और बारी योजना की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मौर्य ने बैठक में इन योजनाओं के संबंध में राज्य सरकार के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चारों योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाना है। प्रदेश सरकार इन योजनाओं के जरिए कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना चाहती है। चारों योजनाओं को आधार बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का एक नया रास्ता बनाने की प्रदेश सरकार की मंशा है। इनके क्रियान्वयन से जुड़े

शासकीय अमले को जनभागीदारी के साथ योजनाओं के उद्देश्य को प्राप्त करने में पूरी संवेदनशीलता के साथ जुड़ने की जरूरत हैं।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. मेश्राम, उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर, सहायक संचालक कृषि एवं प्रभारी उद्यानिकी विभाग रंधीर अंबादे, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिले भर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायतों के सचिव, जनपद पंचायतों के तकनीकी सहायक, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी और एनआरएलएम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने बैठक में कहा कि सुराजी ग्राम योजना के अंतर्गत गौठान समितियों को सक्रिय मुख्य कार्य है। गौठान समिति ही तय करेगी कि गौठानों का संचालन कैसे करना है। श्री मौर्य ने कहा कि पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौठानों को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने की जरूरत हैं। हर गांव में परंपरागत गौठान हैं। ऐसे गांव जहां योजना के तहत सुविधायुक्त गौठान बनाए गए हैं वहां मवेशियों को अनिवार्य रूप से लेजाया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार ने फसलों की सुरक्षा के उद्देश्य से भी नई योजना बनाई है। वर्तमान में केवल खरीफ मौसम में मवेशियों को चराने के लिए चरवाहे की व्यवस्था है। इसीलिए खरीफ मौसम की फसल को नुकसान नहीं पहुंचता। श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार रबी मौसम में फसलों का रकबा बढ़ाना चाहती है। इसके लिए जरूरी है कि रबी मौसम में भी मवेशियों के लिए चरवाहों की व्यवस्था हो। सभी विभागों के मैदानी कर्मचारी गांवों में चौपाल लगाकर मवेशियों के मालिकों को समझाएं कि रबी मौसम में भी चरवाहे लगाएं। इससे फसलों की सुरक्षा अच्छी तरह से होगी।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद कांग्रेस को, भाजपा खाली हाथ

- कांग्रेस की शालिनी मनोज जायसवाल निर्वाचित हुई साजा नगर अध्यक्ष
- 663 के बाद कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। जिले का सबसे चर्चित एवं हाई प्रोफाइल सीट नगर पंचायत साजा में आज हुए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन में आश्चर्यजनक, ऐतिहासिक व चौकानें वाले परिणाम सबके सामने आया। जिसके तहत कांग्रेस की शालिनी मनोज जायसवाल ने विजयश्री प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित हुई। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस के युगेश्वर सोनी को जीत मिला। साजा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कृषि मंत्री रवींद्र चौबे नगर पंचायत पहुंच कर निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी कांग्रेस पार्षदों को बधाई व शुभकामनाएँ दिए। निर्वाचन पश्चात समर्थको के द्वारा जमकर नारेबाजी व अतिशबाजी की गई। नगर पंचायत साजा में आज अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन का आयोजन रखा गया था। जिसके तहत अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से शालिनी मनोज जायसवाल एवं भाजपा से लोकेश्वरी नारद साहू ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पश्चात 15 पार्षदों के द्वारा वोट डाला गया। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में भाजपा की लोकेश्वरी नारद साहू को मात्र 3 मत प्राप्त हुए, वहीं कांग्रेस की शालिनी मनोज जायसवाल 12 मत प्राप्त कर विजयी घोषित हुई। वहीं उपाध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से युगेश्वर सोनी, भाजपा से बिसरु राम साहू, राधे वर्मा, हंसा शर्मा के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था। मगर राधे वर्मा व हंसा शर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस तरह उपाध्यक्ष पद के 1-1 उम्मीदवार युगेश्वर व बिसरु राम रहे, जिनके लिए निर्वाचित पार्षदों ने मतदान किया। वोटिंग में भाजपा के बिसरूराम साहू को 6 मत प्राप्त हुआ, तो वहीं कांग्रेस के युगेश्वर सोनी 9 मत प्राप्त कर विजयी बनें।

नतीजों के अनुमान संबंधी नवप्रदेश की खबर पर मुहर

ज्ञात हो कि नवप्रदेश द्वारा कांग्रेस की शालिनी मनोज जायसवाल को कांग्रेस से अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार होने की बात कहीं गई थी। साथ ही साथ उनके जीत कर साजा अध्यक्ष का कमान संहालने की ओर ईशारा किया गया था जो कि पूर्णतः सच साबित हुआ। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण उनकी विजयी होकर अध्यक्ष बनने से साफहो गया।

प्रबल दावेदार शालिनी मनोज जायसवाल पर चौबे के विश्वास की हुई जीत

परिणामों के बाद नगर में अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार जिसमे वर्तमान अध्यक्ष मनोज जायसवाल की धर्मपत्नी शालिनी जायसवाल वार्ड 1, पुष्पा प्रकाश सिन्हा वार्ड 10, ज्योतिकिशोर राठी वार्ड 8 शामिल थी। मगर अब इन तीनो में अध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार शालिनी मनोज जायसवाल पर श्री चौबे जी ने विश्वास किया। गौरतलब हैं कि पूरे विधानसभा में राजनीति के केंद्र बिंदु नगर पंचायत साजा में अध्यक्ष का निर्णय क्षेत्रीय विधायक, कृषि मंत्री रवींद्र चौबे जी के दिशा निर्देश पर किया जायेगा। कृषि मंत्री के नजदीकी, करीबि, सबसे विश्वास पात्र, खास लोगों में से एक मनोज जायसवाल होने के कारण उनकी पत्नी का नगर पंचायत अध्यक्ष बनना लगभग तय माना गया। मनोज जायसवाल को मिलने वाले इस सुअवसर का प्रमुख कारण भाजपा सरकार के कार्यकाल में नगर पंचायत का सुचारु रूप से संचालन है। साथ ही इस दौरान यह भी देखने में आया कि उनके द्वारा भाजपा विधायक का पूरी निडरता के साथ शुरू से अंत तक विरोध किया गया। पूरे कार्यकाल में भाजपा विधायक को कोई स्थान नहीं प्रदान किया गया। इन सब का लाभ मिलने की पूरी संभावना बनी। श्री चौबे के विश्वास की शानदार व ऐतिहासिक जीत हुई।

मेरी यह जीत मेरी नहीं, ब्लकि यह जीत श्री चौबे जी व साजा की जनता जनार्दन की जीत हैं। साजा में मै एक अध्यक्ष के रूप में नहीं ब्लकि एक सेवक, बेटी, बहन बन कर सेवा कार्य करूँगी। नगर का चंहुमुखी विकास करना मेरी सर्व प्रथम प्राथमिकता होंगी। नगर की समस्याओं व विकास के लिए मंत्री जी के दिशा निर्देश, सलाह, विचार विमर्श के साथ कार्य किया जाएगा।

– शालिनी जायसवाल

न्यूज गैलरी

सड़क के बीच ट्रक, चालक गिरफ्तार

महासमुंद। सड़क में अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़ा करना चालक को महंगा पड़ गया। बसना पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। बसना पुलिस के अनुसार शनिवार को सूचना मिली कि ट्रक सीजी 04 जेडी 2854 का चालक ट्रक को कन्या शाला बसना के सामने आम रोड के बीचों-बीच खड़ा कर दिया है इससे लोगों को असुविधा हो रही है। पुलिस ने चालक को हटाने के कहा, लेकिन चालक नहीं माना। इसके बाद चालक ग्राम बलारामसेठचाल तांडली रोड धामनकर नाका कामत घर भिंडवी थाणे महाराष्ट्र निवासी सलीम मोहम्मद पिता रहीम मोहम्मद शेख (46) को गिरफ्तार करते हुए अपराध दर्ज कर ट्रक को जब्त किया।

हैंडबॉल के लिए पांच चयनित

महासमुंद। राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल बालक 19 वर्ष स्पर्धा के लिए महासमुन्द जिला हैंडबॉल संघ के पांच खिलाडियों चयन किया गया है। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव एवं हैंडबॉल कोच इमरान अली ने बताया कि राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता तीन से नौ जनवरी तक दिल्ली में आयोजित है। चयनित खिलाड़ी स्पर्धा के लिए रवाना हो चुके हैं। चयनित खिलाडियों में जयचंद दास, उदयमंडल, राहुल सोनी, प्रज्वल उपाध्याय, नोहर साहू हैं। सभी महासमुंद जिले की ओर से छग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

महासमुंद। सुअरमाल में घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर से अज्ञात ने बैटरी पार कर दी। मूलचंद चंद्राकर (35) के मुताबिक उन्होने तीन जनवरी की रातघर के सामने ट्रैक्टर खड़ी की थी। सुबह 6 बजे देखा तो बैटरी गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पंच के लिए फार्म भरा तो पिता-पुत्र ने की पिटाई

महासमुंद। पिता-पुत्र ने युवक की पिटाई कर दी। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार का है। ताराचंद साहू के मुताबिक 4 जनवरी की शाम सवा 7 बजे गांव के चुम्मन साहू और नारद साहू ने पंच चुनाव के लिए फार्म भरने की बात पर गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त दोनों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक से 10 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। कपसाखुंटा मार्ग पर पुलिस ने शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर एक युवक को महुआ शराब के साथ पकड़ा। पुलिस के मुताबिक कपसाखुंटा निवासी पुनऊ साव (48) के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सागरपाली में 9 दुकानों से चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। रविवार को थाना परिसर में सरायपाली एसडीओपी राजीव शर्मा ने बताया कि चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सलमान पिता हाफिज अली (25), मनीराम पिता सनत राम भोई (20), राजू सराफ पिता विरेंद्र सराफ (20) सभी झिलमिला और सरायपाली के निवासी हैं। इनके खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों ने चोरी के सामान अपने घर में छुपा कर रखा था। जहां से पुलिस ने 11 नग पुराना मोबाइल, ब्लूटूथ, ज्वेलरी, घड़ी, सिगरेट, गुटखा और घटना में प्रयुक्त दोपहिया सीजी 04 सीबी 4648 बरामद किया गया है।

57 सौ कट्टा धान जब्त

महासमुंद। मंडी एवं पुलिस की टीम ने दो स्थानों से अवैध रूप से रखा धान जब्त किया। मिली जानकारी के मुताबिक जोगीडीपा में हृदयानंद नायक के घर के आंगन से 49 सौ कट्टा धान और उसतराम साहू पंडरीपानी के घर से 508 पैकेट रबी फसल व 300 पैकेट खरीफफसल धान जब्त किया।

लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेन्द्र सिंह, अतिरिक्त अधीक्षक अनिल सोनी, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर.मण्डावी के मार्ग दर्शन में चैकी प्रभारी गीतांजली सिन्हा के द्वारा थाना कवर्धा चैकी बाजार चारभाठा में दर्ज अपराध क्रमांक 540/19 धारा 394 भादवि जिसमें पीडिता गया बाई कौषिक जो बम्हनी ग्राम के रोड से लगे राहर के खेत की रखवाली दिनांक 15.12.19 को रखवाली कर रही थी। तभी सुबह 11:00 बजे के आस-पास दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल से आये और पीडिता गया बाई उम्र 62 वर्ष से राहर मांगे पीडिता उन अज्ञात व्यक्तियों के लिये राहर तोडने गई तभी दोनो अज्ञात व्यक्ति पीछे-पीछे राहर के खेत में घुसकर पीडिता को दबोच लिये एंव ब्लैड से पीडिता के दोनो कानो को काट कर पहने हुये सोने का खिनवा कीमती 30000 रूपय को लूट कर ले गये थे। घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ट अधिकारी की योजनाबद्व मार्ग दर्षन से निरंतर पता तलाष से लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी दुर्गेष निषाद पिता ष्याम लाल निषाद साकिन भिभौंरी थाना सहसपुर लोहारा व महेष पाटिल पिता जयलाल साकिन भिभौंरी थाना सहसपुर लोहारा तथा इन आरोपियों को आश्रय देने वाली तथा लूट के माल को बेचने में सहायता करने वाली संतोषी साहू पति लेखराम साहू निवासी रामझोपड पट्टी नागपुर महाराष्ट्र से लूट का माल बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

वनांचल में शांति पूर्ण जमा हुआ नामांकन फॉर्म

नवप्रदेश संवाददाता

चिल्फीघाटी। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2020 का नामांकन फार्म वनांचल में शांति के साथ जमा किये। 30 दिसंबर से 6 जनवरी तक चले इस नामांकन फार्म में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य,जनपद सदस्य,सरपंच व पंच के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। बताया जाता है की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बोड़ला ब्लाक के लिए 17 सेक्टर बनाया गया था। जो की हर सेक्टर में 8 से 10 पंचायत को शामिल किया गया था। जहाँ पर फार्म जमा करने के लिये सहायक रिटरिंग आफिसर के साथ क्षेत्र के इंजीनियर पंचायत सचिव,कृषि विस्तार अधिकारी,रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाई गई थी। वनांचल चिल्फी सेक्टर की बात करें तो इसके अंतर्गत 8 पंचायतों का चयन किया गया था। जिसमे चिल्फी, राजाढार, बोक्करखार, सिवनी कला, बेंदा, लूप व बहनाखोदरा शामिल था जिसमे पंच के लिए 99 सीटों के लिये 180 आवेदन फार्म व सरपंच के लिए 8 सीटों के लिए 37 आवेदन फार्म जमा हुआ है। बताया जाता है की 8 जनवरी तक नाम वापसी व 9 जनवरी को चुनाव चिन्ह दिया जायेगा। वहीँ प्रत्याशी भी जीत के लिए पुरजोर कोशिश कर रहे है। चिल्फी सेक्टर में सहायक रिटरिंग आफिसर शिवनारायण हल्ददार,टीए पवन चंद्रवंशी, सचिव शंकर अनंत, गौकरण चंद्रवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण चैरसिया, रोजगार सहायक प्रकाश मांग्रे,हरी धुर्वे का योगदान रहा।

सीनियर बॉल बैडमिंटन के लिए चयन

महासमुंद। तीन से पांच जनवरी तक भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए महासमुंद जिला व महासमुंद कॉर्पोशन के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में जिले से लोकेश साहू, गौरव साहू, भूषण साहू, गजेंद्र यादव, प्रभात सेठ, अविनाश कुशवाहा, कुर्रे, लोमेश व कोच अंकित लूनिया शामिल हैं। इसी तरह कॉर्पोरेशन से विनय भारद्वाज, तुषार लूनिया, निलेश पांडेय, मुरली सिंह राजपुरोहित, प्रभात दीवान, मिथलेश दीवान, सुदर्शन दुबे, कोच नरेश चंद्राकर शामिल हैं। महिला वर्ग में नेहा डोंगरे, मनीषा चंद्राकर, निकहत बानो, कोनिका प्रधान, मनिंदर कौर, अंबिका दीवान, दीपिका निषाद, तुलसी रात्रे, तोनक्षी, काजल साहू, व कोच निमेश, मैनेजर मनीषा का चयन किया गया है।

ऑनलाइन दवा व्यापार का विरोध

महासमुंद। रविवार को जिला दवा विक्रेता संघ सचिव अरशी अनवर की अगुवाई में महासमुंद जिला संघ के पदाधिकारियों ने सांसद चुन्नीलाल साहू से भेंट कर देश भर में चल रहे दवा के अवैध ऑनलाइन व्यापार पर विस्तार से चर्चा की एवं विरोध दर्ज कराया। संघ ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर इस कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान महासमुंद जिले के समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी विशेष रूप से उपस्थित थे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

महासमुंद। पाकिस्तान के ननकाना साहब गुरुद्वारा में हुए हमले के विरोध में रविवार शाम नेहरू चौक में सिक्ख समाज के लोगों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुलता दहन किया। इसके पूर्व समाज के लोगों ने गुरूसिंह सभा के आह्वान पर स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारे से नेहरू चौक तक रैली निकाली। विरोध प्रदर्शन में सिक्ख समाज की महिलाएं, बच्चे व पुरूष शामिल हुए।

खरोरा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद भाजपा के झोली में गया

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। 6 जनवरी को काफी गहमागहमी मगर शांति पूर्ण माहौल मैं अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें भाजपा के अनिल सोनी 12 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए कांग्रेस का 1 वोट क्रास होकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष गया 2 निर्दलीय पार्षदो ने भी भाजपा को समर्थन किया नगर पंचायत मैं कुल 15 पार्षद है जिसमें भाजपा के 9 पार्षद विजय प्राप्त कर बहुमत के आंकड़े को छुआ था मगर उपाध्यक्ष पद पर काफी चौकानें वाले परिणाम आये उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा , कांग्रेस के साथ साथ निर्दलीय प्रत्यासी भी नामंकन दाखिल किये जिसमें भाजपा के पन्ना देवांगन को 8 वोट कांग्रेस के जुबेर अली को 3 वोट निर्दलीय सुरेंद्र गिलहरे को 4 वोट प्राप्त हुए जिसमें 1वोट भाजपा से क्रास होकर निर्दलीय के पक्ष गया

कांग्रेस के 4 पार्षद विजेयी हुये थे निर्दलीयो के पास 2 सीटें थी कांग्रेस का बहुमत नहीं होने के बाद भी 3 बार पार्षद भरत कुंभकार ने भाजपा के लिए मैदान खाली नहीं छोड़ने का निर्णय लेते हुए कांग्रेस से अध्यक्ष पद पर अपना नामांकन दाखिल कर भाजपा खेमे खलबली मचा दी थी परिणाम आते तक अटकलों का बाजार गर्म था । मंडल अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र सिंह ठाकुर की भाजपा की जीत में भूमिका को कम नही आका जा सकता उनके ही इस अहम योगदान की बदौलत भाजपा ने सरकार बनाई

नामांकन का आज आखिरी दिन, लोगों को लगी भीड़

खरोरा। ग्राम पंचायत केशला में पंचायत चुनाव 2019-20 अंतर्गत कुल 11 पंचायतों के सरपंच पद हेतु कुल 60 आवेदन एवं कुल 11 पंचायतों के कुल 154 पंचों के पद हेतु 331 कुल नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ । नाम निर्देशन प्राप्ति हेतु उपकेन्द्र ग्राम पंचायत केशला में उप सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री प्रतिकसिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर श्री सूर्यकांत साहू, सहायक अधिकारी श्री मेश्राम ,क्षेत्रीय समन्यवक श्री अनुज चंद्राकर सेक्टर बेलदार सिवनी ,पंचायत सचिव श्री कोमल प्रसाद साहू तिल्दाडीह,सचिव श्री संतकुमार जांगड़े केशला ,सचिव श्री शिवचरण वर्मा बिठिया ,सचिव श्री भीखलेश्वर चंद्रकार नवागांव ,सचिव श्री सुरेंद्र पटेल माठ, सचिव खेसराम साहू बुडगहन ,सचिव बेलदार सिवनी ,सचिव बुडेनी ,सचिव तुलसी असौंदा ,सचिव श्री रमेश गिलहरे असौंदा आदि कर्मचारियों अधिकारी का ड्यूटी नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु लगा है।

धान खरीदी केंद्रों में औचक पहुंचे कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले के बागबाहरा एवं महासमुन्द विकासखण्ड स्थित धान उपार्जन केन्द्रों का सघन दौरा कर धान खरीदी का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर सहित खाद्य सहकारिता, जिला विपणन एवं नोडल अधिकारी सीसीबी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जैन ने बागबाहरा विकासखण्ड के कसेकेरा, कोमाखान, कछारडीह, आमाकोनी, तुसदा, टुहलू जांच चौकी तथा विकासखंड महासमुन्द के खट्टी धान उपार्जन केन्द्र पहुंच कर धान खरीदी का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खट्टी धान उपार्जन केन्द्र में स्टेक डनेज व्यवस्था ठीक नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की और उपार्जन केन्द्र के प्रभारी बलदाऊ सेन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होने कोमाखान धान उपार्जन केन्द्र में बारदाने का भौतिक सत्यापन कराया साथ ही स्टेक सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

कार्रवाई 30 किलो गांजा, किमत 1.50 लाख व 02 स्कॉर्पियो वाहन जप्त

गांजा का अवैध परिवहन करते हुए आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

चिल्फीघाटी। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी व अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अजीत ओगरे के मार्गदर्षन में मादक पदार्थ गांजा व अवैध षराब के तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे विषेष अभियान के अन्तर्गत थाना चिल्फी में मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते 01 आरोपी अमरजीत वर्मा पिता प्रेमचंद वर्मा ग्राम लोधोरा जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेष व 02 चारपहिया स्कॉर्पियो वाहन क्र. सीजी-17-टी-0984 व यू.पी-96-बी-9909 से 30 किलो गांजा कीमती 1.50 लाख व 02 वाहन लगभग 5-5 लाख रूपये को पकड़नें में पुलिस को सफलता मिली है। सोमवार को प्रातः पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो वाहनों में अवैध धन अर्जित के उद्देष्य से गांजा बिक्री करने हेतु उड़ीसा से उत्तरप्रदेष गांजा ले जाया जा रहा है। कि सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके मार्गदर्षन में चिल्फी मार्ग में बेरिकेट लगाकर वाहन चेकिंग किया जा रहा था चेकिंग के दौरान संदिग्द्ध 02 स्कॉर्पियो वाहन बेरीकेट के पास चिल्फी पुलिस द्वारा रूकवाने पर तीव्र गति से भागने लगे। जिसे चिल्फी पुलिस द्वारा पीछा कर पकड़ा गया व वाहन की चेंकिंग करते समय वाहन के सीट में तस्करी के लिये सीटों में अनेक खांचे बनाकर उसमें गांजा भरकर रखना पाया गया। वही 01 स्कॉर्पियो जो आगे थी में सवार आरोपी वाहन छोड़कर भाग निकले, जिन्हे पकड़ने टीम बनाकर तुरंत रवाना किया गया है। पकड़े गये आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिषियल रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी, सउनि गोविंद चन्द्रवंषी, सउनि सुषील वर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र, आरक्षक अभिषेक, पंकज, अजय, सुनील, डिंडोरे, चंदू बंजारे व अन्य थाना स्टाफ का विषेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस कार्यवाही के लिये थाना प्रभारी चिल्फी व स्टाफ को बधाई दिये।

पिकनिक से लौट रही कार अनियंत्रित होकर पलटी, युवक की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़ । रविवार शाम वाहन दुर्घटना में डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक सन्नी यादव की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार आज दोपहर सन्नी यादव एवं उनके तीन साथी जिसमें नगर पालिका में पदस्थ चपरासी राजकुमार, शैलेष यादव व राजेन्द्र शामिल हैं। शहर से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित डंगोरा जलाशय में पिकनिक मनाने गए थे और शाम को वापस लौटते समय जलाशय से कुछ दूर निकलते ही मोड़ में वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया और गहरे गड्ढे में गिर गया जिससे सन्नी यादव को सिर पर गंभीर चोंट आई जिससे डोंगरगढ़ अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही रास्ते मे उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त वाहन में सन्नी पिता स्व. महावीर यादव उम्र 32 वर्ष निवासी महावीरपारा, राजकुमार पिता स्व. नन्दू उम्र 28 वर्ष निवासी भीमनगर, शैलेष यादव पिता देवीप्रसाद यादव उम्र 21 वर्ष और राजेंद्र पिता पुनाराम सहारे उम्र 59 वर्ष जो पूर्व पार्षद मुकेश सहारे के पिता है सवार थे जिसमें से सन्नी यादव की मौत हो गई है और शेष तीनों को मामूली चोटें आईं हैं । सन्नी यादव की मौत की खबर डोंगरगढ़ शहर में आग की तरह फैल गई और डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लोगो की भीड़ उमड़ गई चूंकि सन्नी यादव एक मिलनसार व्यक्तिव के थे और नगर पालिका में पदस्थ थे इसलिए सभी से उनके अच्छे सम्बंध थे इसलिए खबर लगते ही पूरे अस्पताल परिसर में लोगो का जमावड़ा लग रहा । नगर पालिका कर्मचारी सहित उनके परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे ।

शपथ ग्रहण की साक्षी बनी जनता

नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने कहा–नगर विकास ही पहली प्राथमिकता

■ नवनिर्वाचित अध्यक्षो में ऋषि षर्मा कवर्धा, महेन्द्र कम्भकार पिपरिया, सावित्री साहू बोड़ला, राजीन गायकवाड़ पंडरिया, फिरोज खान पांडातराई, उषा श्रीवास स.लोहारा

■ नवनिर्वाचित उपाध्यक्षो में जमील खान कवर्धा, षत्रुहन साहू पिपरिया, संतोष अवस्थी बोड़ला, विषाल षर्मा पंडरिया, संतोष गेण्डेऊपांडातराई, आभा श्रीवास्तव स.लोहारा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। अध्यक्ष पद को लेकर जहां कई तरह के चर्चाएं हो रही थी। वहीं अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष चयन हो चुके है। इस प्रक्रिया को लेकर सुबह 10 बजें से लगभग दोपहर 2 बजे तक कार्यक्रम का संचालन सौंपे गये दायित्व के अनुसार निर्वहन किया गया। नगर पालिका व सभी नगर पंचायत में पार्षदों को षपथ ग्रहण भी कराया गया। कवर्धा नगर पालिका मे नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋषि शर्मा बने। वहीं पिपरिया नगर पंचायत से महेन्द्र कुम्भकार, बोड़ला नगर पंचायत सावित्री साहू, पंडरिया नगर पंचायत से जोगी कांग्रेस के राजीन गायकवाड़, पांडातराई नगर पंचायत से फिरोज खान, स.लोहारा नगर पंचायत उषा श्रीवास अध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्षो में कवर्धा नगर पालिका में जमील खान, पिपरिया में शत्रुहन साहू, स.लोहारा में श्रीमती आभा श्रीवास्तव, पांडातराई में संतोष गेण्डेऊ पंडरिया में विशाल शर्मा, बोड़ला में संतोष अवस्थी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

नगर पालिका और नगरीय निकाय को मिला अध्यक्ष

दूर करूंगा नगर की समस्या

नगर पालिका कवर्धा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋषि शर्मा नें कहा कि यह जीत जनता की जीत है। मै विश्वास दिलाता हूँ, नगर में बनी समस्याओं को दूर करने भरसक प्रयास करूंगा। इसके साथ ही नगर विकास को लेकर कार्य योजना तैयार कर उसे मूर्त रूप देने कांग्रेस पार्षदों की पूरी टीम भी काम करेगी। उन्होंने जनता का आभार भी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर कोई बड़ी समस्या आती है तो उसके निदान के लिए हम कवर्धा के विधायक व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर से चर्चा कर उस समस्याओं को दूर करने भरपूर प्रयास करेंगें। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचे कवर्धा विधायक एंव कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने भी अपने उद्बोधन में कहां कि जो समस्या का निदान आप लोगो से नहीं हो पाएगा उस समस्या का निराकरण मेरे द्वारा किया जाएगा।

जनता का आभार, विकास तेजी से होगा

पांडातराई नगर पंचायत के अध्यक्ष फिरोज खान ने अपनी जीत को जनता का जीत बताते हुए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत पांडातराई में जो भी मूलभूत आसुविधाएं बनी हुई है। उसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। इसके साथ ही नई कार्य योजना बनाकर नगर विकास की ओर विशेष जोर देकर कार्य किया जाना है।

विकास पहली प्राथमिकता

नगर पंचायत पिपरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र कुम्भकार ने कहा कि नगर विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी व शासन की योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही नगर विकास की ओर विशेष काम किया जाएगा। उन्होने जनता का आभार भी व्यक्त किया।

पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता

नगर पंचायत बोडला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू ने अपनी जीत का श्रेय जनता को समर्पित करते हुए कहा कि नगर विकास में उनकी पहली प्राथमिकता होगी साथ ही शासन की योजनाओं के विषय में भी नगर को जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ दिलाना प्राथमिकता में रखा जाएगा।

जीत का श्रेय जनता जनार्दन को

स.लोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती उषा श्रीवास एंव पंडरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीन गायकवाड़ ने भी सभा को संबोधित करते हुए अपनी इस जीत का श्रेय जनता को दिया और जनता के प्रति अभार व्यक्त किया।

नगर पंचायत बोड़ला में निर्विरोध बने अध्यक्ष उपाध्यक्ष

बोड़ला। नगर पंचायत में बहुत अरसे बाद कांग्रेस पार्टी की सावित्री साहू अध्यक्ष व संतोष अवस्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।15 वार्डो में हुए चुनाव में ऐतिहासिक12सीटों में जीत मिली। भाजपा मात्र 1सीट पर सिमट गई जबकि निर्दलीय उम्मीदवार को2सीटे मिली।सावित्री साहू व संतोष अवस्थी के साथ समस्त पार्षदों को रिटर्निंग ऑफिसर एस डी एम विनय सोनी व सहायक रि टर्निंग अधिकारी अमन चतुर्वेदी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में ब्लॉक व जिला के पदाधिकारियों जिनमे पर्यवेक्षक राजनांदगांव के रमेश खण्डेलवाल, कलीम खान, राजेश माखीजानी, अजमत खान, मनमोहन अवस्थी,तुलसी पटेल, दीपक मागरे, छवि वर्मा, उमेश चन्द्रवंशी, तुकाराम चन्द्रवंशी,रामेश्वर यादव, राजेन्द्र ढिंढोरे, सुखनंदन निर्मलकर, रामचरण साहू, नरेश जायसवाल आदि सैकडों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षु डीएसपी नेहा पवार और निमितेश ने संभाला कार्यभार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा छ.ग. षासन गृह विभाग (पुलिस) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, रायपुर का आदेश के माध्यम से राज्य पुलिस सेवा संवर्ग में परिविक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षकों का जिला व्यवहारिक प्रषिक्षण हेतु डीएसपी नेहा पवार व निमितेश सिंह को राज्य पुलिस अकादमी चन्द्रखुरी से जिला कबीरधाम पदस्थ किये जाने पर दोनों ही प्रशिक्षु अधिकारियों ने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत कर बधाई दिये तथा दोनों को बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए निर्देषित किया। इस अवसर पर कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अमेरिका सरकार की 'फुलब्राइट फेलोशिप' में एस. कुमार का चयन

कवर्धा। चार अन्तर्राष्ट्रीय रिकग्निशन ,दो बार राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार और छः अन्य राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे जा चुके नवोदय विद्यालय कबीरधाम के बायोलॉजी व्याख्याता कुमार बिसेन ने अमेरिका सरकार की फुलब्राइट फेलोशिप में चयनित होकर छत्तीसगढ़ सहित पुरे देश को फिर से एक बार गौरवान्वित किया है। संभवतः छत्तीसगढ़ राज्य के ये पहले शिक्षक है जिन्हे अमेरिका सरकार की इतनी महत्वपूर्ण फेलोशिप अवार्ड हुई है। जो की पुरे राज्य के लिए बड़ी खबर है।

दीक्षांत समारोह में सम्मानित होंगें कवर्धा के हेमंत शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। दुर्ग विश्वविद्यालय ने हाल ही में 1 जनवरी को विभिन्न विषयों की मेरिट लिस्ट जारी की है। जिसमें एमएससी भौतिकी की मेरिट लिस्ट में पूरे विश्वविद्यालय मे हेमंत शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्र हेमंत शर्मा को आने वाले दिनो में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीएससी और एमएससी की पढाई शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कवर्धा से की है। जिसमें एमएससी भौतिकी में पूर्णांक 2400 में से 1788 अंक अर्जित कर लगभग 75 प्रतिशत प्राप्त किये है। हेमंत शर्मा द्वारा बीएससी गणित में पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिये उन्हे दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जा चुका है। इसी प्रकार हेंमत शर्मा ने कक्षा 12 वीं में 90 प्रतिशत प्राप्त किया गया था और उन्हे इंस्पायर स्कालरशीप के लिए चयनित किया गया था। हेमंत शर्मा वर्तमान में शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कवर्धा में भौतिकशास्त्र विषय में अतिथी व्याख्यता के पद पर कार्यरत है।

जिले के पंचायत निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

कवर्धा। राज्य निर्वाचन आयोग त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्यक्रम वर्ष 2019-20 हेतु कबीरधाम जिले के लिए विश्वेश कुमार (आई.एफ़एस.) उपमुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा) कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, नवा रायपुर को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक द्वारा जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत, कवर्धा के नाम निर्देशन पत्रों के कार्यो का निरीक्षण किया गया तथा 7 जनवरी को नामनिर्देशन पत्रों की संविक्षा कार्य का जिले के किसी भी जनपद पंचायत क्षेत्र का तथा मतदान दलों को दिये जा रहे प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण करेंगें।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2 वर्ष 2019-20
क्र. 89/अ.वि.द./प्रवा-2/2019,
कवर्धा, दिनांक 07/12/2019

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विरेन्द्र साहू पिता डा. सियाराम साहू सा. कवर्धा पटवारी हल्का नं. 03, रा.नि.मं. कवर्धा जिला कबीरधाम के द्वारा ग्राम कवर्धा स्थित भूमि खसरा 863/53 रकबा 0.014 आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से पेशी तिथि 23/12/2019 के सायं पांच बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात की गई आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

दिनांक 07/12/19

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.**

3 दिवसीय युवा नेतृत्व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का समापन

कवर्धा। नेहरू युवा केन्द्र संगठन कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सयुंक्त तत्वाधान मे तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एव सामुदायिक विकास प्रशिक्षण जिला पंचायत संसाधन केंद्र कवर्धा में किया गया जिसमें चारो ब्लॉक के 40 युवा एवं युवतीयां उपस्थित रहे। उक्त शिविर में स्वास्थ्य विभाग से तूलिका शर्मा, पंचायती राज पर उमेश शोनी, नेतृत्वकर्ता के रूप में जितेंद्र कुमार सिंह (करपात्री स्कूल कवर्धा) उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेतन पांडेय अतिरिक सीईओ जनपद पंचायत कवर्धा, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह व किशन गुप्ता जिला पंचायत विभाग से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सौरभ कुमार निषाद जिला युवा समन्वयक द्वारा किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राज्य भर की शहरी...

देकर रायपुर के प्रथम नागरिक यानि की महापौर बन गए। महापौर के मतदान के लिए सारी औपचारिकता के बाद जब मतों की गिनती शुरु हुई तो एजाज ढेबर को 41 पार्षदों का साथ मिला तो भाजपा के महापौर प्रत्याशी मृत्यूंजय दुबे को 29 मत प्राप्त हुए। इस तरह रायपुर नगर निगम में तीसरी बार कांग्रेसराज कायम रहा। एजाज ढेबर के जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता के बीच जश्न का माहौल है। नगर निगम के बाहर पटाखे फोड़े जा रहे हैं बता दें कि रायपुर नगर निगम की कुल 70 सीटों में से कांग्रेस के पास 34 बीजेपी, 29 अन्य 7 सीट मिला था।

कांग्रेस से सभापति..

क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें सभापति बनाया है। इससे पहले महापौर के रूप में भी उनका कार्यकाल शानदार रहा है, लिहाजा पार्टी ने उन्हें ये अब नयी जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री भूपेस बघेल के भी काफी पसंदीदा चेहरे प्रमोद दुबे रहे हैं। प्रमोद दुबे के खिलाफ भाजपा ने सभापति के लिए प्रमोद साहू को मैदान में उतारा था।

इधर कांग्रेस जी का जश्न...

बार शिकायत करने के बाद भी निर्वाचन आयोग का मौन रहना संदेह पैदा करता है। 2 दिन पूर्व भी भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह से उनके निवास में भेट कर इस संबंधी शिकायत दर्ज की थी। बीजेपी ने इसी बात को लेकर निर्वाचन आयोग दफ्तर में धरना दिया। जब भाजपा धरने पर थी तब कांग्रेसी जीत का जश्न मना रहे थे।

दिल्ली में विधानसभा...

नागरिकों के लिए चुनाव आयोग ने खास इंतजाम किए हैं, जिससे उनको वोट डालने में आसानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति पर निगरानी रखने के लिए मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर बनाए गए हैं।

जेएनयू हिंसा : याचिका कोर्ट...

दिल्ली पुलिस आयुक्त, दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त और वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन के थानाध्यक्ष के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए।

51 कंपनियों ने...

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 24 खातों का इस्तेमाल वस्तुओं के आयात के अग्रिम भुगतान के रूप में विदेशों में पैसा भेजने के लिए किया गया है, जिसके तहत 488.39 करोड़ रुपये की राशि डॉलर में भेजी गई। वहीं, 27 खातों का इस्तेमाल भारतीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं के लिए 549.95 करोड़ रुपये की राशि भेजने के लिए किया गया।

असम एनआरसी...

पोस्ट के संबंध में तहकीकात करे और यह सुनिश्चित करे कि ये पोस्ट वापस लिये जाएं। इस बीच केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया कि असम के एनआरसी में जिन लोगों का नाम शामिल किया गया है, लेकिन उनके बच्चों का उनमें नाम नहीं है, उन्हें फिलहाल उनसे अलग नहीं किया जाएगा। एटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने शीर्ष अदालत से यह वादा किया। एक गैर सरकारी संगठन की तरफसे दायर आवेदन में यह शिकायत की गई है कि डिटेंशन सेंटर में 60 बच्चों को इसलिए रखा गया है क्योंकि उनकी नागरिकता पर फैसला होना बाकी था। श्री शर्मा ने असम में रह रहे बांग्लादेशी मुसलमानों के बारे में पोस्ट किया है जिसकी कड़ी आलोचना हो रही है।

ट्रंप ने दी...

कर सरकार से अमेरिकी नेतृत्व में गठबंधन सेनाओं की सहायता लेने की समझौते को रद्द करने के लिए सरकार से आग्रह किया गया। इराक में इस वक्त लगभग पांच हजार अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। ये मुख्य रूप से स्थानीय सुरक्षा बलों के प्रशिक्षक और सलाहकार की भूमिका निभाते हैं। श्री ट्रंप ने कहा, हमारा इराक में एक असाधारण और कीमती एयरबेस है। इसे बनाने में हमारे अरबों डालर खर्च हुए हैं। हम उसे तब तक नहीं छोड़ने जा रहे हैं जब तक कि वे इस एयरबेस के बदले हमें पैसे नहीं दे देते हैं। अगर उन्होंने हमें यह हवाई अड्डा छोड़ने के लिए मजबूर किया तो हम उनके खिलाफ ऐसे कठोर प्रतिबंध लगाएंगे जिनका अब तक उन्होंने सामना नहीं किया गया होगा।

सेंसेक्स लुढ़का...

ट्रंप ने ईरान को चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि वह उसपर ऐसी पाबंदी लगाएंगे, 'जैसा उसने पहले कभी नहीं देखा होगा।' दोपहर 2.30 बजे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 154 लाख करोड़ रुपये था, जबकि शुक्रवार को बाजार बंद होते समय यह 157 लाख करोड़ रुपये था। पांच में से चार शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहा था, जबकि 229 शेयर खासकर स्मॉलकैप अपने लोअर सर्किट लिमिट को छू चुका था। सोमवार को शेयर बाजार पर अमेरिका तथा ईरान के बीच बढ़ रहे तनाव का बड़ा असर देखने को मिला।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि माना वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के रखरखाव एवं मरम्मत, सुधार कार्य दिनांक 07.01.2020 को सुबह 10.00 से शाम 04.00 बजे तक किया जावेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	33/11 के.व्ही. बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी	33/11 केव्ही उपकेन्द्र बोरियाकला से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"

असुविधा के लिए खेद है

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

(एस.के. शर्मा)
कर्म. संख्या 92516342
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 351/2019-20
वार्ड का नाम- गुरूगोविंद सिंह-34

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरूगोविंद सिंह-34 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ज.ग.नं.1348 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती रानी देवी उर्फ रानीबाई चावला w/o स्व. कक्कू राम चावला के नाम से दर्ज है, जिसको मेसर्स ए.बी.आर. आर्किटेक्चर एण्ड एसोसिएट्स प्रा.लिमि. द्वारा डाय. श्री मो. हमीदुल इसलाम s/o मो. बेलाल हुसैन रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 06/01/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 350/2019-20
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-42

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-42 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 42/बी-20 जलविहार कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती बेअंतकौर मनचंदा w/o स्व. गुरूचरण सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको बमलेश्वरी डेव्हलपर्स प्राय.लिमि. द्वारा श्री अमित कुकरेजा s/o स्व. जग्गूमल कुकरेजा रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 06/01/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-5
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 318 दिनांक28.12.19
वार्ड का नाम- डा. खूबचंद बघेल-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. खूबचंद बघेल वार्ड-67 स्थित भूमि 67/नया जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शारदा धनगर w/o महेश धनगर के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती अनिता गुप्ता w/o श्रवन गुप्ता ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-5
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 320 दिनांक 28.12.19
वार्ड का नाम- पं. दीनदयाल उपाध्याय-69

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड-69 स्थित भूमि 69/बी-1 जो कि निगम अभिलेख में श्री डा. सूर्यकांत भोयर s/o केशवदास भोयर के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्रीमती सुशीला भोयर w/o डा. सूर्यकांत भोयर 2. राहुल 3.आशीष s/o डा. सूर्यकांत भोयर ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-5
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 321 दिनांक 28.12.19
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे-68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड-68 स्थित भूमि 68/नया जो कि निगम अभिलेख में 1. श्री फत्तेलाल कृपाल 2. जागेश्वर प्रसाद s/o स्व. सोनूराम के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्री अश्वनी कुमार देवांगन s/o स्व. विनोद कुमार देवांगन 2. कमला बाई देवांगन w/o स्व. विनोद कुमार देवांगन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

HIGH COURT OF CHHATTISGARH : BILASPUR

district hudge (Entry Level) Direct Recruitment Examination 2020

Applications from Indian Citizens are invited in the cadre of Chhattisgarh Higher Judicial Service, In the pay scale of Rs.51550-1230-58930-1380-63070 (New interim pay scale:- in the 13-A pay matrix and pay level of Rs. 131100-216600), by direct recruitment from the Bar, Recruitment to these posts and conditions of service shall be governed by the Chhattisgarh Higher Hudicial Service (Recruitment and Conditions of Service), Rules 2006, as on the last date of submission of application forms.

Total Posts :- 22
(Unfilled/ Backlog/Carry forward vacancies of the year 2018) — (Unreserved- 18, Scheduled Castes-01, Scheduled Tribed- 03)

Qualification :- (As on 01.01.2020)
1) LL.B.
2) Has for atleast seven years been an advocate as on 01/01/2020.

Age :- (As on 01.01.2020) — He/ She has attained the age of 35 years and has not attained the age of 45 years on thr first day of January 2020.

Examination Fee :- Rs 700/- for Scheduled Castes, Scheduled Tribed and Other Backward Classes (non creamy layer) who are the bonafide residents of State of Chhattisgarh, and Rs. 1000/- for the condidates belonging to Unreserved Category and also for all the candidares belonging to Other States, Fee is to be deposited in the form of Challan only with SBI branches through Core Banking Network all over India. The original copy of Challan must be attached along with application form. Challan form is available along with applocation form on our website i.e. www.cghighcourt.nic.in

NOTE :-

1- Application in prescribed format must reach the Registry by 27/01/2020 till 5.00 PM.
2- Date of Written Examination 29/03/2020 (Sunday).

This is only for information. For datails please see our website i.e. www.cghighcourt.nic.in.

G-76084/8 **Registrar General**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

दीपिका संग रोमांस पर सिद्धांत को मिली धमकी

कुछ दिनों पहले नेपोटिजम पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने अनन्या पांडे को मजेदार जवाब दिया था। इसके बाद अनन्या और सिद्धांत पर कुछ मजेदार मीम्स भी बने थे। अब एक बार फिर सिद्धांत चर्चा में हैं क्योंकि अगली फिल्म में उन्हें दीपिका पादुकोण के साथ कास्ट किया गया है। कुछ दिनों पहले नेपोटिजम पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने अनन्या पांडे को मजेदार जवाब दिया था। इसके बाद अनन्या और सिद्धांत पर कुछ मजेदार मीम्स भी बने थे। अब एक बार फिर सिद्धांत चर्चा में हैं क्योंकि अगली फिल्म में उन्हें दीपिका पादुकोण के साथ कास्ट किया गया है। दीपिका के साथ कास्ट किए जाने पर सिद्धांत को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी भी मिली जिसका उन्होंने बहुत मजेदार जवाब दिया। दरअसल बताया जा रहा है कि अगली फिल्म में सिद्धांत का किरदार दीपिका से रोमांस करता नजर आएगा। इस पर एक यूजर ने सोशल मीडिया पर सिद्धांत को लिखा, 'भाई मैं तेरा खून कर दूंगा अब। तुझे दीपिका को रोमांस करने का मौका मिल गया।' इसके जवाब में सिद्धांत ने लिखा, 'ठीक है, क्या करूं यार? एक कर लेंगे रोमांस, फिर खून कर देना मेरा तू ही। उसे बाद मैं ऐसे ही मर जाऊंगा रोमांस करते करते उनको।' बता दें कि शकुन बत्रा की अगली फिल्म में सिद्धांत के साथ दीपिका पादुकोण और अनन्या पांडे को कास्ट किया गया है। इस बीच बता दें कि दीपिका अपनी आने वाली फिल्म 'छपाक' के प्रमोशन में बिजी हैं जो 10 जनवरी 2020 को रिलीज होने जा रही है। अनन्या इस समय ईशान खट्टर के साथ 'खाली पीली' की शूटिंग कर रही हैं।

दुबई में फैमिली के साथ मस्ती कर रहीं सनी

सनी लियोनी अपने पति डेनियल वेबर और बच्चों निशा कौर, अशर सिंह और नोआ सिंह के साथ दुबई ट्रिप पर हैं। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सनी लियोनी के सोशल मीडिया पर काफी संख्या में फॉलोवर हैं। वह आए दिन अपने फैंस के लिए विडियोज और फोटोज शेयर करती रहती हैं। फिलहाल वह अपने पति डेनियल वेबर और बच्चों निशा कौर, अशर सिंह और नोआ सिंह के साथ दुबई ट्रिप पर हैं। उन्होंने इस ट्रिप पर का विडियो और तस्वीर शेयर की हैं। सनी लियोनी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक विडियो शेयर किया है। इसमें वह स्केटिंग कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें उनके पति भी नजर आ रहे हैं।

QUIZ TIME

1) रात के समय आवासीय क्षेत्र में शोर का अनुमानित स्तर कितना होता है?

2) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान कहाँ अवस्थित है? (हैदराबाद / रायपुर)

3) 'कारतूस' कौन-सी भाषा का शब्द है?

(क) फारसी (ख) फ्रेंच (ग) डच (घ) पुर्तगाली

4) 'दही' शब्द का लिंग निर्धारण कीजिए:

(क) स्त्रीलिंग (ख) पुल्लिंग (ग) उभयलिंग

5) उज्बेकिस्तान में एशियन स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 45 डेसीबल (2) हैदराबाद (3) फ्रेंच (4) पुल्लिंग (5) आहिका राम

आज ही मेरे ससुरजी ने मुझे डांटा: दीपिका

बॉलिवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म 'छपाक' के प्रमोशन में जी-जान से जुटी हैं। फिल्म के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान नवभारतटाइम्स डॉट कॉम से हुई खास बातचीत में दीपिका ने फिल्म के अलावा अपने पर्सनल लाइफ, ससुराल के माहौल, बॉलिवुड में दोस्ती और महिलाओं के मी टाइम के बारे में खुलकर बातचीत की।

आज ही मेरे ससुरजी ने मुझे डांटा,वे मुझे इस बात के लिए डांट रहे थे कि उन्हें मुझसे मिलने का मौका ही नहीं मिलता है। वह कह रहे थे मैं कैसी बेटी हूं, जो उनसे मिलने का समय ही नहीं निकाल पाती हूं। उनकी यह डांट उसी अंदाज में थी, जिस अंदाज में मुझे मेरे पिता डांटते हैं। ससुरजी की डांट में मजाक और शिकायत दोनों बाते थीं। मेरे ससुरजी मुझे उसी तरह ट्रीट करते हैं, जैसे रणवीर की बहन यानी मेरी ननद रितिका को करते हैं। वे मुझे डांटते हैं, लेकिन प्यार भी बहुत करते हैं और कभी यह अहसास नहीं होने देते कि मैं उनकी बहु हूं। मेरे माता-पिता इस बात को लेकर बहुत खुश हैं कि मैं एक ऐसे खानदान में ब्याह के आई हूं, जहां बहु-बेटी में फर्क नहीं किया जाता है, माता-पिता को मुझे लेकर कोई चिंता नहीं है।

जेएनयू हिंसा:

आयुष्मान ने शेयर की कविता

'इंसानियत से बड़ा कुछ नहीं, धर्म नहीं, सियासत नहीं. धन नहीं, विरासत नहीं किसी की हो सोच नई, हो अलग तो अलग सही, पर तुझे उस सोच को नोचने का हक़ नहीं, यही भारत का लोकतंत्र है, और इसमें किसी को शक़ नहीं।' -आयुष्मान

दिल्ली की जवाहरलाल यूनिवर्सिटी में रविवार को नकाबपोश हमलावरों द्वारा की गई हिंसा ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जहां कई बॉलिवुड सिलेब्रिटीज रोष और दुख जता रहे हैं वहीं नैशनल अवॉर्ड पा चुके ऐक्टर आयुष्मान खुराना ने एक प्रेरणादायक कविता लिखकर शेयर की है। भारतीय लोकतंत्र पर लिखी इस कविता में आयुष्मान सहिष्णुता की बात करते दिखाई देते हैं। वैसे आयुष्मान इस समय अपनी पत्नी ताहिरा और बच्चों के साथ छुट्टियां बिताने के लिए यूएस गए हुए हैं। उनकी वकेशन पिक्स भी सोशल मीडिया पर सामने आई थीं।

केवल पुरुषों वाले बोर्ड में जा सकेंगी मुरुगप्पा ग्रुप की वारिस वल्ली अरुणाचलम!

अरुणाचलम न्यूयॉर्क में रहती हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी बहन और मैं पढ़े-लिखे हैं। हमारे पास अनुभव है। लिहाजा हमें बोर्ड में जगह मिलनी चाहिए।' अंबाडी इन्वेस्टमेंट्स के पास चेन्नई के 119 साल पुराने मुरुगप्पा ग्रुप की विभिन्न कंपनियों में 5 अरब डॉलर के शेयर हैं।

मुंबई। सौ साल से ज्यादा पुराने मुरुगप्पा ग्रुप की वारिसों में शामिल वल्ली अरुणाचलम इस ग्रुप की होल्डिंग कंपनी के बोर्ड में अपने पिता की जगह लेने के लिए 'अकेले लड़ाई' लड़ रही हैं। बोर्ड में केवल पुरुष मेंबर हैं। अरुणाचलम ने ईटी को न्यूयॉर्क से फोन पर बताया, 'हम यही चाहते हैं कि या तो हमें ग्रुप की होल्डिंग कंपनी अंबाडी इन्वेस्टमेंट्स में एक बोर्ड सीट दी जाए या कंपनी में हमारे स्टेक की फेयर मार्केट वैल्यू दी जाए।' अरुणाचलम न्यूयॉर्क में रहती हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी बहन और मैं पढ़े-लिखे हैं। हमारे पास अनुभव है। लिहाजा हमें बोर्ड में जगह मिलनी चाहिए।' अंबाडी इन्वेस्टमेंट्स के पास चेन्नई के 119 साल पुराने मुरुगप्पा ग्रुप की विभिन्न कंपनियों में 5 अरब डॉलर के शेयर हैं। इसके बोर्ड में परंपरागत रूप से परिवार के पुरुष सदस्यों को ही रखा जाता रहा है। अरुणाचलम ने कहा कि वह 'पूर्वाग्रहों से लड़ रही हैं' क्योंकि वह अपने पिता की वसीयत लागू

कराना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि होल्डिंग कंपनी में परिवार का 8 पर्सेंट स्टेक होने के नाते अंबाडी इन्वेस्टमेंट्स के बोर्ड में उनके पिता को जगह मिली थी और वही जगह वह हासिल करना चाहती हैं।

महिलाओं को मिले बराबर अधिकार

अरुणाचलम की बहन और मां सहित उनका परिवार इस मामले को परिवार के मुखिया 80 वर्षीय एम वी सुब्बैया के सामने ले गया है। उनकी मांग यह है कि महिला उत्तराधिकारियों को भी परिवार के कारोबार में बराबर के अवसर दिए जाएं, ठीक पुरुष उत्तराधिकारियों की तरह। न्यूक्लियर इंजिनियर अरुणालचम ने इस संबंध में परिवार के दूसरे सदस्यों से भी संपर्क किया है। अरुणाचलम ने ईटी को बताया, 'मेरे पिता ने वसीयत में साफलिखा था कि वह हमें बराबर अधिकार देना चाहते हैं और परिवार के बिजनेस में हमारी ब्रांच का प्रतिनिधित्व हमें देना चाहते हैं।'

2017 में वी मुरुगप्पन की का निधन हुआ था

उन्होंने कहा कि हिंदू उत्तराधिकार कानून भी परिवार का मुखिया बनने के महिला के अधिकार को मान्यता देता है। अरुणाचलम दिवंगत एम वी मुरुगप्पन की सबसे बड़ी बेटी हैं। एम वी मुरुगप्पन इस परिवार के 'कर्ता' थे। उनका सितंबर 2017 में निधन हो गया था।

हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली में महिला को कर्ता या परिवार का मुखिया नहीं बनाया जा सकता था क्योंकि उसके पास पुरुष के समान उत्तराधिकार के अधिकार नहीं होते थे। हालांकि हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) कानून 2005 के कारण यह व्यवस्था बदल गई क्योंकि इसने उत्तराधिकार के मामले में पुत्रियों को पुत्रों की तरह अधिकार दिए।

बीएस 6 इनोवा क्रिस्टा लॉन्च

कीमत 15.36 लाख से शुरू

नई दिल्ली। टोयोटा ने अपनी पॉप्युलर एमपीवी इनोवा क्रिस्टा का बीएस6 मॉडल लॉन्च कर दिया। बीएस 6 टोयोटा इनोवा क्रिस्टा के पेट्रोल मॉडल की शुरुआती कीमत 15.36 लाख और डीजल मॉडल की 16.14 लाख रुपये है। ये दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत हैं। बीएस 6 इंजन वाली इनोवा क्रिस्टा की बुकिंग शुरू हो गई है, जबकि डिलिवरी देश भर में अगले महीने से शुरू हो जाएगी। बीएस4 मॉडल के मुकाबले बीएस6 इंजन वाली इनोवा क्रिस्टा की कीमत 1.3 लाख रुपये तक बढ़ी है। बीएस6 पेट्रोल इंजन वाली इनोवा क्रिस्टा की कीमत वेरियंट्स के आधार पर 31 हजार से 63 हजार रुपये तक ज्यादा है। डीजल इंजन मॉडल के दाम में 59 हजार से 1.3 लाख रुपये तक का इजाफा हुआ है। वहीं, इनोवा क्रिस्टा टूरिंग स्पोर्ट मॉडल की कीमत 41 हजार से 1 लाख रुपये तक बढ़ी है।

बीएस -6 इंजन के साथ सुजुकी एक्सेस 125 लॉन्च

नई दिल्ली। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में अपने पहले बीएस-6 इंजन के साथ सुजुकी सक्सेस 125 को लॉन्च कर दिया है. दिल्ली में ड्रम ब्रेक्स और स्टील वेरिएंट वाले मॉडल की एक्स शोरूम कीमत 64,800 रुपये है. इसके टॉप स्पेक डिस्क ब्रेक के साथ एलॉय व्हील्स वेरिएंट की कीमत 69,500 रुपये है. सुजुकी एक्सेस 125 बीएस-6 के बेस मॉडल की कीमत 6,500 रुपये बढ़ गई है. इंजन को नए एमिशन नॉर्म्स के अनुरूप बनने के अलावा स्कूटर में कई नए फीचर्स भी दिए गए हैं. बीएस-6 मॉडल सुजुकी इको परफॉरमेंस टेक्नोलॉजी की मदद से 6,750 आरपीएम पर 8.7 पीएस पावर और 5,500 आरपीएम पर 10 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा।

एचडीएफसी बैंक ने किया 'हर गांव हमारा टोल-फ्री नंबर' लॉन्च

किसानों की फाइनेंशियल जरूरतें पूरी होंगी उनके द्वार पर

आज एचडीएफसी बैंक ने देश के ग्रामीण इलाकों में फाईनेंशल सेवाएं पहुंचाने के लिए किसानों एवं कृषिकर्मियों को समर्पित 'हर गांव हमारा' इंटरैक्टिव वॉईस रिस्पॉन्स (आईवीआर) टोल-फ्री नंबर (1800 120 9655) के लॉन्च की घोषणा की।

मुंबई। आईवीआर किसानों के लिए एक वन-स्टॉप कॉलिंग समाधान है, जिसके द्वारा वो फोन के माध्यम से बैंक से संपर्क कर बैंकिंग उत्पादों के बारे में जानकारी/बैंकिंग उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। टोल-फ्री आईवीआर सेवा द्वारा देश के किसान व कृशि समुदाय बैंक से कनेक्ट हो सकेगा। इसके लिए उन्हें 1800 120 9655 पर कॉल करके अपना पिन कोड क्रमांक बताना होगा। जिसके बाद किसान सीधे नजदीकी बैंक शाखा से जुड़ जाएगा और उसकी जरूरत को पूरा करने के लिए बैंक का प्रतिनिधि किसान के पास पहुंच जाएगा।

यह गतिविधि बैंक के 'हर गांव हमारा' अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत के दूरदराज के इलाकों तक पहुंचना एवं सरकार के वित्तीय समावेशन के उद्देश्य के अनुरूप विविध फाईनेंशल, डिजिटल उत्पादों एवं सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। इस प्रक्रिया में 'हर गांव हमारा' अभियान अर्द्धशहरी एवं बैंकिंग सेवाओं की कमी वाले इलाकों में औपचारिक बैंकिंग के लिए कृषि समुदाय के बीच एक समझ तथा सकारात्मक प्रक्रिया स्थापित करेगा। भारत के दो तिहाई लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और उनमें से अनेक को औपचारिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। एचडीएफसी बैंक इस अभियान द्वारा षहरों एवं गांवों के अंतर को दूर करने के लिए देश में अपने प्रयास मजबूत कर रहा है। राजिंदर बब्बर, बिज़नेस हेड - रूरल बैंकिंग ग्रुप, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ''हमारा उदेश्य बैंकिंग को हर किसान एवं कृषि समुदाय के द्वार तक पहुंचाना है। हमारा टोल-फ्री नंबर एचडीएफसी बैंक को गांवो के लिए प्रारंभ किए गए अपने उत्पाद व सेवाएं दूरदराज के गांवों तक पहुंचाने में मदद करेगा। एचडीएफसी बैंक विस्तृत उत्पाद श्रृंखला, तीव्र टर्न-अराउंड टाईम एवं डिजिटाईज़ेशन द्वारा इन इलाकों में मौजूद अवसरों का उपयोग करना चाहता है। हमारा मानना है कि ऐसे अभियान भारत के गांवों में रहने वाले ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर उनके घरों में संपन्नता लाएंगे।''

एनफील्ड को टक्कर देगी जावा पेराक

नई दिल्ली: इंडिया में रॉयल एनफील्ड का काफी क्रेज है. इसे काफी पसंद किया जाता है. लेकिन इसी टक्कर में एक दूसरी मोटर साइकिल भी है. इस मोटर साइकिल का नाम है जावा पेराक। भारत में हाल ही में लॉन्च हुई जावा पेराक की बुकिंग शुरू हो गई है. अगर आप भी इस बाइक को खरीदना चाहते हैं तो सिर्फ 10 हज़ार रुपये देकर आप इसे बुक कर सकते हैं।

स्पेसिफिकेशन और कीमत-

शानदार लुक के साथ साथ यह बाइक काफी पावरफुल भी है. इसमें 334 सीसी का सिंगल सिलिंडर इंजन है जो कि 5250 आरपीएम पर 30 बीएचपी की पावर और 4000 आरपीएम पर 31 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. चूंकि यह काफी पावरफुल है इसलिए युवाओं में काफी पसंद भी किया जा रहा है. इस बाइक को कंस्टेंट मैश 6 स्पीड गियरबॉक्स से लैस किया गया है. इसका ब्रेकिंग सिस्टम भी काफी बेहतरीन है. इसके फ्रंट में 280 एमएम डिस्क और रियर में 240 एमएम डिस्क ब्रेक दिया गया है. सस्पेंशन की बात करें तो इसके फ्रंट में टेलिस्कॉपिक हाइड्रॉलिक फॉर्क सस्पेंशन दिया गया है और रियर में मोनो शॉक एब्सॉर्बर, 7 स्टेप एडजेस्टेबल सस्पेंशन दिया गया है।

फाइनेंसियल रिपोर्टिंग अथारिटी करेंगी वित्त विशेषज्ञों की नियुक्ति

नई दिल्ली। वित्तीय मामलों की रिपोर्टिंग पर नजर रखने के लिये बनाई गई 'दि नेशनल फाइनेंसियल रिपोर्टिंग अथारिटी (एनएफआरए)' अपने कार्यबल को मजबूत बनाने के लिये वित्त और कानूनी क्षेत्र के सलाहकारों की नियुक्ति करेगी। लेखा परीक्षा यानी आडिट कार्यों की निगरानी के लिये बनाई गई। यह नियुक्ति एक साल के अनुबंध आधार पर होगी। प्राधिकरण द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि समीक्षा कार्य के लिये आडिट रिपोर्टों की पहचान और आंकड़ों के विश्लेषण, आरोप पत्र तैयार करने सहित अन्य कार्यों में इन लोगों की मदद ली जायेगी।

रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा 10 ग्राम सोने का भाव

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से विदेशी बाजारों के साथ स्थानीय बाजार में सोने और चांदी के दामों ने बड़ी छलांग लगाई। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 680 रुपये महंगा होकर 41,970 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। चांदी भी 1,000 रुपये चमककर चार महीने के उच्चतम स्तर 49,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। सोने-चांदी में लगातार चौथे कारोबारी दिवस तेजी दर्ज की गयी है। इनमें से 02 जनवरी के बाद तीन दिन में सोने की कीमत 1,620 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी की 1,850 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ चुकी है। कारोबारियों का कहना है कि विदेशों में रही तेजी के कारण स्थानीय बाजार में सोना-चांदी महँगी हुई है। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर आज 23.40 डॉलर बढ़कर 1,575.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव से निवेशकों ने सुरक्षित निवेशक मानी जाने वाली पीली धातु का रुख किया है। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 23.40 डॉलर चमककर 1,575.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चांदी हाजिर 0.32 डॉलर की बढ़त में 18.32 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 680 रुपये की छलाँग लगाकर 41,970 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही बढ़त में 41,800 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। आठ ग्राम वाली गिन्नी भी 400 रुपये की मजबूती के साथ 31,300 रुपये के भाव बिकी।

अध्यक्ष बनने के बाद गफ्फुमेमन का जगह-जगह स्वागत, वार्डवासियों में जबर्दस्त उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद अपने निर्वाचित वार्ड के मतदाताओ का आभार जताने निकले नवनिर्वाचित अध्यक्ष गफ्फु मेमन का लोगो ने जगह जगह आत्मीय स्वागत किया। अध्यक्ष चुने के जाने के बाद वे सीधे तिरंगा चैक से सदर रोड होते हुए सबसे पहले अपने निर्वाचित वार्ड क्रमांक 12 मे पहुचे। यहां उन्होने वार्डवासियो से मिलकर उनका आभार जताया। इस दौरान वार्डवासियो में भी जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला। वार्ड के महिला, पुरूष, युवा सभी ने आगे बढ़कर उत्साह के साथ गफ्फुमेमन का स्वागत किया और उन्हे जीत की बधाई दी। इस दौरान श्री मेमन एक एक कर वार्ड के सभी घरो में मतदाताओ पहुचकर मतदाताओ का अभिवादन किया। वार्डवासियो ने पुष्पमाला और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया तो कई जगहो में महिलाओ ने उनकी आरती उतारी वही युवाओ ने गले मिलकर जीत की बधाई दी।

आपने पार्षद नही अध्यक्ष चुना है, सेवक बनकर करूंगा विकास के कार्य - गफ्फुमेमन

अपने निर्वाचित वार्ड के मतदाताओ का आभार व्यक्त करने पहुचे श्री मेमन ने मतदाताओ से मिलकर कहा कि आपने केवल पार्षद ही नही बल्कि गरियाबंद नगर पालिका का अध्यक्ष भी चुना है। आप सब के विश्वास समर्थन, सहयोग और आर्शीवाद से पहले मै पार्षद बना और फिर नगर पालिका का अध्यक्ष बनने का सौभाग्य मिला है। मै विश्वास दिलाता हूॅ कि आप सब के बीच रहकर सेवक बनकर विकास के कार्य करूंगा, वार्ड के विकास के सबके साथ मिलकर योजना बनाई जाएगी और हर संभव कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होने कहा कि वार्ड की जो भी समस्या है उसका त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, पार्षद आसिफ मेमन, वंशगोपला सिन्हा, विष्णु मरकाम भी मौजुद थे। इस अवसर पर उनके साथ भीखु भाई मयाणी, घनश्याम सिन्हा, अनिल चंद्राकर, मुकेश दासवानी, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, विकास साहू, रिजवान मेमन, ललित पारख, सुमीत पारख, विजय सिन्हा, अमित ठक्कर, अफ्ताब हिगोरा, आमीन मेमन, आनंद ठाकुर, पहल सहारे सहित कई कार्यकर्ता मौजुद थे।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बजा, कांग्रेस-भाजपा हुए सक्रीय

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बजते ही जनपद पंचायत सदस्य सहित जिला पंचायत के पदों में अपने पार्टी समर्थित सदस्यों को चुनावी समर में उतारने दोनों प्रमुख दल कांग्रेस व भाजपा अपनी अपनी रणनीति के तहत काम करते दिखाई दे रहे है। कांग्रेस नेताओं ने अपने समर्थित उम्मीदवारों को साथ लेकर अपनी पकड़ जनपद क्षेत्रों में बढ़ाने का काम शुरु कर दिया है। सोमवार को डौण्डी जनपद पंचायत में डौण्डी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कौसर्य्य व उनकी टीम ने 15 जनपद सदस्यों को साथ लेकर नामांकन दाखिल किया। पूर्व सदस्य अनिल सुथार,रेवा रावटे, सुखित राणा, हरिश ठाकुर,घुणित गोटा, ललिता पोर्ते, वीरेंद्र तारम, उषा बघेल, उमेन्द्र कावड़े, चम्पी माहला, निर्मला चुरेन्द्र, सोनसी नेताम, अहिल्या मरकाम,हिरोन्दी उइके, बसंती दुग्गा सहित अन्य ने नामांकन फॉर्म जमा कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहा है। जिसमें दोनों पदों पर उनके अधिकांश सदस्य काबिज रहे हैं।

कांग्रेस के शीबू नायर अध्यक्ष और भाजपा के संतोष देवांगन उपाध्यक्ष बने

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। सोमवार 06 जनवरी को पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर पालिका कार्यालय परिसर दल्ली राजहरा में अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा रामसिंह ठाकुर द्वारा बालोद जिले के सबसे बड़े 27 वार्ड वाले नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के नव-निर्वाचित सभी 27 पार्षदों को शपथ दिलाई गई। दोपहर में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद हेतु पार्षदों के द्वारा किए गए मतदान में की गई मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के शीबू नायर व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा के संतोष देवांगन को रिटर्निंग ऑफिसर राम सिंह ठाकुर द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश ने नव निर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ,सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों व बुद्धिजीवियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण मंत्री छ.ग.शासन अनिला भेड़िया उपस्थित रहीं। इस अवसर पर निवृतमान अध्यक्ष काशीराम निषाद, पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष बिहारीलाल ठाकुर, रवि जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस दल्लीराजहरा अध्यक्ष संगीता नायर, जिला भाजपा अण्यक्ष कृष्ण कांत पंवार, मंडल अध्यक्ष महेश पाण्डेय, सौरभ लुनिया, एल्डरमेन प्रमोद तिवारी, ममता पाण्डेय, प्रशांत बोकड़े आदि मंचस्थ थे। संचालन गोविन्दराम साहू ने किया। नव-निर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण पश्चात अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद हेतु अपनाई जाने वाली चयन प्रक्रिया की पूरी जानकारी 27 पार्षदों कों नगर पालिका के सभागार में दी गई। इसके बाद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु नाम निर्देशन हेतु दावेदारों को फार्म दिया गया। भाजपा से अध्यक्ष पद हेतु वार्ड क्र. 24 के पार्षद भूपेन्द्र सिंह बॉबी छतवाल ने एवं उपाध्यक्ष पद हेतु वार्ड क्र. 10 के पार्षद संतोष देवांगन ने तथा कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष पद हेतु वार्ड क्र. 22 के पार्षद शीबू नायर ने एवं उपाध्यक्ष पद हेतु वार्ड क्र. 21 की पार्षद रूखसाना बेगम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। ज्ञात हो कि 27 वार्ड वाले नगर पालिका दल्लीराजहरा में न.पा..सरकार बनाने के लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद हेतु बहुमत क्रमशः 14-14 पार्षदों का मत चाहिए। जबकि नगर पालिका में भाजपा के 13 पार्षद, कांग्रेस के 09 पार्षद, निर्दलीय 3 पार्षद व 2 छमुमो के पार्षद जीतकर आए हैं।

सहकारी प्रशिक्षण व भ्रमण के लिए प्रतिनिधियों का दल रायपुर रवाना

- छग राज्य सहकारी संघ व बालोद जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण रायपुर में

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। छग राज्य सहकारी संघ व बालोद जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर में आयोजित दो दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण व शैक्षणिक कार्यक्रम में गुण्डरदेही व बालोद ब्लाक के प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों का दल सोमवार को स्पेशल बस से रवाना हुआ। राज्य सहकारी संघ व जिला सहकारी संघ अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता, संचालक किशोर कुमार साहू व जीवन लाल साहू ने बस को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। इन प्रशिक्षणार्थियों को सहकारिता के साथ-साथ उन्नत कृषि के विषय में इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय के डीन एसएस राव, सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी फर्टिलाइजर निर्माता इफ्को के प्रशिक्षक तथा राज्य सहकारी संघ के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय दिवस यह दल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय भ्रमण, छग के धान व्हेराइटियों का अवलोकन, हरियाली दीदी के छत पर बागवानी का अवलोकन करने के पश्चात जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन भ्रमण पश्चात वापसी के लिए रवाना होगा। इसी प्रकार डौण्डी लोहारा, डौण्डी व गुरुर ब्लाक के प्रतिनिधियों को 8 जनवरी प्रातः 7.30 पर रवाना होगा जो, 8 व 9 जनवरी को प्रशिक्षण व भ्रमण लाभ लेगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बढ़ी राजनैतिक सरगर्मी

डौण्डी। 7 विकासखंड डौण्डी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए राजनैतिक सरगर्मी तेज हो गई हैं। इस चुनाव में आरक्षण के चलते कई दिग्गजों के सपने भी टूटे तो कइयों को क्षेत्र भी बदलना पड़ रहा है। डौण्डी जनपद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। वहीं जनपद सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाले दिग्गजों में भारतीय जनता पार्टी की जिला पंचायत सदस्य अनिता कुमटी ने भी आज नामंकन फार्म भरा । जनपद क्षेत्र क्रमांक 01 से 4 प्रतयाशी क्षेत्र क्रमांक 02 से 5 प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 03 से 3 प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक04 से 07 प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक05 से 02 प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक06 से 03 प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 07 से 02 प्रत्याशी क्षेत्र 8 से 05 प्रत्याशी क्षेत्र 9 से 03प्रत्याशी क्षेत्र10 से 03 प्रत्याशी क्षेत्र 11 से03 प्रत्याशी क्षेत्र12 से 02प्रत्याशी क्षेत्र 13 से04 प्रत्याशी क्षेत्र 14 से 04प्रतयाशी क्षेत्र 15 से एकमात्र प्रत्याशी बसन्ती दूग्गा है। रिटर्निंग आफिसर प्रतिमा ठाकरे ने बताया कि आज नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन जनपद सदस्य के 15 पदों के लिए कुल 51 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया।

सोनिया गांधी के खिलाफ पूर्व में किये पोस्ट पर कांग्रेसी नाराज

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ पूर्व में किये पोस्ट को सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणी करने से नाराज जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अतीक कुरैशी व कंगला माझी महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश बाघमार सहित नगर के कांग्रेसी नेताओं नें जिला कलेक्टर व प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, नगरीय प्रशासन मंत्री,प्रभारी मंत्री, महिला बाल विकास मंत्री, संभायुक्त , संचालक, संयुक्त संचालक, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार को सोशल मीडिया के पोस्ट की छाया प्रति कापी के साथ शिकायत की व डौण्डी नगर पंचायत के उप अभियन्ता के आर बर्मन के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुये ज्ञापन सौंपा। दिए ज्ञापन में आरोप लगाते कहा कि उपअभियंता द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के बारे में काफी आपत्तिजनक पोस्ट किया गया हैं जो कि एक शासकीय कर्मचारी के मर्यादा के खिलाफ है। उनके द्वारा किये पोस्ट से सभी कांग्रेसजन की भावनाओं को बहुत आहत हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एल्डरमैन अश्वनी जायसवाल, अब्दुल शरीफ,रविकांत देशमुख, बलिराम धनकर सहित अन्य कांग्रेसी नेतागण उपस्थित थे।

आदिवासी विकास खंड डौंडी की बालिका ने बस्तर यूनिवर्सिटी में किया टॉप

डौंडी। विकास खंड डौंडी के सुदुर ग्राम आमाडूला मे रहने वाली कु.पियंका नेताम ने अपने जिले का कीया नाम रौशन छोटे से गांव मे रहने वाली युवती ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक से हायर सेकेंडरी तक गाँव के ही स्कुल मे की फीर कालेज की पढ़ाई करने के लिए कांकेर चली गयी जहा पर इसने हास्टल मे रहकर बीए की पढ़ाई की फीर हिन्दी साहित्य मे एम ए कीया जह66.93% अंक प्राप्त कीये जो पुरे बस्तर विश्वविद्यालय में टाप रहा।

ननकाना साहिब में हुए हमले की सभी वर्ग ने निंदा करते हुए पाकिस्तान का पुतला जलाया

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। पाकिस्तान में ननकाना साहेब में हुई घटना में कुछ शरारती के द्वारा पत्थर बजी की गई एवं सिक्खो को मार कर बहार निकालने की बात की गई एवं गुरूद्वारे का नाम बदल कर कुछ अलग रखने के की बात कही गई यह गुरुद्वारा गुरुनानक देव जी का जन्म स्थालीय गुरुद्वारा है एवं सिक्खो का तीर्थ स्थालीय गुरुद्वारा है जिसमे इस घटना समुच्य भारत में सिक्ख समाज के लोगो का रोस देखा गया है और भाटापारा के समस्त समाज के लोगो के द्वारा गोविन्द चौक में पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया जिसमे विश्व हिंदु परिषद् एवं बाबा अजित सिंग सेवा दल के द्वारा बस स्टेण्ड से मोटर साइकल रेली निकाली गई जो गोविन्द चौक में समाप्त हुई 7 गोविन्द चौक में पाकिस्तान के पुतले को जलाया गया एवं नारे बाजी की गई एवं पाकिस्तान को सन्देश दिया गया की पाकिस्तान होश में आओ अपनी ओछी हरकते बंद करो नहीं तो केवल सिख समाज के द्वारा ही पाकिस्तान का अस्तित्व मिटा दिया जायेगा 7 कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्व हिंदु परिषद , सिक्ख समाज ,सिंधी समाज ,जैन समाज ,ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज , छत्तीसगढ़ सिख फ्धरेशन , बाबा अर्जित सिंग सेवा दल आदि समाज के लोग सयुक्त रूप में उपस्थित थे ।

तहसीलदार प्रतिभा ढाकरे ने किया आमाडूला उपार्जन केन्द्र में 315 कट्टा धान जप्त

डौंडी। बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक के आमाडूला उपार्जन केन्द्र मे तहसीलदार प्रतिभा ठाकरे द्वारा औचक निरीकक्षण कर उपार्जन केन्द्र मे पुराने धान को बेचने के फीराक मे रखे गये 315 कट्टा धान की जप्ती की गयी। उपार्जन केन्द्र मे किसान बरातु राम धुर्वे पिता कार्तिक राम ग्राम आमाडूला से कीसान बन्नु राम पिता हगरू राम ग्राम मथेना से कीसान गिरधारी राम पिता थानु राम ग्राम किशनपुरी से व कीसान नंदलाल पिता हगरू राम से धान की जप्ती की कार्यवाही कर आमाडूला उपार्जन केन्द्र मे धान को सुपुर्द कर दिया। तहसीलदार प्रतिभा ठाकरे ने बताया की सुचना मीली थी की मंडी मे कोचिया लोगो का पुरा धान खपाने का प्रयास कीया जा रहा है जिसके चलते आमाडूला उपार्जन केन्द्र मे फूड इंस्पेक्टर हेमा नाग , मंडी इंस्पेक्टर के साथ पहुंच कर कार्यवाही की गई है आगे भी कारवाही जारी रहेगी।

नामांकन दाखिल करने कांग्रेस का शक्तिप्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबन्द। नामांकन दाखिल करने कांग्रेस ने झोंकी ताकत, लाव-लश्कर के साथ रैली की शक्ल में जिला पंचायत क्षेत्र 3 के प्रत्याशी गोरेलाल सिन्हा ने कलेक्ट्रेट पहुंच जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

उल्लेखनीय है कि 6 जनवरी सोमवार नामांकन का अंतिम दिन था, जिसको लेकर त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। जिससे कि जिला मुख्यालय का माहौल पूरी तरह से चुनावी हो चला था। वहीं दूसरी ओर नगरीय निकाय को लेकर अध्यक्ष का चुनाव भी था, ऐसे में चुनावी सरगर्मी अपने पूरे सबाब पर था।

मालूम हो कि 6 जनवरी नामांकन का आखिरी दिन था। इसको लेकर सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे हुए थे। इसी तारतम्य में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रत्याशी गोरेलाल सिन्हा और क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी संजय नेताम ने सैकड़ों की संख्या में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस भवन से पैदल मार्च करते हुए रैली की शक्ल में बाजे-गाजे और नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम धावड़े के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बैसाखू राम साहू, नरेंद्र देवांगन, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ममता राठौर, अमित मिरी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे। इसके साथ ही जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रत्याशी गोरेलाल सिन्हा के पक्ष में गांव-गांव से सैकड़ो की संख्या में समर्थक पहुंचे हुए थे।

सियासत | कांग्रेस की सुनीता अध्यक्ष त्रिलोक उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष में भाजपा से हुई क्रॉस वोटिंग

भाटापारा नगर पालिका में फिर से कांग्रेस का कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा नगरपालिका को आज नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिला गया। दोनों ही पदों पर कांग्रेस के प्रत्याशियो ने जीत दर्ज की। सदर वार्ड के दोनों ही मतदाता है। विजयी प्रमाण पत्र लेने के कांग्रेसजनों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए जुलस निकाल कर लोगो के प्रति आभार जताया।

नगरपालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए सोमवार को निर्धारित समय में पीठासीन अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने नगरपालिका भवन में सभी 31 पार्षदों को शपथ दिलाई। तत्पश्चात अध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से सुभाष वार्ड की पार्षद नीतू सुनील यदु ने अपना नामांकन भरा वही कांग्रेस की ओर से सदर वार्ड की सुनीता गुप्ता ने नामांकन भरा। निर्धारित समय पर पीठासीन अधिकारी ने वोटिंग कराई जहाँ कांग्रेस की सुनीता गुप्ता को 16 वोट तथा भाजपा की नीतू यदु को 14 वोट मिले जबकि 1 वोट निरस्त हो गया। इस तरह अध्यक्ष के लिए सुनीता को निर्वाचित घोषित किया गया।

उपाध्यक्ष पद के लिए चली प्रक्रिया में भाजपा से मुंशी इस्माइल वार्ड के पार्षद पुरषोत्तम यदु ने नाम निर्देशन फार्म भरा वही कांग्रेस की और से नेहरू वार्ड के पार्षद त्रिलोक सिंह सलूजा ने फार्म जमा किया । निर्धारित समय पर हुए मतदान में भाजपा के पुरषोत्तम को भी 14 वोट ही मिला वही कांग्रेस के त्रिलोक सिंह को 17 वोट मिला,इस तरह कांग्रेस के त्रिलोक को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। विदित हो की पार्षद चुनाव परिणाम पश्चात कांग्रेस को 13 और भाजपा को 14 पार्षद मिले थे तथा 4 निर्दलीय थे जिसमे 1 पार्षद ने जीत पश्चात भाजपा का दामन थाम लिया था और उनके पास 15 पार्षद हो गए थे और आज हुए मतदान में भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के दावेदारो को 14,,14 वोट ही मिला। जबकि उनको 15 ,,15 वोट मिलना था ,ऐसे में लोगो के बिच क्रॉस वोटिंग की चर्चा शहर में जमकर हो रही है। निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस का साथ दिया और उनके सहयोग से कांग्रेस ने पालिका में कब्जा जमा लिया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही सदर वार्ड के मतदाता थे। दोनों ने निर्वाचन प्रमाण पत्र लेने के बाद जुलुस निकाला जिसमे अधिकांश कांग्रेस जन शामिल हुए। आज सुबह से ही इस चुनाव को लेकर पालिका के सामने काफी भीड़ जमा थी।

जिला पंचायत 6 से छठनी टेकसिंग धुव ने भरा नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन के लिए आज आखरी तारीख होने के कारण काफी संख्या में दावेदारो के द्वारा नामांकन दाखिल किये जाने की संभावना है वही पूर्व जिला पंचायत सभापति और आदिवासी नेता टेकसिंग ध्रुव की पत्नी छठनी ध्रुव आज अपना नामांकन क्षेत्र क्रमाक 6 से दाखिल करेंगी। पंचायत चुनाव लड़ने वालो के लिए आज 6 तारीख नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिवस है और सम्भावना है की आज काफी संख्या में दावेदार अपना नामांकन भरेंगे।पंच, सरपंच,जनपद सदस्य सहित जिला पंचायत सदस्य के वैसे तो पूर्व में अनेको ने नामांकन तो भर दिया है वही आज भी मुहूर्त देख कर नाम निर्देशन फार्म जमा किया जायेगा। जिला पंचायत के सभापति टेकसिंग ध्रुव अपना क्षेत्र महिला के लिए होने के कारण अपनी पत्नी छठनी ध्रुव को क्षेत्र क्रमाक 6 से जिला पंचायत का आज फार्म भरवा रहे है। विदित हो की उक्त क्षेत्र 36 पंचायत के 41 गाँव आते है जिनमे करही, मोपका, भोथीडीह, धनेली,पाटन, गुडेलिया, खैरा, पासिद् जैसे बड़े गाँव आते है। आज अंतिम दिवस को देखना होगा की जनपद के लिए कौन कौन ने अपना नाम दाखिल किया।

न्यूज गैलरी

मुंबई के आदित्य और वेदांत को सिंगापुर शतरंज में पदक

मुंबई। मुंबई के आदित्य पाटिल और वेदांत कार्तिक ने प्रतिष्ठित सिंगापुर शतरंज प्रतियोगिता में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। सिंगापुर में रविवार को समाप्त हुए इस टूर्नामेंट में 15 देशों के 663 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सोमवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार एशियाई स्कूल खेलों के रजत पदक विजेता पाटिल ने अंडर-नौ वर्ग में रजत पदक जीता। मलेशिया के यी हाओ लूंग ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कार्तिक ने अंडर-7 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इस वर्ग में 96 खिलाड़ी भाग ले रहे थे। यह कार्तिक का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है।

अनाहत फाइनल में शीर्ष वरीय खिलाड़ी से हारी

बर्मिंघम। भारत की अनाहत सिंह को ब्रिटिश जूनियर स्क्वाश टूर्नामेंट में लड़कियों के अंडर-13 वर्ग के फाइनल में सोमवार को मिस्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त अमीना ओर्फी से हार का सामना करना पड़ा। मिस्र की भविष्य की खिलाड़ी मानी जा रही अमीना ने अनाहत के खिलाफ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और फाइनल को एकतरफा बना दिया। उन्होंने यह मैच 11-0, 11-1, 11-4 से जीता। अनाहत ने सेमीफाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त जान्ना गलाल को हराया था। इससे पहले लड़कों के अंडर-19 सेमीफाइनल में भारत के वीर चोटरानी को शीर्ष वरीयता प्राप्त मुस्तफा अल सिर्ती से हार का सामना करना पड़ा। वीर ने पहला गेम जीता लेकिन मिस्र के खिलाड़ी ने आखिर में 7-11, 11-2, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की।

पीठ की चोट से किर्गियोस एटीपी कप से बाहर

ब्रिस्बेन। आस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने रविवार को पीठ में दर्द के कारण ब्रिस्बेन में कनाडा के खिलाफ एटीपी कप मुकाबले से हटने का फैसला किया। अब उनकी जगह आस्ट्रेलिया के तीसरे नंबर खिलाड़ी जान मिलमैन लेंगे जो अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे। जर्मनी के खिलाफ शुरूआती मुकाबले तक किर्गियोस शानदार फार्म में थे।

कैंप ट्रेनिंग का स्तर बढ़ाने पर करेंगे फोकसः कोच

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच शोर्ड मारिन इस महीने के अंत में होने वाले न्यू जीलैंड के आगामी दौरे की तैयारियों के लिए आयोजित 17 दिवसीय शिविर के दौरान ट्रेनिंग का स्तर बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच शोर्ड मारिन इस महीने के अंत में होने वाले न्यू जीलैंड के आगामी दौरे की तैयारियों के लिए आयोजित 17 दिवसीय शिविर के दौरान ट्रेनिंग का स्तर बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। हॉकी इंडिया ने शिविर के लिए 25 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की।

मार्च में चार दिवसीय टेस्ट के प्रस्ताव पर चर्चा करेगी आईसीसी

इंदौर। भारतीय कप्तान विराट कोहली सहित दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ियों की आलोचना के बावजूद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की क्रिकेट समिति मार्च में चार दिवसीय टेस्ट के प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। खेल की संचालन संस्था की क्रिकेट समिति के प्रमुख पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने बताया कि 27 से 31 मार्च तक दुबई में होने वाली आईसीसी की अगले दौर की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी। कुंबले ने कहा, 'मैं समिति का हिस्सा हूं इसलिए मैं फिलहाल आपको नहीं बता सकता कि इसके

बारे में मेरी सोच क्या है। हम बैठक में इस पर चर्चा करेंगे और आपको बताएंगे।' ऐंड्रू स्ट्रॉस, राहुल द्रविड़, महेला जयवर्धने और शॉन पोलाक जैसे पूर्व खिलाड़ी भी क्रिकेट समिति में शामिल हैं। यह प्रस्ताव 2023 से 2031 के सत्र के लिए रखा गया है लेकिन खेल के कई महान खिलाड़ियों ने इसकी आलोचना की है जिसमें कोहली, सचिन तेंडुलकर और रिकी पॉन्टिंग भी शामिल हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के सदस्य बोर्ड हालांकि इस प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तैयार हैं जबकि बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली ने कहा है कि इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, 'आप सिर्फ दर्शकों की संख्या, मनोरंजन और ऐसी ही कुछ दूसरी बातें कर रहे हो। मुझे लगता है कि फिर आपका इरादा सही नहीं होगा क्योंकि फिर आप तीन दिवसीय टेस्ट की बात करोगे। मेरा मतलब है कि यह सब कहां खत्म होगा। फिर आप कहोगे कि टेस्ट क्रिकेट खत्म हो रहा है।' ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष स्पिनर नाथन लियोन ने भी इस प्रस्ताव को 'बकवास' करार दिया था जबकि पॉन्टिंग भी चार दिवसीय टेस्ट के पक्ष में नहीं हैं। हालांकि कुछ खिलाड़ी चार दिवसीय टेस्ट के पक्ष में भी हैं जिसमें शेन वॉर्न, मार्क टेलर और माइकल वॉन शामिल हैं।

■ गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफतीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मैच से पूर्व कोहली ने इस मुद्दे पर अपनी राय स्पष्ट कर दी थी। कोहली ने कहा था, 'मेरे हिसाब से, इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। जैसा कि मैंने कहा कि दिन-रात्रि मुकाबला टेस्ट क्रिकेट के व्यावसायीकरण की तरफएक और कदम है। इसके लिए रोमांच पैदा करना अलग बात है लेकिन इसमें ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जा सकती।'

भारत बनाम श्रीलंका | भारत को हराने के लिए श्रीलंका टीम ने बनाया गेम प्लान

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगीः परेरा

गुवाहाटी। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा ने स्वीकार किया है कि उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि अगर भारत को टी20 सीरीज में हराना है तो टीम के सीनियर खिलाड़ियों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। श्रीलंका की क्रिकेट टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और कुमार संगकारा तथा महेला जयवर्धने जैसे दिग्गजों की जगह नए खिलाड़ियों को तैयार करने में उसे जूझना पड़ रहा है। श्रीलंका की ओर से 18 टेस्ट, 98 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 43 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले परेरा ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में मेरे प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में मैंने पिछली सीरीज ऑस्ट्रेलिया में खेली। वहां मैं अच्छा खेला लेकिन उम्मीद के मुताबित प्रदर्शन नहीं कर पाया। इसलिए इस सीरीज में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदशन करने की कोशिश करूंगा।' परेरा ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा, 'हमें टीम के रूप में एकजुट होकर खेलने की जरूरत है। बेशक सीनियर खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा लेकिन

अच्छी चीज यह है कि टीम में कुछ युवा गेंदबाज और बल्लेबाज भी हैं।' भारत और श्रीलंका के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रविवार को यहां बिना गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। मैच 7 बजे शुरू होना था और टॉस भी टाइम पर हो गया था, लेकिन मैच शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले बारिश आ गई। बारिश तो हालांकि रुक गई, लेकिन पिच को सुखाया नहीं जा सका और अंततः मैच को रद्द करना पड़ा।

मैच शुरू होने से पहले हुई बारिश

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था लेकिन खेल शुरू होने से कुछ देर पहले तेज बारिश शुरू गई। बारिश थमने के बाद पिच पर कुछ गीले स्थान बन गए, जिन्हें सुखाने के लिए स्त्री करने वाला प्रेस और हेयर ड्रायर सहित विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया। चोटिल होने के कारण पिछले कुछ महीनों से बाहर चल रहे बुमराह को भारत ने अंतिम एकादश में रखा था। इस तेज गेंदबाज का यह वेस्ट इंडीज के खिलाफकिंग्सटन में टेस्ट मैच के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मैच होता लेकिन उनका इंतजार अब मंगलवार तक बढ़ गया है जब ये दोनों टीमें इंदौर में दूसरा टी20 मैच खेलने के लिए उतरेंगी। श्रीलंका टी20 में सातवें, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में आठवें और टेस्ट क्रिकेट में छठे नंबर की टीम है जबकि भारत टी20 रैंकिंग में पांचवें, एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे और टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष पर काबिज है।

केकेआर की नई भर्ती टॉम बैंटन ने किया धमाल, 5 गेंदों पर 5 छक्के

टॉम बैंटन ने इंग्लैंड के लिए एक टी20 इंटरनैशनल मैच खेला है। बीबीएल में बैंटन ने सिर्फ 16 गेंदों पर हाफसेंचुरी लगाई जो इस लीग की दूसरी सबसे तेज हाफसेंचुरी है।

सिडनी। बिग बैश लीग 2019-20 में टॉम बैंटन ने लगातार पांच छक्के लगाकर कमाल कर दिया। बैंटन को इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। सोमवार को सिडनी शोग्राउंड स्टेडियम में उन्होंने धमाकेदार बल्लेबाजी की। उनकी टीम ब्रिसबन हीट ने बैंटन और कप्तान क्रिस लिन की तेज बल्लेबाजी के दम पर मजबूत शुरुआत की। बैंटन ने सिडनी थंडर्स के बोलर अर्जुन नायर के ओवर में लगातार पांच छक्के लगाए। बारिश के कारण इस मैच को आठ-आठ ओवर का कर दिया गया था। नायर ने इसमें सिर्फ एक ही ओवर फेंका।

बैंटन ने सिर्फ 16 गेंदों पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। यह बीबीएल में दूसरी सबसे तेज हाफ सेंचुरी है। 21 वर्षीय बैंटन 19 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने दो चौके और सात छक्के लगाए। उनकी पारी के दम पर ब्रिसबन की टीम ने 8 ओवरों में 119 रनों का स्कोर खड़ा किया। सिडनी थंडर्स को 5 ओवरों में डकवर्थ लुईस नियम के तहत 77 रनों का



लक्ष्य मिला। उनकी टीम चार विकेट पर 61 रन ही बना सकी और ब्रिसबन की टीम ने 16 रनों से मैच जीत लिया।

इंग्लैंड की ओर से टी20 इंटरनैशनल खेल चुके बैंटन ने पहली ही गेंद से विपक्षी टीम पर हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने मैच की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इतना ही नहीं तेज गेंदबाज पर रिवर्स हिट लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। बैंटन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक करोड़ रुपये में खरीदा है। केकेआर ने क्रिस लिन को रिलीज किया है ऐसे में उम्मीद है कि बैंटन को पारी की शुरुआत करने का मौका मिलेगा।

प्रजनेश गुणेश्वरन की जीत से शुरुआत, रामकुमार रामनाथन पहले दौर में हारे

प्रजनेश ने इस 1,62,480 डॉलर की इस इनामी एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ी जैसन कुबलर को 7-5, 6-3 से पराजित किया।

बेंडिगो। भारत के टेनिस प्लेयर प्रजनेश गुणेश्वरन ने 2020 के सत्र की जीत से शुरुआत की लेकिन रामकुमार रामनाथन सोमवार को यहां एपिस कैनबरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत के शीर्ष रैंकिंग के एकल खिलाड़ी और विश्व में 122वें नंबर के प्रजनेश ने इस 1,62,480 डॉलर इनामी एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले

स्थानीय खिलाड़ी जैसन कुबलर को 7-5, 6-3 से पराजित किया। बाएं हाथ के भारतीय खिलाड़ी ने एटीपी एकल तालिका में 257 नंबर पर काबिज कुबलर को एक घंटे 28 मिनट में हराया। उन्होंने चार बार अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी और दो बार अपनी सर्विस भी गंवाई। प्रजनेश का सामना अब जापान के 13वें वरीय तारा डेनियल से होगा जिनकी विश्व रैंकिंग 106 है। रामकुमार हालांकि पहले दौर में ही फिनलैंड के एमिल रूसुवोरी से 6-3, 2-6, 3-6 से हार गए।

कार्तिकेयन जापानी सुपर ग्रां प्री चैंपियनशिप से हटे

तोक्यो। भारत के पहले फार्मूला वन चालक नरेन कार्तिकेयन ने स्पोर्ट्स कार रेसिंग के पहले सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद सोमवार को जापानी सुपर ग्रां प्री चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की। इस 42 वर्षीय चालक ने दो दशक तक एकल सीट वाली कार चलाने के बाद पिछले साल स्पोर्ट्स कार रेसिंग में हाथ आजमाया था। उन्होंने नवंबर में फुजी स्पीडवे में सुपर जीटी एक्स डीटीएम ड्रीम रेस जीतकर सत्र का शानदार अंत किया था। वह इससे पहले की रेस में भी दूसरे स्थान पर रहे थे। कार्तिकेयन ने पीटीआई से कहा कि वह नयी चुनौतियों को तलाश रहे हैं जिनमें फ्रांस के ली मैन्स में 24 आवर्स रेस भी शामिल है।

पत्नी और बेटी के कारण जीवन में काफी अच्छी स्थिति में हूंः रोहित

नई दिल्ली। भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा के लिए 2019 काफी सफल रहा जिसमें वह टेस्ट सलामी बल्लेबाज की भूमिका में भी सफल रहे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर 2019 में सभी प्रारूपों में 2442 रन बनाने वाले रोहित ने कहा कि अब खेल को लेकर उनकी सोच बदल गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 12 साल बिताने वाले रोहित ने कहा, 'मैं क्या सोचता हूं इसे लेकर मैं अलग तरह का रोहित हूं। अपने परिवार- मेरी पत्नी (रितिका) और बेटी (समाइरा)- के कारण मैं अपने जीवन में काफी अच्छी स्थिति में हूं। मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं कि बाकी लोग क्या बातें कर रहे हैं।' अपने करियर के दौरान सराहना और आलोचना

दोनों का सामना करने वाले 32 साल के रोहित ने कहा कि वह अब आलोचनाओं के बारे में अधिक नहीं सोचते। उन्होंने कहा, 'उन्होंने (पत्नी और बेटी ने) मेरे जीवन को प्यार और खुशी से भर दिया है और मैं इसी में रहने का प्रयास करता हूं। यह नहीं सोचता कि कोई मेरे बारे में क्या टिप्पणी कर रहा है।'

रोहित ने कहा, 'मैं उस उम्र को पार कर गया हूं कि किसी के मेरे बारे में अच्छा या बुरा कहने पर प्रतिक्रिया दूं। ईमानदारी से कहूं तो अब यह अधिक मायने नहीं रखता।' साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में शुरुआत करते हुए रोहित ने दोहरा शतक जड़ा था जिससे भारत को वह लय मिली जिसकी उसे वीरेंदर सहवाग के जाने के बाद लंबे अर्से से तलाश थी।

टूर्नामेंट | वोज्नियाकी ने जापान की नाओ हिबिनो और मिकोतो निनोमिया को 6-2, 6-4 से हराया

सेरेना और वोज्नियाकी ने पहला युगल मैच जीता

अमेरिकी दिग्गज टेनिस प्लेयर सेरेना ने 2015 के बाद बड़ी बहन वीनस के अलावा किसी अन्य के साथ युगल नहीं खेला था और WTA टूर्नामेंट में वह 2002 के बाद पहली बार वीनस को छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी के साथ युगल खेलने के लिए उतरीं।

ब्रिसबेन। वे बहुत अच्छी सहेलियां हैं, एकल में वर्ल्ड की नंबर-1 खिलाड़ी रही हैं और सोमवार को वे युगल जोड़ीदार भी बन गई। हम बात कर रहे हैं सेरेना विलियम्स और कैरोलिन वोज्नियाकी की जिन्होंने ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में पहले दौर के मैच में जीत दर्ज की। सेरेना और वोज्नियाकी ने जापान की नाओ हिबिनो और मिकोतो निनोमिया को 6-2, 6-4 से हराया। यह मैच ऐतिहासिक था।

इन दोनों ने मिलकर 24 ग्रैंडस्लैम और 102 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं। सेरेना ने इसके अलावा 23 एकल ग्रैंडस्लैम खिताब भी हासिल किए हैं। इसके अलावा उनके नाम 14 युगल ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल हैं। सेरेना ने 2 मिक्स्ड ग्रैंडस्लैम डबल्स खिताब भी जीते हैं। उन्होंने अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ मिलकर तीन ओलिंपिक मेडल भी जीते हैं। सेरेना ने 2015 के बाद वीनस के अलावा किसी अन्य के साथ युगल नहीं खेला था और डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में तो वह

2002 के बाद पहली बार वीनस को छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी के साथ युगल खेलने के लिए उतरीं। वोज्नियाकी ने भी पिछले तीन साल से युगल मैच नहीं खेला था लेकिन इन दोनों की दिली इच्छा थी कि वे युगल में जोड़ी बनाएं और सोमवार को उनकी यह तमन्ना पूरी हो गई।

- ■ सेरेना और वोज्नियाकी ने ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में पहले दौर के मैच में जीत दर्ज की
- ■ दुनिया की दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों में शुमार सेरेना, 23 एकल ग्रैंडस्लैम खिताब भी हैं नाम
- ■ सेरेना ने अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ मिलकर तीन ओलिंपिक मेडल भी जीते हैं

61 के हुए कपिल देव, दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के नाम 131 टेस्ट में कुल 5248 रन और 434 विकेट दर्ज हैं। वहीं, 225 वनडे में उन्होंने 3783 रन बनाने के अलावा 253 विकेट झटके हैं।

भारत को अपनी कप्तानी में पहली बार वर्ल्ड कप दिलाने वाले दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव सोमवार को 61 साल के हो गए। भारत के लिए 131 टेस्ट, 225 वनडे इंटरनैशनल मैच खेलने वाले इस ऑलराउंडर को सोशल मीडिया पर सचिन तेंडुलकर, वीवीएस लक्ष्मण, शिखर धवन समेत दिग्गजों ने शुभकामनाएं दीं। दिग्गज सचिन ने ट्विटर पर लिखा, 'कपिल पाजी, आने वाला साल बेहतरीन रहे और आप स्वस्थ रहें।' उन्होंने कपिल देव के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर भी

शेयर की। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने भी कपिल को इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। 6 जनवरी 1959 को चंडीगढ़ में जन्मे कपिल ने पाकिस्तान के खिलाफअक्टूबर 1978 में अपने करियर का पहला इंटरनैशनल मैच खेला। कपिल देव के नाम 131 टेस्ट में कुल 5248 रन और 434 विकेट दर्ज हैं। वहीं, 225 वनडे में उन्होंने 3783 रन बनाने के अलावा 253 विकेट झटके हैं।

कवर्धा नगर पालिका
के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष
भाई जमील खान को
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...

नगर पालिका परिषद कवर्धा
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
भाई ऋषि शर्मा को
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
आर.के. चौहान
पी.एच.ई. कॉन्ट्रेक्टर
कवर्धा, जिला- कबीरधाम

नगर पालिका कवर्धा
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
भाई ऋषि शर्मा को
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
ऋषि शर्मा
नगर पालिका नवनिर्वाचित
अध्यक्ष कवर्धा, जिला- कबीरधाम